# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | जबलपुर, रविवार 22 जून 2025




## देहरादून में राष्ट्रपति मुर्मू

11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजधानी देहरादून की पुलिस लाइन में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने योगाभ्यास कर उत्तराखंड का मान बढ़ाया। कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) और कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल भी मौजूद रहे

### योग गुरु स्वामी रामदेव, दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा समेत हजारों लोगों ने दी श्रद्धांजलि

# वैदिक रीति रिवाज के साथ माता परमेश्वरी देवी पंचतत्व में विलीन

अनेक राजनेताओं, सामाजिक संगठनों तथा साधु-संतों ने माता परमेश्वरी देवी जी को श्रद्धांजलि दी

## उनके बड़े बेटे कैप्टन रूद्रसेन सिंधु ने उन्हें मुखाग्नि दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

वैदिक पथ के पथिक स्व.चौधरी मित्रसेन जी की धर्मपत्नी माता परमेश्वरी देवी जी का अंतिम संस्कार शनिवार को गांव खांडा खेड़ी में भारत मित्र स्तंभ के पास वैदिक रीति रिवाज के साथ किया गया। उनके बड़े बेटे कैप्टन रूद्रसेन सिंधु ने उन्हें मुखाग्नि दी। इससे पहले श्रद्धांजलि देने पहुंचे योग गुरु स्वामी रामदेव स्वयं माता परमेश्वरी देवी के पार्थिव शरीर को उनके बेटों के साथ कंधा देते हुए वेदी तक लेकर गए। स्वामी रामदेव के अलावा आचार्य बालकृष्ण, दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा, हरियाणा विस के डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिढ़ा, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, सांसद धर्मवीर सिंह सहित अनेक राजनेताओं, सामाजिक संगठनों तथा साधु-संतों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

माता परमेश्वरी देवी जी का अंतिम संस्कार शनिवार को गांव खांडा खेड़ी में भारत मित्र स्तंभ के पास वैदिक रीति रिवाज के साथ किया गया




### स्वामी रामदेव व सभी बेटों ने डाली अंतिम 5 आहुतियां

*स्वर्गीय चौधरी मित्रसेन आर्य की समाधि के बराबर ही वैदिक रीति रिवाज से उन्हें पंचतत्व में विलीन किया गया। मंत्रोच्चारण पदमश्री आचार्या डॉ. सुकामा व उनकी टीम ने किया। आखिर की पांच आहुति स्वामी रामदेव, कैप्टन रूद्रसेन सिंधु, वीरसेन, वृतपाल सिंधु, कैप्टन अभिमन्यु, मेजर सत्यपाल व देव सुमन ने डाली।*

### इन्होंने भी दी श्रद्धांजलि

माता परमेश्वरी देवी को श्रद्धांजलि देने वालों में प्रमुख रूप से सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष स्वामी आर्यवेश, स्वामी आदित्यावेश, स्वामी प्रणवानंद, स्वामी संपूर्णानंद, स्वामी धनंजय, आचार्य विजयपाल, आचार्य वेदनिष्ठ, दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा, डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिढ़ा, सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी, सांसद धर्मबीर सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, पूर्व मंत्री ओमप्रकाश धनखड़, पूर्व मंत्री बिजेंद्र बिल्लू, विधायकगण,, भाजपा जिला अध्यक्ष, आदि शामिल थे।



## अहमदाबाद में गृहमंत्री शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित योग सत्र में भाग लिया



## दिल्ली के कर्तव्य पथ पर जेपी नड्डा

दिल्ली के कर्तव्य पथ पर योग दिवस कार्यक्रम में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा पहुंचे। नड्डा ने कहा कि दुनिया में योग चेतना बढ़ी है। योग ने लोगों के जीवन में बदलाव किया है। योग ने सकारात्मक योगदान किया है। योग आत्मा और परमात्मा का जुड़ाव है



## राजनयिकों के साथ जयशंकर

दिल्ली में विदेश मंत्री एस. जयशंकर भारत में दुनिया भर के राजनयिक मिशनों के गणमान्य व्यक्तियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित योग कार्यक्रम में शामिल हुए






### मोदी ने विशाखापत्तनम में 3 लाख लोगों और 40 देशों के राजनयिकों के साथ योग किया

# पीएम बोले-तनाव से गुजर रही दुनिया के लिए योग पॉज बटन जैसा, 191 देशों में 1,300 जगह कार्यक्रम

## योग को सिर्फ पर्सनल प्रैक्टिस न बनाएं, बल्कि ग्लोबल पार्टनरशिप का माध्यम बनाएं। योग को लोकनीति का हिस्सा बनाएं



- **भारत विश्व में योग के प्रसार के लिए योग विज्ञान में आधुनिक रिसर्च को बढ़ावा दे रहा**
- **आज 'हील इन इंडिया' का मंत्र भी दुनिया में काफी पॉपुलर हो रहा**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली/विशाखापत्तनम

दुनियाभर में शनिवार को 11वां योग दिवस मनाया गया। पीएम नरेंद्र मोदी ने विशाखापत्तनम में 3 लाख लोगों और 40 देशों के राजनयिक के साथ योग किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि योग का मतलब होता है-जोड़ना। और ये देखना सुखद है कि कैसे योग ने पूरी दुनिया को जोड़ा है। उन्होंने कहा कि आज जब दुनिया में अशांति, तनाव और अस्थिरता बढ़ रही है, तो योग शांति की दिशा दिखाता है। यह पॉज बटन जैसा। पीएम के साथ आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने भी योग किया। इस बार की योग की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' है। इंडियन काउंसिल फॉर कल्चर रिलेशन्स के मुताबिक, 191 देशों में 1,300 जगहों पर 2,000 से ज्यादा योग कार्यक्रम हुए।

आंध्र प्रदेश ने 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड' बनाया

### 50 लाख से ज्यादा योग प्रमाणपत्र भी बांटे गए

इसी के साथ आंध्र प्रदेश सरकार गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। प्रोग्राम में 50 लाख से ज्यादा योग प्रमाणपत्र भी बांटे गए। आंध्र प्रदेश सरकार ने भी योग आंध्र अभियान शुरू किया है। इसका मकसद है राज्य में 10 लाख लोगों की रोजाना योग करने वाली कम्युनिटी बनाना है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने कही 5 बड़ी बातें

**1. योग करोड़ों लोगों के जीवन का हिस्सा बना**

आज योग करोड़ों लोगों के जीवन का हिस्सा बन चुका है। मुझे गर्व होता है जब मैं देखता हूं कि हमारे दिव्यांग साथी ब्रेल में योग शास्त्र पढ़ते हैं। वैज्ञानिक अंतरिक्ष में योग करते हैं। गांव-गांव में युवा साथी योग ओलिंपियाड में भाग लेते हैं।

**2. योग सभी का है, सभी के लिए है**

अभी नेवी के जहाज में भी योग कार्यक्रम चल रहा है। चाहे ओपेरा हाउस की सीढ़ियां हों, या एवरेस्ट की चोटियां, या समुंदर का विस्तार हो एक ही संदेश आता है कि योग सभी का है और सभी के लिए है।

**3. योग शांति का रास्ता दिखाता है**

दुर्भाग्य से दुनिया तनाव, अशांति और अस्थिरता से गुजर रही है। कई क्षेत्रों में यह स्थितियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। ऐसे समय में योग हमें शांति का रास्ता दिखाता है। योग उस पॉज बटन की तरह है जिसकी इंसानियत को जरूरत है- ताकि हम रुक सकें, सांस ले सकें, संतुलन बना सकें और फिर से खुद को पूर्ण महसूस कर सकें।

**4. 'मी टु वी' का भाव भारत की आत्मा का साथ**

योग को सिर्फ पर्सनल प्रैक्टिस न बनाएं, बल्कि ग्लोबल पार्टनरशिप का माध्यम बनाएं। योग को लोकनीति का हिस्सा बनाएं। जब जनता लक्ष्य को थाम लेती है तो उस लक्ष्य की प्राप्ति से हमें कोई रोक नहीं पाता। आपके प्रयास यहां इस आयोजन में नजर आ रहे हैं। 'मी टु वी' का भाव भारत की आत्मा का साथ है।







बिरला ने संसद और लाल किला परिसर में योग सत्र का नेतृत्व किया



# योग मानसिक शांति, आत्मबल, आध्यात्मिक ऊर्जा और सफलता का प्रदाता

*इस अवसर पर सांसदों, पूर्व सांसदों, लोकसभा और राज्यसभा सचिवालय के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित सैकड़ों प्रतिभागियों ने सामूहिक योग अभ्यास (कॉमन योग प्रोटोकॉल) में भाग लिया।*

***सैकड़ों प्रतिभागियों ने सामूहिक योग अभ्यास में शिरकत की***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद परिसर में योग सत्र का नेतृत्व किया। इस अवसर पर सांसदों, पूर्व सांसदों, लोकसभा और राज्यसभा सचिवालय के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित सैकड़ों प्रतिभागियों ने सामूहिक योग अभ्यास (कॉमन योग प्रोटोकॉल) में भाग लिया। बिरला ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि शरीर, मन और आत्मा के मध्य समरसता स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि योग से व्यक्ति को मानसिक शांति, आत्मबल और आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है, जो जीवन के हर क्षेत्र में संतुलन और सफलता की ओर ले जाती है।बिरला ने युवाओं से विशेष रूप से योग को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि यह आत्मविश्वास, धैर्य, मानसिक स्पष्टता और जीवन के उद्देश्य को समझने में सहायक बनता है। उन्होंने कहा कि आज विश्व भर में योग दिवस को उत्साह के साथ मनाया जा रहा है और करोड़ों लोग इस प्राचीन भारतीय परंपरा को अपना कर सकारात्मक परिवर्तन का अनुभव कर रहे हैं।

### संतुलित जीवनशैली को मिलता है प्रोत्साहन

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि दुनियाभर में वैज्ञानिक अध्ययनों और शोधों के माध्यम से योग के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों को मान्यता मिली है। योग तनाव प्रबंधन, कार्यकुशलता और ध्यान क्षमता को बढ़ाने के साथ ही एक संतुलित जीवनशैली को प्रोत्साहित करता है।

**ब्रह्माकुमारीज़ के कार्यक्रम में भी की सहभागिता**

बिरला ने दिल्ली स्थित ऐतिहासिक लाल किला परिसर में ब्रह्माकुमारीज़ के एक भव्य 'मास योग अभ्यास' कार्यक्रम का भी नेतृत्व किया। उन्होंने ब्रह्माकुमारी संस्थान के 'राजयोग' और 'ज्ञान योग' के माध्यम से विश्वभर में शांति और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की।

रक्षा मंत्री ने उधमपुर में किया जवानों संग योग

## योग का अर्थ है जोड़ना

**पहलगाम।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में योग दिवस समारोह में हिस्सा लिया। आज जब हमारा देश अंतररा ष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है तो हमें योग शब्द के सही मायनों का स्मरण करना चाहिए। योग का अर्थ है जोड़ना। उन्होंने यहां सेना के जवानों से मुलाकात की और ऑपरेशन सिंदूर में उनके प्रयासों की सराहना की। योग दिवस के मौके पर राजनाथ ने कहा कि आज मैं ऊधमपुर में मौजूद हूं। यहां से कुछ घंटों की ही दूरी पर नौशेरा की वह जगह मौजूद है, जहां ब्रिगेडियर उस्मान ने भारत माता के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था।



**आपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ**

राजनाथ ने कहा कि हमने न केवल उनके मंसूबो को विफल किया बल्कि ऐसी जवाबी कार्रवाई की बल्कि पाकिस्तान को घुटने टेकने पड़े और तब जाकर कहीं आपरेशन सिंदूर को हमने अल्पविराम दिया है। आपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है।

**जल शक्ति मंत्रालय ने यमुना तट पर मनाया योग दिवस**

## नदी के पुनरोद्धार से जुड़े प्रयासों पर प्रकाश डाला

**नई दिल्ली।** जल शक्ति मंत्रालय ने यमुना नदी के तट पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया और इस अवसर पर नदी पुनरोद्धार के महत्व को रेखांकित किया। आधिकारिक बयान में कहा गया कि राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की ओर से जीरो पुश्ता पार्क में बीएसएफ कयाकिंग कैंप में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मंत्रालय के अधिकारियों, स्थानीय निवासियों समेत कई लोगों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर जल संसाधन, गंगा पुनरोद्धार और नदी विकास विभाग की सचिव देबाश्री मुखर्जी, एनएमसीजी के मिशन निदेशक राजीव मित्तल और जल जीवन मिशन के प्रबंध निदेशक कमल किशोर सोन भी मौजूद थे।



**शिवराज ने बताया योग से कैसे हो गए निरोग?**

## घायल होकर जाना पड़ा था अस्पताल

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिल्ली के पूसा परिसर मेंयोग कार्यक्रम में भाग लिया और योग किया। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों और लखपति दीदियों ने भी योग किया। इचौहान ने कहा कि सभी देशवासियों को और पूरी दुनिया को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। मैं महर्षि पतंजलि सहित सभी योग गुरुओं को नमन करता हूं, जिन्होंने संपूर्ण योग की कला और विज्ञान का प्रचार प्रसार किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बहुत-बहुत धन्यवाद। चौहान ने योग के फायदे बताते हुए कहा कि मेरे साथ एक भयानक दुर्घटना हुई थी। मैं अस्पताल के बिस्तर पर लेटा रहता था और सोचता था कि क्या मैं अन्य लोगों की तरह चल पाऊंगा। योग ने मुझे इतना सक्षम बना दिया है कि आज मैं चल सकता हूं, घूम सकता हूं, काम कर रहा हूं।



**प्रधानमंत्री मोदी ने दिलाई पहचान**

## प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में केंद्रीय मंत्री ने लोगों के साथ किया योग



अल्मोड़ा। विश्वप्रसिद्ध जागेश्वर धाम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य योग एवं प्राणायाम कार्यक्रम हुआ। इसमें केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा शामिल हुए। वहीं प्रसिद्ध कटारमल मंदिर परिसर में भी योग और प्राणायाम किया गया, जिसमें केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने योगाभ्यास किया। सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा के विभिन्न स्थानों पर भी हजारों लोगों ने योग किया मंत्री अजय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है।

### इन्होंने ने भी किया योग



**मुंबई।** कलाकारों ने मुंबई में योग करते हुए इसकी महत्ता बताई।



**मथुरा।** अभिनेत्री और भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने किया योग।



**तवांग।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू तवांग में योग करते हुए।




**रायपुर।** छग से सीएम विष्णुदेव योग कार्यक्रम में शामिल हुए।

### खबर संक्षेप

#### कलकत्ता विवि के छात्रावास की छत गिरी

**कोलकाता।** कलकत्ता विश्वविद्यालय के महिला छात्रावास के एक कमरे की छत शनिवार तड़के गिर गई। इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। करीब 150 वर्ष पुराने इस छात्रावास में छात्राएं रहती हैं। रजिस्ट्रार देबाशीष दास ने बताया कि छत का एक हिस्सा कमरे में छात्राओं के बिस्तर पर गिर गया।




#### प्रतिबंधित संगठनों के 4 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर में विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े 4 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। एनएससीएन के एक कैडर को जिरीबाम जिले के कमरांगा गांव से गिरफ्तार किया। यह उग्रवादी राष्ट्रीय राजमार्ग 37 पर फिरौती के लिए अपहरण और जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल था।



#### अरुणाचल में 210 किलो गांजा जब्त, 3 गिरफ्तार

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के पूर्व कामेंग जिले में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई के तहत 210 किलोग्राम से अधिक गांजा जब्त किया है और तस्करी में शामिल 3लोगों को गिरफ्तार किया है। पूर्व कामेंग के एसपी कामदाम सिकॉम ने बताया कि यह अभियान 15 जून को शुरू हुआ, जब पासांग डोका को 5.01 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया।



#### जालंधर कैंट में गिरी क्रेन,10 वाहन क्षतिग्रस्त

**जालंधर।** जालंधर कैंट स्टेशन पर सुबह 11:30 बजे मोबाइल क्रेन पार्किंग में गिरने से बड़ा हादसा हुआ। मोबाइल क्रेन पावर क्रेन के हिस्सों को टुकड़ों में खोल कर उतार रही थी की, जरकिंग की समस्या आने से बैलेंस बिगड़ गया। इससे क्रेन पार्किंग में खड़े यात्रियों और रेल कर्मचारियों के वाहनों के ऊपर जा गिरी। 10 वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं।



विपक्ष की मांग पर चुनाव आयोग की दो टूक, भड़के राहुल

# मतदान केंद्रों के वीडियो फुटेज साझा करना वोटर की निजता का उल्लंघन, यह अवैध

अधिकारियों ने दावा किया कि जिसे बहुत तार्किक मांग के रूप में पेश किया जा रहा है, वह वास्तव में मतदाताओं की निजता और सुरक्षा संबंधी चिंताओं का उल्लंघन है। इससे लोगों में शत्रुता बढ़ सकती है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग फुटेज सार्वजनिक करने की मांग के बीच चुनाव आयोग के अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि ऐसा कदम मतदाताओं की निजता और सुरक्षा संबंधी चिंताओं का उल्लंघन है। इस तरह की मांग उनकी धारणा के लिए ठीक है, जो मतदाता हितैषी और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सुरक्षा के लिए उपयुक्त लगती हैं, लेकिन वास्तव में इसका मकसद बिल्कुल विपरीत उद्देश्य को प्राप्त करना है।अधिकारियों ने दावा किया कि जिसे बहुत तार्किक मांग के रूप में पेश किया जा रहा है, वह वास्तव में मतदाताओं की निजता और सुरक्षा संबंधी चिंताओं का उल्लंघन है। यह जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और 1951 में निर्धारित कानूनी स्थिति और शीर्ष कोर्ट के निर्देशों के पूरी तरह विपरीत है। उन्होंने कहा कि फुटेज को साझा करने से मतदाता और मतदाता न होने वाले लोग दोनों ही असामाजिक तत्वों के निशाने पर आ सकते हैं। इससे किसी भी समूह या व्यक्ति की ओर से मतदाताओं की पहचान करना आसान हो जाएगा।

## मतदाता और मतदाता न होने वाले लोगों पर बढ़ेगा खतरा

**पहचान होगी आसान**

ईसी ने इस संबंध में कोर्ट का दिया हवाला



**चुनाव आयोग ने उदाहरण के साथ समझाया**

उदाहरण के तौर पर उन्होंने कहा कि यदि किसी विशेष राजनीतिक दल को किसी विशेष बूथ पर कम वोट मिलते हैं तो वह सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आसानी से पहचान सकता है कि किस मतदाता ने वोट दिया है और किस मतदाता ने नहीं। उसके बाद उन्हें परेशान या धमकाया जा सकता है। निश्चित रूप से चुनाव आयोग सीसीटीवी फुटेज को 45 दिन की अवधि के लिए अपने पास रखता है, जो पूरी तरह से एक आंतरिक प्रबंधन है। यह अनिवार्य आवश्यकता नहीं है। इस तरह का मांगे करना अर्थहीन और बेकार की बातें हैं।

**45 दिन तक फुटेज सहेजने की वजह बताई**

अधिकारियों ने साफ किया कि परिणाम की घोषणा के 45 दिन के बाद चुनाव को चुनौती नहीं दी जा सकती है। इसलिए इस अवधि से अधिक समय तक फुटेज को अपने पास रखने से गैर-प्रतियोगियों कर ओर से गलत सूचना और दुर्भावनापूर्ण खबरें फैलाने के लिए सामग्री का दुरुपयोग होने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि यदि 45 दिन के भीतर चुनाव याचिका दायर की जाती है, तो सीसीटीवी फुटेज को नष्ट नहीं किया जाता है और मांगे जाने पर इसे सक्षम न्यायालय को भी उपलब्ध कराया जाता है।

**मतदाता की गोपनीयता बनाए रखना चुनाव आयोग का कर्तव्य**

पदाधिकारियों ने कहा कि मतदाता की गोपनीयता बनाए रखना चुनाव आयोग के लिए अपरिहार्य है। आयोग ने कानून में निर्धारित इस आवश्यक सिद्धांत पर कभी समझौता नहीं किया है, जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने भी बरकरार रखा है। अपने इलेक्ट्रॉनिक डेटा के दुर्भावनापूर्ण जरिया बनने के डर से ईसी ने अपने राज्य चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया है।

**विपक्ष उठाता रहा इससे जुड़े सवाल**

यह टिप्पणी कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की ओर से 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में मतदान केंद्रों से शाम 5 बजे के बाद सीसीटीवी फुटेज जारी करने की मांग को लेकर आई है। पिछले साल दिसंबर में सरकार ने सीसीटीवी कैमरों और वेबकास्टिंग फुटेज के साथ-साथ उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों के सार्वजनिक निरीक्षण को रोकने के लिए एक चुनाव नियम में बदलाव किया था।

**राहुल ने कहा-मैच फिक्स है**



राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'मतदाता सूची? मशीन-रीडेबल फॉर्मेट नहीं देंगे। सीसीटीवी फुटेज? कानून बदल कर छिपा दी। चुनाव की फोटो और वीडियो? अब 1 साल नहीं, 45 दिन में मिटा देंगे। जिससे जवाब चाहिए था – वही सबूत मिटा रहा है।' उन्होंने लिखा, स्पष्ट है कि मैच फिक्स है। और फिक्स किया गया चुनाव लोकतंत्र के लिए जहर है।

बुलडोजर न्याय के खिलाफ बोले सीजेआई

# दायरे में रहें, जज, जूरी जल्लाद नहीं बन सकते

'भारतीय संविधान के 75 वर्षों' पर दिया संबोधन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीजेआई बीआर गवई ने हाल ही में एक आदेश का जिक्र करते हुए कहा कि सरकारें कभी भी न्यायपालिका की जगह नहीं ले सकतीं। इस सप्ताह की शुरुआत में भारत में सरकारी प्राधिकारियों द्वारा निजी संपत्तियों के प्रतिशोधात्मक विध्वंस के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर प्रकाश डालते हुए सीजेआई ने कहा कि कार्यपालिका ,न्यायाधीश , जूरी और जल्लाद नहीं बन सकती। न्यायमूर्ति गवई, जिन्होंने पिछले साल फैसला सुनाने वाली पीठ का नेतृत्व किया था, 18 जून को मिलान अपीलीय न्यायालय में देश में सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने में संविधान की भूमिका: भारतीय संविधान के 75 वर्षों पर विचार विषय पर बोल रहे थे। सीजेआई गवई ने कहा कि पिछले 75 वर्षों में भारत द्वारा हासिल किए गए सामाजिक-आर्थिक न्याय ने भारतीय संविधान के आलोचकों को गलत साबित कर दिया है।

**कार्यपालिया की जिम्मेदारी बताई**

बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार चीफ जस्टिस ने कहा कि हाल ही में, कोर्ट ने संरचनाओं के विध्वंस के मामले में निर्देशों के संबंध में न्यायालय ने राज्य अधिकारियों द्वारा अभियुक्तों के घरों और संपत्तियों को ध्वस्त करने के निर्णयों की जांच की, जो कि उन्हें न्यायालय द्वारा दोषी ठहराए जाने से पहले ही दंड के रूप में दिए गए थे। यहां, न्यायालय ने माना कि इस तरह के मनमाने विध्वंस, जो कानूनी प्रक्रियाओं को दरकिनार करते हैं, कानून के शासन और अनुच्छेद 21 के तहत आश्रय के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करते हैं। कार्यपालिका एक साथ न्यायाधीश, जूरी और जल्लाद नहीं बन सकती।

**संवैधानिक गारंटियों की रक्षा जरूरी**

सीजेआई ने कहा कि शीर्ष अदालत के फैसले ने इस बात की पुष्टि की है कि संवैधानिक गारंटियों को न केवल नागरिक स्वतंत्रता की रक्षा करनी चाहिए, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति, विशेष रूप से कमजोर लोगों की गरिमा, सुरक्षा और भौतिक कल्याण को भी बनाए रखना चाहिए।

दिल्ली का क्लासरूम घोटाला

# 2000 करोड़ के घोटाले के दायरे में 'बड़ी मछलियां'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में 2015 से 2019 के बीच कथित क्लासरूम निर्माण घोटाले को लेकर एसीबी और ईडी की जांच जारी है। मामले में ताजा मोड़ ईडी की छापेमारी के बाद आया है। ईडी ने दावा किया है कि उसने 37 जगहों पर जो तलाशी ली। सामने आया कि तत्कालीन आप सरकार ने न सिर्फ जरूरत से 3 गुना ज्यादा क्लासरूम्स का निर्माण कराया, बल्कि लागत भी अप्रत्याशित रही। 2,405 कक्षाओं की प्रारंभिक आवश्यकता के बावजूद मनमाने ढंग से 7,180 समकक्ष कक्षाओं तक बढ़ा दिया गया। बिना मंजूरी इसे 12,748 कमरों तक बढ़ा दिया। इससे परियोजना की लागत में भारी वृद्धि हुई। इस प्रोजेक्ट के लिए 989.26 करोड़ रुपए दिए गए थे। टेंडर वैल्यू 860.63 करोड़ रुपए थी। लेकिन प्रोजेक्ट में कथित तौर पर 2 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाने के आरोप हैं।



धरना-प्रदर्शन मामले में पुलिस ने दर्ज किया था मामला

# विधायक अभिमन्यु और छात्र नेता को परीक्षा केंद्र से उठाया

एजेंसी ▶▶ संगरिया

राजस्थान के संगरिया से कांग्रेस विधायक अभिमन्यु पूनिया और छात्र संघ अध्यक्ष निर्मल चौधरी को शनिवार को उस समय पुलिस ने हिरासत में ले लिया गया, जब पूनिया राजस्थान विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर की परीक्षा दे रहे थे। विधायक के अकाउंट पर शेयर किए गए वीडियो से इस घटना की पुष्टि हुई है। पूनिया ने लिखा, मुझे और मेरे भाई निर्मल चौधरी को राजस्थान विश्वविद्यालय परिसर से गिरफ्तार करके पुलिस ने कायरता दिखाई है। क्या भाजपा के क्रूर शासन में आम आदमी की आवाज उठाना अपराध हो गया है? इस कायरतापूर्ण कृत्य के कारण हम अन्याय के खिलाफ लड़ाई नहीं छोड़ेंगे।

**कांग्रेस ने इसे अन्यायपूर्ण व लोकतंत्र का उल्लंघन बताया**



**कांग्रेस ने राज्यव्यापी विरोध की चेतावनी दी**

डोटासरा ने भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए उस पर लोकतांत्रिक आवाज़ों को दबाने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा सरकार सत्तावादी तरीके से निर्वाचित प्रतिनिधियों और छात्र शक्ति को कुचलने की कोशिश कर रही है।

**स्नातकोत्तर सेमेस्टर की परीक्षाएं**

राजस्थान विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर सेमेस्टर की परीक्षाएं चल रही थीं, उसी दौरान ये गिरफ़्तारियां हुईं। पूनिया भी परीक्षा हॉल में अपना पेपर दे रहे थे, तभी पुलिस की एक टीम परिसर में दाखिल हुई। कथित तौर पर उन्हें परीक्षा हॉल से बाहर निकाला गया, पुलिस जीप में ले जाया गया और बाद में स्थानीय पुलिस स्टेशन ले जाया गया।


**गहलोत बोले- सरकार तुरंत रिहा करे**

इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि पूनिया और निर्मल चौधरी को परीक्षा देते समय हिरासत में लेना अन्यायपूर्ण व लोकतंत्र का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पहले डॉ. राकेश विश्नोई के परिजनों की बात तक नहीं सुनी और जब इन जनप्रतिनिधियों ने उनके साथ न्याय के लिए धरना-प्रदर्शन किया तो इन पर ही मुकदमा दर्ज कर लिया। जनप्रतिनिधियों को जनहित में आवाज उठाने का अधिकार है। राज्य सरकार अविलंब इन्हें रिहा करे।

जबलपुर
रविवार, 22 जून 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष–12
वर्ष : 20, अंक : 53
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3 .00 *

मौसम
अधि. 29
न्यून. 23

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




राजधानी के अटल पथ पर 'योग संगम' में विद्यार्थी और जनसामान्य के साथ सीएम डॉ. यादव ने किया योगाभ्यास

# स्वास्थ्य के लिए महर्षि पतंजलि का मानवता को वरदान है 'योग'

**शारीरिक बल, मानसिक शांति व प्रफुल्लता बढ़ाता है योग**

**'एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योग' की थीम पर मना योग दिवस**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि योगाभ्यास करने से मन शांत होता है, शांति से संतोष आता है और जब मन में संतोष हो तो मनुष्य अहिंसा की तरफ बढ़ता है। योग, शारीरिक बल और मानसिक शांति व प्रफुल्लता बढ़ाता है।

डॉ. यादव ने आष्टांग योग दर्शन के रचयिता महर्षि पतंजलि को प्रणाम कर, शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए मानवता को योग का वरदान देने के लिए उनका आभार माना। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुए राष्ट्रीय कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़ते हुए भोपाल के अटल पथ पर राज्य स्तरीय 'योग संगम' सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।




## वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ बढ़ रहा भारत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 21 जून का दिन खगोलीय गणना की दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण है। इस दिन भगवान सूर्यनारायण उत्तरायण की यात्रा पूरी कर दक्षिणायन में प्रवेश करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने योग के माध्यम से भारत के मूल दर्शन और जीवन शैली से विश्व को परिचित कराया है। समूची वंसुधरा को परिवार मानते हुए प्रधानमंत्री ने कोविड के दौर में देश के लोगों को बचाने के साथ-साथ दुनिया के 100 से अधिक देशों को आवश्यक सहायता उपलब्ध करा कर लोगों की जान बचाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में भारत वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है।

## मोदी के संबोधन का हुआ सजीव प्रसारण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर स्वस्थ एवं निरोगी काया के लिए अटल पथ पर प्रतिभागियों के साथ योगाभ्यास किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया। राष्ट्रीय कार्यक्रम से प्रसारित कॉमन योग प्रोटोकॉल का अनुसरण करते हुए अटल पथ पर बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों और जनसामान्य ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में योग किया। 'एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योग' की थीम पर 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के भोपाल में हुए कार्यक्रम में केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा तथा सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवानदास सबनानी, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, मुख्य सचिव अनुराग जैन, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना सहित जनप्रतिनिधि एवं योग प्रेमी उपस्थिति थे।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### जमीन विवाद पर खूनी संघर्ष, 7 लोग घायल



**सीहोर।** ग्राम मनाखेड़ा में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हुआ। इस घटना में 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला समेत 7 लोग घायल हुए हैं। घायलों में तीन महिलाएं शामिल हैं। घायलों की पहचान सौरभ बाई, कमला बाई, सागर बाई, अखिलेश, नीलेश, मानसिंह और लाल सिंह के रूप में हुई है। हमला उस वक्त हुआ जब मानसिंह बोवनी करने गया था।

### धंसी मिट्टी, 1 की मौत, 4 गंभीर रूप से घायल



**मुरैना।** मुरैना में में चंबल वाटर प्रोजेक्ट के पास पाइपलाइन डालने के दौरान बड़ा हादसा हो गया। यहां पाइपलाइन सहित मिट्टी धंसने से एक मजदूर की दबने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में 4 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा नूराबाद थाना क्षेत्र के करुआ-जडेरुआ इलाके में हुआ। हादसे में आधा दर्जन दब गए।

### पिस्टल छीनकर भाग रहे आरोपी का शॉर्ट एनकाउंटर



**कटनी।** पिछले कुछ समय से हाईवे पर हो रहीं लूट की घटनाओं में कटनी पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने एक आरोपित को छतरपुर से गिरफ्तार किया। कटनी लाते समय आरोपित ने रास्ते में भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने शॉर्ट एनकाउंटर कर उसे फिर पकड़ लिया। आरोपित के पैर में गोली लगी है, इलाज के लिए में भर्ती कराया।

सीएम डॉ. यादव ने डोंगला में अत्याधुनिक वराहमिहिर तारामंडल का किया लोकार्पण

# संभवतः कृष्णाजी नारायणा धाम से डोंगला तक वेधशाला के लिए आए



**मुख्यमंत्री ने वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला में विज्ञान विषय पर विद्यार्थियों से किया संवाद**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शिक्षक बने और बच्चों को समझाया कि क्षितिज वृत्त के धरातल पर निर्मित इस चबूतरे के मध्य में एक शंकु लगा हुआ है, जिसकी छाया से सूर्य का वेग लिया जाता है



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यहां डोंगला वेधशाला स्थित शंकु यंत्र के माध्यम से सूर्य के परिचालन का माप लगाया जा सकता है। भारतीय ज्ञान परंपरा में छोटे-छोटे सिद्धांतों के माध्यम से हमारे पूर्वजों ने विज्ञान को हमारी जीवनशैली बना दी। इसी वैज्ञानिक जीवनशैली ने हमारी संस्कृति को आज तक जीवित रखा है। संभवतः भगवान श्रीकृष्ण महाभारत काल में नारायणा धाम से डोंगला तक इसी वेधशाला की खोज में आए। यह भगवान श्रीकृष्ण का वैज्ञानिक स्वरूप भी हो सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को डोंगला स्थित वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला में विद्यार्थियों से संवाद के दौरान यह बात कही।

**हमारा पुरातत्व ज्ञान सृष्टि की मूल्यवान वस्तुओं से भी ज्यादा बेशकीमती और महत्वपूर्ण**

**वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला को अंतर्राष्ट्रीय रिसर्च का केंद्र बनाने पीएम मोदी को दिया धन्यवाद**

## भारतीय संस्कृति के 'नमस्कार' की महत्ता सबको समझ आई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डोंगला अब नगरी के रूप में विकसित हो रही है। उज्जैन काल की नगरी है और प्राचीन काल में समय गणना का प्रमुख केंद्र रहा है, यह काल गणना के केंद्र में पुनः स्थापित होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के प्राचीन ज्ञान विज्ञान के वाहक योग के माध्यम से संपूर्ण विश्व में भारतीय संस्कृति की पताका लहरा दी है। प्रधानमंत्री मोदी के विजन अनुसार आज की दुनिया युद्ध की नहीं अपितु अहिंसा और भगवान बुद्ध की दुनिया है। हमारी सनातन संस्कृति ताकत के प्रकटीकरण की जगह शिक्षा और विज्ञान से दुनिया के कल्याण की बात करती है। हजारों सालों से हमारे ऋषि मुनियों ने ध्यान से ज्ञान संकलित कर ज्ञान से विश्व कल्याण के कार्य किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 11 वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संपूर्ण विश्व के कोने-कोने में योग किया जा रहा है।

### हमारे यहां नक्षत्रों के आधार पर समय का मापन किया गया

राष्ट्रीय संगठन मंत्री विज्ञान भारती डॉ. शिवकुमार शर्मा ने कहा कि हमारे यहां नक्षत्रों के आधार पर समय का मापन किया जाता है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने शाला में प्रवेश करने वाले विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम और बैग वितरित किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे, महानिदेशक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद डॉ. अनिल कोठारी, वैज्ञानिक गंटी एस मूर्ति, डॉ. अरविंद्र रानाडे के अलावा कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी मौजूद थे।

### बच्चों और आगंतुकों को 4के फिल्म के माध्यम से जानकारी दी जाएगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डोंगला अत्याधुनिक वराहमिहिर तारामंडल का लोकार्पण के दौरान कहा कि इस आधुनिक तारामंडल में खगोल विज्ञान के रहस्यों के बारे में डोंगला आने वाले बच्चों और अगुंतको को 4के फिल्म के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। उन्होंने वराहमिहिर वेधशाला तारामंडल में बच्चों के साथ बैठकर सूर्य विकिरण और उसके तरंगों के अध्ययन पर आधारित फिल्म को भी देखा और संवाद भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शिक्षक बने और बच्चों को समझाया कि क्षितिज वृत्त के धरातल पर निर्मित इस चबूतरे के मध्य में एक शंकु लगा हुआ है, जिसकी छाया से सूर्य का वेग लिया जाता है। इस गोल चबूतरे पर तीन रेखाएं खींची हैं, जो सूर्य के उत्तरायण व दक्षिणायण की विभिन्न स्थितियों को दर्शाती हैं। सूर्य उत्तरायण के अन्तिम बिंदु (राजून) पर जब होता है तब डोंगला में विशेष खगोलीय घटना होती है। दोपहर में 12.28 बजे शंकु की छाया लुप्त हो जाती है।

छतरपुर में युवक साथियों के साथ पहुंचा

# मां और उसके दो बच्चों का दिनदहाड़े अपहरण



**छतरपुर।** यहां एक महिला और उसके दो बच्चों का दिनदहाड़े अपहरण हो गया। एक युवक अपने साथियों के साथ पहुंचा और फायरिंग करते हुए मिथलेश (26) और उसके बेटे सार्थक (7) और बेटी भूमि (5) को जबरन कार में बैठाकर ले गया। इस दौरान आरोपी ने महिला के पति को भी पीटा। घटना लवकुशनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सुमेरी में शनिवार दोपहर की है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आरोपी संजय सिंह राजपूत करीब एक दर्जन लोगों के साथ कार से गांव पहुंचा। सभी के पास हथियार और लाठी-डंडे थे। उन्होंने गांव में घुसते ही फायरिंग शुरू कर दी। लवकुशनगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**फायरिंग करते हुए बाल खींचते हुए कार में ले गया**

### एसडीओपी ने बताया- प्रेम प्रसंग का मामला

महिला के ससुर जगतलाल पाल ने बताया कि आरोपी कल भी आया था, घर के बाहर बैठा हुआ था जिसको लेकर विवाद हुआ था। शनिवार को दोपहर 12:30 बजे आरोपी कार और 10 बाइक सवार से साथ पहुंचा। मेरी पत्नी चंपा ने बहू मिथलेश को बचाने की कोशिश की तो उसको पीटा। बेटे के सिर पर कट्टे के बट से मार। ससुर ने बताया कि आरोपी बहू मिथलेश (26), पोता सार्थक (7) और भूमि (5) को अपने साथ ले गया। महिला के पति ने बताया कि आरोपी पत्नी पर नजर रखता था। लवकुशनगर एसडीओपी नवीन दुबे ने बताया कि महिला और युवक के बीच प्रेम प्रसंग था। महिला का पति उसे मिलने नहीं दे रहा था।


कटनी स्टेशन के पास हुई वारदात

# रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में गेट लॉक कर 20 यात्रियों से लूटपाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

मध्यप्रदेश के रीवा से होकर छत्तीसगढ़ के बिलासपुर तक चलने वाली रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में कटनी स्टेशन के आस-पास 20 जून की रात लुटेरों ने खूब आतंक मचाया। रीवा से दुर्ग आ रही छत्तीसगढ़ी एक्ट्रेस ज्योत्सना से लूट की कोशिश की गई। विरोध करने पर लुटेरों ने एक्ट्रेस के चेहरे पर मुक्का मार दिया। ज्योत्सना ने बताया कि आउटर में ट्रेन के रुकते ही 12 से ज्यादा बदमाश अंदर घुसे। गेट बंदकर 20 से अधिक लोगों को अपना शिकार बनाया। उन्होंने इस घटना की शिकायत भी की, लेकिन आरपीएफ और जीआरपी से कोई मदद नहीं मिली। बीती 17 जून को वो पारिवारिक काम से अपनी मौसी के घर रीवा गई थी, जहां से 19 जून की रात करीब 10 बजे रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में सवार हुईं।

**छत्तीसगढ़ एक्ट्रेस को मारा मुक्का**



### ट्रेन में की रेकी, गेट बंदकर वारदात को दिया अंजाम

ज्योत्सना ने बताया कि लुटेरों ने स्टेशन पहुंचने से पहले ही गेट को बाहर से बंद कर दिया था, ताकि यात्री हंगामा न मचा सकें। पहले से उन्होंने यात्रियों के सामानों को टारगेट कर लिया था। यही वजह है कि स्टेशन पहुंचते ही उन्होंने यात्रियों का सामान पार करना शुरू कर दिया।

डीजीसीए ने सभी भूमिकाओं से हटाने के लिए कहा

# एयर इंडिया के तीन वरिष्ठ अफसरों पर गिर गई गाज

**अहमदाबाद विमान हादसे के बाद बड़ा फैसला**

**डीजीसीए ने एयर इंडिया से 10 दिन में रिपोर्ट मांगी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अहमदाबाद विमान हादसे के बाद से नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) विमान सुरक्षा को लेकर सख्त निर्देश जारी कर रहा है। अब डीजीसीए ने एयर इंडिया से तीन अधिकारियों को हटाने के लिए कहा है। डीजीसीए ने एयर इंडिया को डिवीजनल वाइस प्रेसिडेंट समेत अपने तीन अधिकारियों को चालक दल (क्रू) की समय-सारणी और रोस्टरिंग से संबंधित सभी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों से हटाने का आदेश दिया है।




ईरान से अब तक 517 भारतीयों की सुरक्षित वापसी

# विदेश मंत्रालय ने कहा- नेपाल और बांग्लादेश के लोगों को भी निकालेंगे

**जायसवाल ने कहा 'ऑपरेशन सिंधु' अभी जारी रहेगा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते संघर्ष के हालात के बीच भारत सरकार ने 'ऑपरेशन सिंधु' के तहत अपने नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए तेजी से कदम उठाए हैं। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को जानकारी दी कि अब तक कुल 517 भारतीय नागरिक ईरान से सकुशल भारत लौट चुके हैं। इनमें छात्र, धार्मिक तीर्थयात्री और अन्य नागरिक शामिल हैं। यह राहत अभियान बुधवार को लॉन्च किया गया था और इसके तहत लगातार चार्टर्ड फ्लाइट्स के ज़रिए लोगों को सुरक्षित दिल्ली लाया जा रहा है।

लौटे यात्रियों ने लगाए 'हिंदुस्तान जिंदाबाद' के नारे





### 290 भारतीय दिल्ली पहुंचे

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि शुक्रवार रात 11:30 बजे एक विशेष उड़ान ईरान से 290 भारतीयों को लेकर दिल्ली पहुंची। शनिवार सुबह एक और फ्लाइट तुर्कमेनिस्तान की राजधानी अश्गाबात से दिल्ली पहुंची।

**आईटी सेल और महाकाल थाना पुलिस की कार्रवाई**

उज्जैन में स्टे के नाम पर महाकाल के भक्तों से ठगी

# 7 वेबसाइट कर रहीं थीं फ्रॉड, एसपी मैदान में उतरे तो हुआ बड़ा एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध महाकाल मंदिर दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के साथ ठगी के लगातार कई मामले सामने आ रहे हैं। कभी श्रद्धालु ठहरने के नाम पर होटल की फर्जी वेबसाइट से ठगा रहे हैं तो कभी भस्म आरती के नाम पर।

ऐसे में बढ़ती ठगी को ध्यान में रखते हुए एसपी प्रदीप शर्मा ने खुद मोर्चा संभाला और जांच शुरू की। जांच में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। यहां श्रद्धालुओं से होटल के नाम पर ठगी करने वाली 7 वेबसाइट को चिन्हित कर उनको बंद करवा दिया गया है। आईटी सेल और महाकाल थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। सीएसपी कोतवाली राहुल देशमुख और महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल को इस संबंध में शिकायतें प्राप्त हो रही थी। ठग श्रद्धालुओं से एडवांस बुकिंग के नाम पर ऑनलाइन भुगतान लेकर उन्हें नकली बुकिंग देते थे। पुलिस अधीक्षक शर्मा के मार्गदर्शन में कोतवाली सीएसपी, महाकाल थाना पुलिस और उज्जैन आईटी सेल की संयुक्त टीम ने तत्परता से तकनीकी जानकारी जुटाकर इन वेबसाइटों की होस्टिंग, डोमेन रजिस्ट्रेशन और ब्राउजर गतिविधियों पर निगरानी रखी।



शिवपुरी के बाद प्रदेश में दूसरा सबसे गर्म शहर रहा भोपाल

**डेढ़ डिग्री की बढ़त के साथ औसत तापमान 31 डिग्री रहा**

# प्रदेश में कहीं झमाझम, कहीं रिमझिम हुई बारिश तो कहीं बढ़ गया पारा, और दो दिन ऐसा ही रहेगा मौसम का हाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित अधिकांश जिलों में शनिवार को भी बारिश का सिलसिला ज्यादा नहीं बढ़ा। कुछ जिलों में झमाझम और कहीं रिमझिम के बीच प्रदेशभर में दिन के तापमान में औसतन डेढ़ डिग्री की बढ़त के साथ औसत अधिकतम तापमान 31 डिग्री रहा। सबसे गर्म रहे शिवपुरी में पारा 33.2 डिग्री रहा, जबकि भोपाल में तापमान 1.7 डिग्री बढ़कर 32.4 डिग्री रहा।

यह प्रदेश में दूसरा सबसे गर्म शहर दर्ज हुआ। कुछ दिनों में जारी बारिश, बादलों के असर अभी प्रदेशभर में तापमान सामान्य से औसतन 6 डिग्री तक नीचे रहने से तेज गर्मी से राहत रही।

**अभी प्रदेश के मध्य और दक्षिण-पश्चिमी हिस्से गुजर रही ट्रफ इससे सोमवार के बाद बारिश में कुछ बढ़ोतरी की उम्मीद**



गुना की नदी में बहे 4 लोग



**भोपाल सहित प्रदेशभर में औसतन डेढ़ डिग्री बढ़कर औसत अधिकतम पारा 31 डिग्री**

### गुना में ट्रैक्टर व बाइक के साथ 4 लोग बहे

शनिवार सुबह से कुछ जिलों में तेज बारिश हुई। इससे नदी-नाले उफान पर होने से कई रास्ते बंद हो गए हैं। गुना के फतहगढ़ में सुबह नदी पार कर रहा ट्रैक्टर और एक बाइक बह गई। इनमें सवार 4 लोग भी बह गए। रतलाम में सुबह से बारिश जारी रही, इससे शहर का हनमान ताल भर गया है। भोपाल सहित दो दर्जन जिलों में दोपहर बाद मौसम बदला और रिमझिम बारिश हुई। इनमें प्रमुख रूप से गुना, ग्वालियर, भिंड, शिवपुरी, बैतूल, विदिशा, टीकमगढ़, खजुराहो, सागर, सतना, रीवा और सीधी में हल्की बारिश हुई। साथ ही रायसेन, भोपाल, सीहोर, देवास, इंदौर में भी हल्की बारिश हुई। अशोकनगर, खंडवा, पचमढ़ी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, नीमच, झाबुआ, उज्जैन, श्योपुरकलां, मुरैना, दतिया, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, मैहर और सिंगरौली जिलों में भी कहीं बौछारें तो कहीं रिमझिम रही है।

ग्लोबल हुआ भारतीय योग

# पूरी दुनिया में जोश और उत्साह के साथ मनाया गया 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस'



हिमाचल प्रदेश के मनाली शहर से 51 किमी दूर हिमालय की पीर पंजाल पहाड़ियों के बीच 'रोहतांग पास' में आईटीबीपी के सेंट्रल स्की दल ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया।

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क/बीजिंग

दुनिया भर के हजारों लोगों ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत की इस प्राचीन विधा का अभ्यास किया और इस मौके पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जाने-माने चिकित्सक, लेखक एवं स्वास्थ्य गुरु दीपक चोपड़ा ने एक ध्यान सत्र का नेतृत्व किया। इससे पहले न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने टाइम्स स्क्वायर एलायंस के साथ मिलकर टाइम्स स्क्वायर पर 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) मनाया। ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत की। चीन में हजारों लोगों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास किया और कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। सिंगापुर में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 'सुपरट्री लॉन' में आयोजित किया गया। इसके अलावा सिंगापुर, नेपाल, मलेशिया, थाईलैंड, ऑस्ट्रेलिया, मलेशिया, श्रीलंका और जिम्बावे में भी योगाभ्यास के कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।



## संयुक्त राष्ट्र में 1200 लोगों ने भाग लिया

*संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर यहां आयोजित विशेष ध्यान सत्र में कहा कि ऐसे समय में जब तनाव और मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियां बढ़ रही हैं, योग अधिक शांतिपूर्ण तरीके से जीवन जीने का मार्ग प्रदान करता है। प्रख्यात चिकित्सक, लेखक और स्वास्थ्य गुरु दीपक चोपड़ा ने शुक्रवार शाम को योग दिवस के उपलक्ष्य में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की ओर से संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित सत्र का नेतृत्व किया। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के उत्तरी लॉन में रंग-बिरंगी चटाइयां बिछाई गई थीं, जहां 1,200 से अधिक योग साधकों, राजनयिकों, संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों, राजनयिक दल के सदस्यों और प्रवासी समुदाय ने भाग लिया। हरीश ने कहा कि इस वर्ष योग दिवस का विषय - 'योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' है जो 2023 में भारत की जी-20 अध्यक्षता की थीम 'वन अर्थ, वन हेल्थ' पर आधारित है। उन्होंने कहा कि यह थीम इस महत्वपूर्ण सत्य को रेखांकित करती है कि हमारा व्यक्तिगत स्वास्थ्य और पृथ्वी का स्वास्थ्य एक दूसरे जुड़े हुए हैं, जिन्हें कभी अलग नहीं किया जा सकता।*

### थाईलैंड में 4000 लोग हुए शामिल

थाईलैंड में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सुबह बैंकॉक के चूललोंगकोर्न विश्वविद्यालय के मैदान में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। बैंकॉक में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि विभिन्न क्षेत्रों से 4,000 से अधिक प्रतिभागियों ने एक साथ योगाभ्यास किया, जो 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' की भावना को दर्शाता है। ऑस्ट्रेलिया में कैनबरा के प्रतिष्ठित पुराने संसद भवन में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। मलेशिया के कुआलालंपुर में भारतीय उच्चायोग ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारतीय सांस्कृतिक केंद्र के साथ मिलकर बाटू गुफा परिसर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया। श्रीलंका के कोलंबो में स्वतंत्रता चौक पर एक कार्यक्रम के साथ इस दिन को मनाया गया।

### योग एकता और कल्याण का उत्सवः किंग चार्ल्स



**लंदन।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लंदन के स्ट्रैंड क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित चौक पर सैकड़ों लोग एकत्र हुए, जहां भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत की। बकिंघम पैलेस से आए संदेश में 76 वर्षीय किंग चार्ल्स ने कहा कि यह वार्षिक उत्सव एकता, करुणा और कल्याण जैसे वैश्विक सिद्धांतों को बढ़ावा देता है।

### जिम्बाब्वे में लोकप्रिय हो रहा है योगाभ्यास, लोगों को मिल रही तनाव से मुक्ति



**चिटुंगविजा (जिम्बाब्वे)।** जिम्बाब्वे की राजधानी के बाहरी इलाके में सोशलाइट बार में शनिवार को सूर्योदय से पहले एक छोटा समूह इकट्ठा हुआ है। हालांकि अब योग राजधानी हरारे से 30 किलोमीटर दूर एक छोटे शहर चिटुंगविजा में जड़ें जमा रहा है। इस पहल का नेतृत्व योग प्रशिक्षक एक्शन्स विन्या कर रहे हैं, जिन्हें लगता है कि आर्थिक समस्याएं और सामाजिक दबाव उनके गृहनगर के लोगों के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रहे हैं। विन्या ने कहा कि योग बहुमूल्य है... हमारे आसपास बस्तियों में जो लोग रहते हैं, उनके मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की जरूरत है। वे अफ्रीका में, केन्या और दक्षिण अफ्रीका जैसे अन्य देश गरीब समुदायों के बीच योग की शुरुआत कर रहे हैं, और भारत सरकार पूरे महाद्वीप में इसके प्रसार को बढ़ावा दे रही है।



### चीन में दो घंटे तक योग प्रतियोगिता चली

**बीजिंग।** चीन में हजारों लोगों ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास किया और कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। यह प्राचीन भारतीय आध्यात्मिक व शारीरिक स्वास्थ्य पद्धति की बढ़ती लोकप्रियता का प्रतीक है। बीजिंग में भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने अन्य राजनयिकों के साथ पुराने भारतीय दूतावास परिसर में एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। दो घंटे तक चले इस कार्यक्रम में योग प्रतियोगिता भी शामिल थी, जिसमें सैकड़ों योग प्रेमी शामिल हुए। बीजिंग में भारतीय योग शिक्षकों के मार्गदर्शन में कई योग अभ्यासों में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। चीन में संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर और नियमित रूप से योगाभ्यास करने वाले सिद्धार्थ चटर्जी शंघाई में, भारतीय वाणिज्य दूतावास की ओर से आयोजित योग दिवस समारोह में मुख्य अतिथि थे। चटर्जी ने कहा कि एक योग अभ्यासी के रूप में, मैं सहनशीलता और शांति को बढ़ावा देने के लिए इसकी परिवर्तनकारी शक्ति को बहुत महत्वपूर्ण मानता हूं। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य और सद्भाव को बढ़ावा देने और देशों के बीच संबंधों को मजबूत बनाने की भारत और संयुक्त राष्ट्र की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### सिंगापुर के 'सुपरट्री लॉन' में आयोजित किया गया योग दिवस

सिंगापुर में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 'सुपरट्री लॉन' में आयोजित किया गया। सिंगापुर के संस्कृति, समुदाय और युवा तथा जनशक्ति राज्य मंत्री दिनेश वासु दाश ने इस कार्यक्रम में कहा कि तेजी से विभाजित होती दुनिया में, सभी को एक साथ लाने के लिए हमें और अधिक योग की आवश्यकता है। सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अम्बुले ने कहा कि इस वर्ष का विषय, 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' है जो इस गहन सत्य को दर्शाता है कि व्यक्ति, समाज और ग्रह का कल्याण अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ है।

### नेपाल में फेवा झील के तट पर हुआ योग

नेपाल में काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने पोखरा में सुंदर फेवा झील के तट पर 500 से अधिक प्रतिभागियों के साथ योग और ध्यान सत्र का आयोजन किया। दूतावास ने लुम्बिनी विकास ट्रस्ट के सहयोग से यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल लुम्बिनी सांस्कृतिक क्षेत्र में राजकुमार सिद्धार्थ की प्रतिमा और माया देवी मंदिर में योगाभ्यास का भी आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 500 से अधिक योग प्रेमियों ने भाग लिया।

### जापान में 2000 लोगों ने लिया भाग

जापान के तोक्यो स्थित भारतीय दूतावास ने प्रतिष्ठित त्सुकिजी होंगवानजी मंदिर में योग महोत्सव का आयोजन किया। जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा की पत्नी योशिको इशिबा और जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया की पत्नी सतोको इवाया ने योग महोत्सव का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में गणमान्य व्यक्तियों, सरकारी प्रतिनिधियों और 2,000 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। भारतीय राजदूत सिबी जॉर्ज ने सभा को संबोधित भी किया।


## सियाचिन से लेकर विशाखापत्तनम तक भारतीय सेना ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

*11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 को भारतीय सेना ने देश के हर हिस्से में उत्साहपूर्वक मनाया। 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' की थीम पर आधारित इस दिन का सबसे खास आयोजन दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन में हुआ, जहां जवानों, पूर्व सैनिकों, उनके परिवारों और बच्चों ने एक साथ योगाभ्यास किया। भारतीय सेना ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि सियाचिन से लेकर देश के हर मौसम और क्षेत्र में हमने योग को अपनाया। यह दिवस सिर्फ अभ्यास का नहीं, बल्कि जीवनशैली में योग को शामिल करने का प्रतीक है। लेह के पास पेंगोंग झील के किनारे भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने 14,100 से 14,200 फीट की ऊंचाई पर योगाभ्यास किया। 54वीं बटालियन ने योग दिवस से पहले भी योग सत्र आयोजित किया। अरुणाचल प्रदेश के दिरांग में 12,000 फीट से ऊपर आईटीबीपी के 4वीं कोर द्वारा योग और सफाई अभियान चलाया गया। वहीं पूर्वी समुद्री क्षेत्र में भी भारतीय तट रक्षक बल ने विशाखापत्तनम में योग सत्र आयोजित किया, जबकि तटीय तमिलनाडु में तटरक्षक पोत 'रानी अब्बक्का' के कर्मियों ने योग किया। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में कृष्णा घाटी ब्रिगेड की बालनोई बटालियन ने भी सीमावर्ती गांवों के लोगों के साथ योग दिवस मनाया। बालनोई, दाद सगरा और मानकोट गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।*


भारतीय नौसेना कर्मियों की स्वार्ड आर्म ने आर33 फ्लीट पर योगाभ्यास किया



### नौसेना ने देश विदेश में मनाया योग दिवस



7000 से अधिक भारतीय नौसेना कर्मियों और उनके परिवार जनों ने योग किया।



मॉरीशस में भारतीय नौसना ने योगाभ्यास किया।

## पैसिफिक देशों में योग की धूम, न्यूजीलैंड से फिजी तक उत्साह के साथ जुटे लोग



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड, फिजी, पापुआ न्यू गिनी और टोंगा जैसे पैसिफिक देशों में शनिवार को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। सैकड़ों लोगों ने इन आयोजनों में भाग लेकर 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' की थीम को अपनाया। न्यूजीलैंड की राजधानी वेलिंगटन में भारतीय उच्चायोग परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 150 से अधिक योग प्रेमियों ने भाग लिया। इनमें कीवी, भारतीय और अंतरराष्ट्रीय समुदायों के लोग शामिल थे। यह आयोजन हर्टफुलनेस, हिंदू स्वयंसेवक संघ और आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के सहयोग से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यूजीलैंड के पूर्व गवर्नर आनंद सत्यानंद थे। पोर्ट मोरेस्बी स्थित एला बीच पर पापुआ न्यू गिनी में भारतीय उच्चायोग और एक्टिव सिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एसीडीपी) द्वारा योग दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में 250 से अधिक लोगों ने भाग लिया। पापुआ न्यू गिनी के गवर्नर पॉवेस पार्कोप ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और कहा कि योग ने उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। भारतीय उच्चायोग के प्रभारी मुकेश कुमार अंबस्ता ने कहा कि योग व्यक्ति और धरती दोनों के स्वास्थ्य को जोड़ने वाला माध्यम है। टोंगा की राजधानी नुकुअलोफा में स्थित तनोआ इंटरनेशनल डेटलाइन होटल में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 60 योग प्रेमियों ने हिस्सा लिया। यह आयोजन फिजी स्थित भारतीय उच्चायोग और स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र ने टोंगा के विदेश मंत्रालय के साथ मिलकर किया था। कार्यक्रम में टोंगा की स्वास्थ्य मंत्री एना अकोला भी मौजूद रहीं। फिजी की राजधानी सुवा में स्थित ग्रैंड पैसिफिक होटल में भारतीय उच्चायोग और स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र ने योग दिवस का आयोजन किया। फिजी के डिप्टी पीएम और वित्त मंत्री बिमन प्रसाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। प्रसाद ने अपने संदेश में कहा कि योग हमें जोड़ता है, स्वस्थ बनाता है और प्रेरणा देता है। 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' की भावना हमें स्वयं और अपने पर्यावरण की देखभाल करने की प्रेरणा देती है। हर दिन कुछ मिनट योग जीवन को पूरी तरह बदल सकता है।

## अटारी-वाघा बॉर्डर पर बीएसएफ ने भव्य योग सत्र का किया आयोजन



*11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने शनिवार को अटारी-वाघा बॉर्डर पर एक भव्य योग सत्र का आयोजन किया। इस आयोजन में 1,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिनमें बीएसएफ जवान, भारतीय सेना के सैनिक, उनके परिवार, सीमा क्षेत्र के स्थानीय निवासी, छात्र, और अन्य विशिष्ट अतिथि शामिल थे। योग सत्र जॉइंट चेक पोस्ट (जेसीपी) अटारी पर हुआ, जो भारत की प्रमुख अंतरराष्ट्रीय सीमाओं में से एक है और प्रतीकात्मक रूप से एकता और शांति का संदेश देता है। बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर के इंस्पेक्टर जनरल अतुल फुलजेले ने कहा कि सीमा पर तैनात बलों और ग्रामीण समुदायों के लिए योग शारीरिक मजबूती और मानसिक संतुलन दोनों को बनाए रखने में मदद करता है।*

चेहरे पर वतन वापसी की खुशी

# 90 कश्मीरी छात्र लौटे घर सरकार का जताया आभार



एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान के युद्धग्रस्त क्षेत्र से सुरक्षित निकाले गए कश्मीरी विद्यार्थियों का पहला जत्था शुक्रवार सुबह श्रीनगर पहुंचा। घर पहुंचते ही विद्यार्थियों ने राहत की सांस ली। हालांकि अनंतनाग के रहने वाले कुछ विद्यार्थी रास्ते में ही उतर गए। कई विद्यार्थी रास्ते में अपने घरों के पास उतरे। श्रीनगर तक खाली बस ही पहुंची। उन्होंने सुरक्षित वापसी के लिए केंद्र सरकार का आभार जताया। 110 भारतीय विद्यार्थियों को गुरुवार को दिल्ली लाया गया था। इनमें 90 कश्मीरी थे, जिन्हें बस से उनके घर पहुंचाया गया। जिस बस से छात्रों को श्रीनगर ले जाया जा रहा है, वह बस रास्ते में 5 बार खराब हुई। एक बार तो बस को मरम्मत के लिए पठानकोट हाईवे पर दो घंटे तक खड़ा रखा गया। बस में 14 छात्राएं भी सवार थीं।

*नेपाल सड़क हादसा*

## 7 की मौत, 25 घायल कुछ की हालत गंभीर

**काठमांडू।** नेपाल के बागमती प्रांत में शनिवार को एक बस और इलेक्ट्रिक वाहन के बीच टक्कर होने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। हादसे में 25 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, सुबह करीब 10:15 बजे चितवन जिले में ईस्ट-वेस्ट हाईवे पर धनगढ़ी से काकरभिट्टा जा रही बस एक इलेक्ट्रिक वाहन से टकरा गई। घायलों को इलाज के लिए विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया है, जहां उनमें से कुछ की हालत गंभीर है। पचितवन पुलिस के प्रवक्ता रवींद्र खनल ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। घटना के कारणों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

## डीजीसीए से हेलिकॉप्टर संचालन की नहीं मिली अनुमति

6 दिनों में 5500 से अधिक टिकट रद्द हो चुके

# आज से बंद हो जाएंगी चारधाम हेली सेवाएं अब मानसून के बाद फिर से होंगी संचालित

एजेंसी ▶▶ देहरादून

मानसून की दस्तक ने चारधाम यात्रा में केदारनाथ धाम, बदरीनाथ व हेमकुंड साहिब के लिए हेली सेवाओं की उड़ान रोक दी है। 22 जून के बाद आगे की यात्रा के लिए हेली टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग नहीं होगी।

मानसून सीजन में उच्च हिमालयी क्षेत्रों में मौसम की चुनौती को देखते हुए नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) से हेलिकॉप्टर संचालन की अनुमति नहीं मिली है। केदारनाथ धाम के लिए दो मई से गुप्तकाशी, सिरसी, फाटा हेलिपैड से हेली सेवा का संचालन शुरू हुआ था।

टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग रोक दी गई है



### 6 दिन से कोई हेलीकॉप्टर नहीं उड़ा

*मौसम खराब होने की वजह से 6 दिन से कोई भी हेलीकॉप्टर उड़ नहीं पाया है। ऐसे में अब मानसून की दस्तक को देखते हुए 22 जून से हेलीकॉप्टर यहां से मूव कर जाएंगे और मानसून खत्म होने के बाद दोबारा से सभी कंपनियां वापस लौटेंगी। जिन यात्रियों के टिकट बुक हैं, वह आसानी से केदारनाथ की यात्रा कर सकेंगे।*

*राहुल चौबे, नोडल अधिकारी, चारधाम हेलीकॉप्टर सेवा*

### 39 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने की यात्रा

*अब तक 39,247 श्रद्धालु हेलीकॉप्टर से केदारनाथ की यात्रा कर चुके हैं। इस बार 8 कंपनियां हेलीकॉप्टर का संचालन कर रही हैं। 40 दिनों में चारधाम यात्रा में इस बार कर दुर्घटनाएं होने से 13 लोगों की जान जा चुकी है।*

### 15 सितंबर के बाद शुरू होगी हेली सेवा

*इस बार चारधाम यात्रा में हेलिकॉप्टर दुर्घटनाओं के चलते डीजीसीए व उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) की ओर से सख्त निगरानी की जा रही है। प्रदेश में मानसून दस्तक दे चुका है। डीजीसीए की ओर से अनुमति नहीं मिलने से 22 जून से आगे की यात्रा के लिए केदारनाथ व हेमकुंड साहिब हेली सेवाओं के टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग रोक दी गई। 15 जून को केदार घाटी में हेलिकॉप्टर दुर्घटना के बाद से अभी तक केदारनाथ के लिए हेलिकॉप्टरों ने उड़ान नहीं भरी।*

ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले भर में हुये सामूहिक योगाभ्यास के कार्यक्रम

# वैश्विक चेतना का उत्सव बन गया है योगः मंत्री राकेश सिंह





ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आज जिले भर में स्कूलों, कॉलेजों, नगरीय निकायों, विकासखण्ड मुख्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किये गये। योगाभ्यास के इन कार्यक्रमों में हजारों लोगों ने उत्साह से भागीदारी की। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिये योग" की थीम पर किया गया।

हरिभूमि जबलपुर।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास योग संगम का जिले का मुख्य कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्थित रानीताल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के इन्डोर हॉल में आयोजित किया गया। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, जन प्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कॉमन योगा प्रोटोकॉल के अनुसार योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया तथा प्राणायाम किया। सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी, डॉ अभिलाष पांडे, भाजपा के नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, नगर निगम के अध्यक्ष रिकुंज विज, कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गौंड भी इनमें शामिल थे।

कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के विशाखापट्टनम (आंध्रप्रदेश) में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। इसके साथ ही भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संबोधन का भी सीधा प्रसारण किया गया। इसके लिये रानीताल खेल परिसर के इंडोर हॉल में एलईडी स्क्रीन लगाई गई थीं।

कार्यक्रम के प्रारंभ में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने अपने संबोधन में नागरिकों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि योग हमारे ऋषि मुनियों द्वारा दिया गया वह ज्ञान है जिससे आज समूचा विश्व आलोकित हो रहा है। प्राचीन काल में योग हिमालय की कंदराओं में साधकों की साधना का माध्यम हुआ करता था, लेकिन आज यह न्यूयॉर्क की सड़कों से लेकर जबलपुर के घाटों तक और अफ्रीका के रेगिस्तान से लेकर जापान के उद्यानों तक सभी जगह अपनी छटा बिखेर रहा है।। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों का ही परिणाम है कि योग आज सिर्फ एक दिन का कार्यक्रम नहीं बल्कि वैश्विक चेतना का उत्सव बन चुका है। प्रधानमंत्री के एक प्रस्ताव पर दुनिया के 180 देशों ने यह स्वीकार किया कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति की यह अनुपम भेंट वैश्विक सकारात्मक परिवर्तन का साधन बन सकता है।

### केंद्रीय जेल में बंदियों ने किया योग

ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस केंद्रीय जेल जबलपुर के सुभाष वार्ड परिसर एवं अन्य बैरकों में योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए गये। कार्यक्रमों में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के प्रशिक्षकों ने स्टॉफ तथा अधिक बंदियों को योगाभ्यास, सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कराया गया। योग के कार्यक्रम में 362 बंदियों ने भागीदारी की। इस अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन भी किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी ने बंदियों को संबोधित किया और पाकशाला एवं अन्य स्थलों का अवलोकन भी किया। इस दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मती शक्ति वर्मा एवं न्यायिक दण्डाधिकारी ऋषि राज मिश्रा भी मौजूद थे।

### बाल गृह और आंगनवाड़ी केंद्रों में योगाभ्यास

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शासकीय बाल गृह जबलपुर में सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया गया। योग प्रशिक्षक महेन्द्र मिश्रा द्वारा योग के आसन करवाए गये। कार्यक्रम में संस्था के सभी बच्चों एवं स्टॉफ ने भाग लिया। जिले की कई आंगनवाड़ी केंद्रों में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किये गये। बच्चों ने इनमें उत्साह से भागीदारी की तथा योगाभ्यास किया।

### आयुर्वेद महाविद्यालय में योगाभ्यास

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय गौरीघाट में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास किया। संस्था के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ एल एल अहिरवाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सहयोग से नागरिकों को योग के प्रति जागरूक करने रैली निकाली गई तथा महाविद्यालय के स्वस्थवृत्त एवं योग विभाग द्वारा योग विषय पर रंगोली, नुक्कड नाटक` जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके साथ ही महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पौधारोपण भी किया गया।



संगठन सृजन अभियान पर बोले केन्द्रीय पर्यवेक्षक गुरदीप सिंह सप्पल

# कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अब अधिकारों से लैस होंगे

हरिभूमि जबलपुर।

कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत नियुक्त केन्द्रीय पर्यवेक्षक गुरदीप सिंह सप्पल ने यहां कहा की अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने संगठन को नये सिरे से मजबूत करने के लिये प्रयास शुरु कर दिये हैं। अब जिला लेवल पर अध्यक्ष को मजबूत बनाया जाएगा। उसे वित्तीय पोषण के साथ साथ अधिकार संपन्न भी बनाया जाएगा, ताकी सारे फैसले सबकी सहमति से जिला स्तर पर ही हो सकें।

जबलपुर प्रवास पर आए श्री सप्प्ल यहां होटल गुलजार में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। इस अवसर पर प्रदेश पर्यवेक्षक अजय सिंह राहुल के अलावा विधायक लखन घनघोरिया, पूर्व मंत्री तरुण भनोत, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, संजय यादव, नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा आदि उपस्थित रहे।

श्री उप्पल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा की केन्द्रीय नेतृत्व ने संगठन सृजन अभियान के तहत यह तय किया है की अब संगठन को मजबूती देने की आवश्यकता है।

इसी सिलसिले में केन्द्रीय व प्रादेशिक पर्यवेक्षक अपने अपने प्रभार के जिलों में दौरे कर रहे हैं। सभी विधायकों सांसदों और प्रत्याशी रहे नेताओं व ब्लाक स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ साथ कांग्रेस की विचारधारा को पोषित करने वाले आम लोगों से भी चर्चा कर यह तय कर रहे हैं की कौन सर्वमान्य व्यक्ति होगा जो सबको साथ लेकर चले और पूरे जिले में कांग्रेस को मजबूत कर सके। इस तरह की राय शुमारी के बाद नये सिरे से जिला अध्यक्षों की नियुक्ती की जाएगी। जिनपर जिले में संगठन मजबूत करने की जवाबदारी होगी। नये जिला अध्यक्षों को पार्टी की ओर से वित्तीय सहायता के साथ साथ अधिकार संपन्न भी बनाया जाएगा। अब नगरीय निकाय चुनाव के टिकिट हो या विधानसभा चुनाव के टिकिट जिला स्तर पर जिला अध्यक्षों को अधिकार दिये जाएंगे।

सभी पर्यवेक्षक विधानसभावार बैठक लेकर काबिल और सर्वमान्य नामों की तलाश कर रहे हैं। सभी वर्गों से चर्चा करने के बाद नामों का पैनल नेतृत्व के समक्ष भेजा जाएगा। जिला स्तर से लेकर ब्लॉक और मंडलम स्तर तक सक्रिय और जुझारू कार्यकर्ताओं को संगठन की कमान सौंपी जाएगी।

राज्य सरकार, एमपी-पीएससी व अन्य को नोटिस

# कुटीर एवं ग्राम उद्योग विभाग में सहायक संचालक की भर्तियां हाईकोर्ट के निर्णय के अधीन

हरिभूमि जबलपुर।



मप्र हाईकोर्ट ने कुटीर एवं ग्राम उद्योग विभाग में सहायक संचालक के पदों पर की जाने वाली भर्तियों को अपने अंतिम निर्णय के अधीन कर दिया है। जस्टिस एमएस भट्टी की सिंगल बेंच ने मप्र लोक सेवा आयोग, कुटीर एवं ग्राम उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा।

यह भर्ती मप्र लोक सेवा आयोग द्वारा की जा रही हैं। याचिका के जरिए एमपीपीएससी द्वारा जारी की गई चयन सूची को कठघरे में रखा गया है।

जबलपुर निवासी रवि मौर्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व हितेंद्र गोल्हानी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि नियमानुसार बीई तथा बीटेक डिग्री वाले अभ्यर्थी उक्त पद के लिए पात्र नहीं है, फिर भी आयोग ने उन्हें चयन सूची में शामिल किया है। उन्होंने बताया था कि आयोग ने अगस्त 2023 को विज्ञापन जारी कर मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग में सहायक संचालक के पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था। इसकी पात्रता के लिए किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कला, विज्ञान या वाणिज्य में स्नातक उपाधि के साथ सहकारिता से संवंधित दो वर्ष का अनुभव निर्धारित किया गया था। आयोग ने प्रतियोगी परीक्षा के बाद 4 जून 2025 को चयन सूची जारी की। इस चयन सूची में बीई तथा बीटेक डिग्रीधारियों को भी चयनित किया गया है। कोर्ट को बताया गया कि बीई तथा बीटेक डिग्री धारियों के लिए असिस्टेंट डायरेक्टर रूरल इंडस्ट्रीज (तकनीकी) पद मौजूद है जिसके लिए आयोग द्वारा प्रथक से विज्ञापन जारी किया गया था। इसमें केवल बीई तथा बीटेक डिग्रीधारकों से ही आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, कला, विज्ञान या वाणिज्य में स्नातक उपाधि वालों को अवसर नहीं दिया गया है।

## डकैती की योजना बनाने पर चार को पांच-पांच वर्ष का कारावास

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश विपिन सिंह भदौरिया की अदालत ने डकैती की योजना बनाते पकड़े गए जबलपुर निवासी विनय उर्फ सतीश यादव, अमनजीत सिंह संधू, लक्की उर्फ जय कुमार और आयुष समुद्रे का दोष सिद्ध पाया। चारों को पांच-पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। छह-छह हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजन प्रमोद कुमार पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि गोरखपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ असमाजिक तत्व बड़ी डकैती की फिराक में हैं। वे सुनसान जगह पर योजना बना रहे हैं। लिहाजा, टीम गठित कर दबिश दी गई। दो मार्च, 2023 को रात्रि में मौके पर उन्हें योजना बनाते पकड़ लिया गया। इसी के साथ अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया।

महापौर ने दिया ढाई साल का हिसाब

# बहुत जल्द इंदौर-भोपाल से आगे होगा जबलपुरः महापौर

हरिभूमि जबलपुर।




शहर के मुख्य मार्गों में अब गड्ढे ढूंढने से नहीं मिलते, अगले 2 साल में पूरे शहर की सीमा के गली कूचों की सड़कों में भी गड्ढे नहीं होंगे। वर्तमान नगर निगम का कार्यकाल खत्म होने के पूर्व जबलपुर शहर कई मामलों में भोपाल और इंदौर से आगे होगा। मकानों और भवनों में वाटरहार्वेस्टिंग से एक कदम आगे जाते हुये अब सड़कों और नालियों में बहने वाले पानी को भी सहेजने के लिये वाटरहार्वेस्टिंग योजना नगर निगम जबलपुर लाएगा। यह दावे और वादे जबलपुर के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने शनिवार को आयोजित पत्रकारवार्ता में कही। महापौर मानस भवन में नगर निगम के 2।5 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित कर रहे थे। यहां नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, मेयर इन काउंसिल सदस्य विवेकराम सोनकर, दामोदर सोनी, अंशुल राघवेन्द्र यादव, रजनी कैलाश साहू सहित निगम अधिकारी अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा, शैलेंद्र कौरव, जागेन्द्र सिंह, आलोक शुक्ला मौजूद थे।

महापौर ने यहां बताया, ढाई साल के कार्यकाल में नगर निगम के उद्यान विभाग द्वारा 31 मार्च 2025 तक करीब 6 सौ करोड़ रुपये के विकास कार्य किये जा चुके हैं। स्वच्छ वायू और स्वच्छ पर्यावरण के मामलों में नगर निगम जबलपुर ने देश में दूसरा और प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। वहीं नगर निगम के लोककर्म विभाग ने शहर विकास करीब 5 अरब रुपये के कार्य किये हैं। महापौर ने बताया 5 जून पर्यावरण दिवस के मौके पर डुमना नेचर पार्क में 5 हजारा पौधों का रोपण किया गया। वहीं आगामी 1 माह में 1 लाख पौधों को रोपण किया जाएगा।

महापौर ने बताया नगर निगम द्वारा 2.5 साल के कार्यकाल में 500 करोड़ रुपये की सड़क नाली के कार्य हुये हैं। वहीं निगम के इतिहास में पहली बार सिर्फ उद्यान विभाग के 75 करोड़ की राशि से 136 कार्य स्वीकृत हुये हैं। जिसमें 51 उद्यानों का सौंदर्यीकरण एवं निर्माण कार्य हो चुका है। वहीं 1 लाख पेड़ लगाने, लैण्ड स्क्रैपिंग, ग्रीनवाल, 50 फव्वारे सहित सिटी ब्यूटिफिकेशन के 11 करोड़ रुपये के कार्य शुरु हुये हैं। 10 करोड़ रुपये की लागत से एक दिन में 11 लाख पौधारोपण कार्य के लिये कार्यादेश जारी किये गये हैं। प्रदेश का सबसे उंचा तिरंगा तिलवारा में फहरा रहा है। वहीं सिविक सेंट में प्रदेश का पहला भारत माता मंदिर का निर्माण प्रगति पर है। महापौर ने बताया, शहर के 6 एंट्री प्वाइंट पर 11 करोड़ रुपये की लागत से विशेष कार्य कराए जा रहे हैं। 6 माह के अंदर सभी 6 एंट्री गेट शहर को नया स्वरूप देंगे। हर एंट्री प्वाइंट पर जीरो अतिक्रमण, जीरो शराब, ग्रीनरी के साथ साथ भव्य गेट होगा।

बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाकार्ता पिता के हवाले किया गया

# हाई कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने नाबालिग को खोजा

**जबलपुर** । मप्र हाईकोर्ट के आदेश पर सागर जिला अंतर्गत मालथोन थाने की पुलिस ने गुमशुदा नाबालिग की तलाश तेज कर दी। बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाकर्ता पिता द्वारा लगाए गए आरोप के अनुरूप नाबालिग को खोजने का प्रयास किया गया। अंततः नाबालिग संदेही चिराग चौहान के कब्जे से बरामद कर ली गई। उसे हाई कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पुलिस ने जस्टिस अनुराधा शुक्ला व जस्टिस अमित सेठ की डिवीजन बेंच को अवगत कराया कि जिसके कब्जे से नाबालिग को बरामद किया गया है, उसके विरुद्ध अपहरण का प्रकरण

**अपहर्ता के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करने की दी गई जानकारी**

कायम कर लिया गया है। यही नहीं अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

कोर्ट ने नाबालिग के बयान पर गौर करने के बाद नाबालिग को बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाकर्ता के हवाले कर दिया। बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाकर्ता पिता का आरोप था कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी के गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। लेकिन मालथोन पुलिस गंभीरता से खोज नहीं रही थी। इसीलिए हाई कोर्ट आना पड़ा। उसकी ओर से अधिवक्ता रत्नभारत तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि चिराग चौहान पर संहेह के पुख्ता आधार हैं। इस बारे में पुलिस को जानकारी दी गई। चूंकि चिराग का परिवार राजनीतिक पकड़ रखता है, अतः पुलिस दबाव में है। हाई कोर्ट आदेश जारी करे तो पुलिस ठीक से तलाश करेगी। हाई कोर्ट ने सख्ती बरती तो पुलिस सक्रिय हो गई।

# रिकवरी के संबंध में विचार कर उचित निर्णय पारित करें एसपी

*हाईकोर्ट का निर्देश*

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने रेडियो एसपी जबलपुर को निर्देश दिए कि याचिकाकर्ताओं के द्वितीय समयमान वेतनमान की रिकवरी के संबंध में विचार कर उचित निर्णय पारित करें। जस्टिस एमएस भट्टी की सिंगल बेंच ने इसके लिए 60 दिन की मोहलत दी।

जबलपुर के रेडियो एसपी कार्यालय में पदस्थ सब इंस्पेक्टर भरत लाल नाग की ओर से अधिवक्ता सचिन पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी 2021 के एक आदेश के तहत द्वितीय समयमान वेतनमान के लाभ की रिकवरी करने का प्रयास किया जा रहा है। शासन की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ता उक्त लाभ पाने का पात्र नहीं है। याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश के अनुसार इस तरह की रिकवरी नहीं की जा सकती। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को सुको के निर्णय की प्रति के साथ नए सिरे से अभ्यावेदन प्रस्तुत करने कहा।

# नानी के सामने नाती का किया अंतिम संस्कार

**जबलपुर।** रांझी थानांतर्गत गोकलपुर निवासी 55 वर्षीय अब्बू सिंह राजपूत क्षेत्र में चाय-पान की दुकान चलाकर गुजर-बसर कर रहा था, जिसका स्वास्थ्य दो दिन पूर्व 18 जून को खराब हो गया, तो उसके दोस्तों ने विक्टोरिया अस्पताल में उसे भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान अब्बू का निधन हो गया। विक्टोरिया से मिली जानकारी पर गरीब नवाज कमेटी ने मृतक के परिजनों की तलाश की तो उसकी नानी का पता चला, अंतिम संस्कार के लिए जब कोई परिजन आगे नहीं आये तो गरीब नवाज कमेटी ने तिलवारा मुक्तिधाम में नानी की मौजूदगी में अब्बू का अंतिम संस्कार किया। इस कार्य में रियाज अली, बाबू खान, मो. करीम, युसुफ मालगुजार, दीपक निगम, बच्चू नानकानी, अफरोज मंसूरी, मो. अयाज आदि ने सहयोग किया।

## खबर संक्षेप



### बैंक ऑफ इंडिया में हुआ व्यावसायिक कार्यक्रम

**जबलपुर।** बैंक ऑफ इंडिया के प्रधान कार्यालय से पधारे महाप्रबंधक (वसूली एवं विधि विभाग प्रधान कार्यालय) संजीव सरकार के जबलपुर अंचल में 20 एवं 21 जून 2025 को आगमन के दौरान कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 20 जून को ग्राहक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन जबलपुर आंचलिक कार्यालय में किया गया।उसके पश्चात श्री सरकार ने अंचल के विभिन्न टॉप जमा ग्राहकों से मुलाकात की, उनका स्वागत और अभिनंदन किया और उनसे हमारी बैंकिंग सेवाओं हेतु उनके मूल्यवान फीडबैक एवं सुझाव प्राप्त किए तथा सभी जमा ग्राहकों से अपील की कि वे हमारी अन्य कई बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठाएं और अपने जानकार अन्य ग्राहकों को भी हमारे बैंक से जोड़ें।

### अब पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से जुड़ना और भी आसान

**जबलपुर।** अब पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से जुड़ना और भी आसान हो गया है। आपकी सुविधा के लिए कंपनी ने अपना आधिकारिक वॉट्सएप चैनल शुरू किया है। इस चैनल से जुड़कर बिजली उपभोक्ता कई सुविधाएं प्राप्त कर सकते हैं। ताजा अपडेट्स बिजली आपूर्ति, रखरखाव कार्य और नई योजनाओं से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारी सबसे पहले पाएं।

### संत रविदास मंच ने आभार व्यक्त किया

**जबलपुर।** संत रविदास विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शारदा प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को विगत दिवस सौंपे गए ज्ञापन पर त्वरित कार्यवाही करने तथा रविदास मंदिर के पीछे चौधरी मोहल्ला ग्वारीघाट निवासी मीराबाई चौधरी पति धनीराम चौधरी को कृष्ण कुमार विश्वकर्मा आत्मज सुंदरलाल विश्वकर्मा द्वारा मकान खाली करने दिए गए नोटिस को निरस्त करने पर जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं मीडिया का आभार व्यक्त किया है। मंच के रामसिपाही सेठ, राजीव चौधरी, राकेश कुमार, चंदाबाई चौधरी ने प्रशासन के सहयोग की सराहना की है।

### जय महाकाल संघ ने रेलवे जीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** जय महाकाल संघ अंतर्राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया रामकृष्ण तिवारी के दिशा निर्देश पर रेलवे स्टेशन में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर रविंदर पाल चड्ढा संभाग अध्यक्ष चिकित्सा महासंघ द्वारा एक ज्ञापन रेलवे जीएम के नाम सीनियर डीसीएम को सौंपा गया। संघ ने जबलपुर रेलवे स्टेशन में पीने के पानी की व्यवस्था करने, प्लेटफार्म पर ट्रेन आने के 15 मिनट पहले डिस्प्ले बोर्ड पर जानकारी देने तथा वाहन स्टैंड पर यात्रियों व उनके परिजनों से स्टैंड कर्मचारियों द्वारा अभद्र व्यवहार और अवैध वसूली, गुंडागर्दी बंद किए जाने की मांग की।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले भर में सामूहिक योगाभ्यास

# लोगों के सिर चढ़कर बोला योग का जादू

**जबलपुर।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पूरे जिले भर में योग दिवस का आयोजन किया गया और बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने योगाभ्यास किया। शहर में योग का जादू लोगों के सर चढ़कर बोला।

विद्युत कंपनियों में योगाभ्यास

एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी, मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी और मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अभियंताओं, कार्मिकों व उनके परिजनों ने प्रातः 6.30 बजे तरंग प्रेक्षागृह परिसर में योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक हरलाल कछवाह, राम लाल रजक, कालीचरण पंडा व भोला यदुवंशी ने प्रतिभागियों को योगाभ्यास करवाया। इस अवसर पर योग गुरू



हरलाल कछवाह, रामलाल रजक, कालीचरण पंडा व भोला यदुवंशी को शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### वीयू में सामूहिक योगाभ्यास

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में कुलगुरु डॉ. मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय एवं मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय द्वारा विशेष योग सत्र एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. मनदीप शर्मा ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम है।

### पुलिस लाईन में योगाभ्यास

पुलिस लाईन स्थित सामुदायिक भवन में पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय के मार्गदर्शन में योगाभ्यास कार्यक्रम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, एवं उप पुलिस अधीक्षक आशीष जैन की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

### पमरे मुख्यालय एवं रेल मंडल में योग दिवस

पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंद्योपाध्याय के निर्देशन में एवं जबलपुर रेल मंडल प्रबंधक कमल तलरेजा के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिया योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंद्योपाध्याय ने कहा कि योग एक वैज्ञानिक, वैश्विक तथा पंथ निरपेक्ष जीवन पद्धति है। योग एक अच्छा व्यायाम है, योग अभ्यास में शरीर, मन और आत्मा का संतुलन बनाने में हमारे शरीर के अंगों का एक साथ उपयोग होता है, इसके साथ ही उन्होंने सभी को नियमित योग करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस डी पाटीदार द्वारा आभार व्यक्त किया गया।



# योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं : प्राचार्य डॉ. आरएस चंडोक

**जबलपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा आयुष मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार 21 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएस चंडोक के मार्गदर्शन में किया गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" निर्धारित की गई थी। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों और प्राध्यापकों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य के लिए योग को जीवन में अपनाने की प्रेरणा देना था। इस अवसर पर प्राचार्य ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा है, जिसकी प्रासंगिकता आज पूरे विश्व ने स्वीकार की है। वर्ष 2014 में भारत की पहल पर, योग को वैश्विक पहचान देते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया और तब से यह दिन वैश्विक मंच पर भारत की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बन गया है। आज योग दिवस के वैश्विक उत्सव का 11वां संस्करण है। इस अवसर पर मैं सभी से आग्रह करता हूं कि योग को केवल आज के दिन तक सीमित न रखें इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं तभी यह दिवस सार्थक होगा और हमारा जीवन वास्तव में स्वस्थ, संतुलित और सशक्त बन सकेगा। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिखा पाराशर, डॉ. विमल शुक्ला, डॉ. रोहित वर्मा, डॉ. संजय गुप्ता एवं अन्य सभी प्राध्यापकों व विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर महाराजपुर सुहागी के नागरिकों ने किया योग



**जबलपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर महाराजपुर सुहागी के विभिन्न क्षेत्रों में वरिष्ठ कनिष्ठ क्षेत्रीय नागरिकों के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वाहन पर योग किया गया। इस मौके पर भाजपा सुहागी मंडल के पूर्व अध्यक्ष कुणाल सिंह पटेल, लक्ष्मण पाठक, पवन, आशु प्रजापति, कमलेश यादव, अजय साहनी, बबलू उपाध्याय, नितिन शर्मा, लोखंडे, लरिचा मेडम, तृप्ति लाडिया, लक्ष्मीकांत वरिष्ठ समाज सेवक झा साहेब, प्रभु सोधिया, बाला चंद्रादु, योगेश शर्मा, पिल्ले जी और मेत्री नगर कालोनी वासी उपस्थित रहे।

## बरगी विधायक नीरज सिंह ने किया भूमि पूजन

# भेड़ाघाट आने वाले पर्यटकों को नहीं होगी असुविधा

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर पूरे देश में कई तरह के आयोजन किये जा रहे हैं, इसी कड़ी में जबलपुर के विश्व प्रसिद्ध भेड़ाघाट में आने वाले पर्यटकों को अच्छी सुविधा मिले इसके लिए नगर परिषद भेड़ाघाट में दो करोड़ से ज्यादा के कार्यों का बरगी विधायक नीरज सिंह ने भूमि पूजन किया। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी और विधायक नीरज सिंह ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पार्क में एक पौधा रोपा, इसके साथ ही भेड़ाघाट में रहने वाले गरीब परिवारों को धारण अधिकार के पट्टों का वितरण किया। इधर नगर परिषद भेड़ाघाट अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी ने बरगी विधायक नीरज सिंह के माध्यम से सरकार से मांग की कि नर्मदा किनारे सालों से जो गरीब परिवार रह



रहे हैं उनके पास सिर्फ टैक्स रसीद के अलावा कुछ भी नहीं है और न ही वह अपने घरों की मरम्मत करा सकते हैं, ऐसे में उनकी मदद भी सरकार करे जिससे कि शिल्प कला के माध्यम से अपना परिवार चलाने वालों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजनाओं का लाभ मिल सके। नगर परिषद में आयोजित किये गए भूमि पूजन के इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष जगदीश दाहिया, विधायक प्रतिनिधि ओमनारायण दुबे, पूर्व अध्यक्ष सुनील जैन, दिलीप राय, पूर्व उपाध्यक्ष किशोर दुबे, विक्रम सिंह झारिया, निधि परोहा, लक्ष्मीनारायण दुबे, धर्मेंद्र पुरी, पार्षद महेश तिवारी, सजल तिवारी, रमेश यादव, आदि मौजूद रहे।



## विकलांग बच्चों ने भी किया योग

**जबलपुर।** 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मालपाणी परिवार के द्वारा योग दिवस का आयोजन ग्राम नटवारा में किया गया, जिसमें गांव के बच्चों ने और उन विकलांग बच्चों ने जिनके पैर मालपाणी परिवार द्वारा लगवाए गए, उन सभी ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और अपने योग प्रदर्शन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर अनेक महिला कांस्टेबल्स का सम्मान भी किया गया, गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार की किट वितरित की गई और ग्रामवासियों को इंडक्शन प्लेट, कुकर और पैन का भी वितरण मालपाणी परिवार की ओर से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक डॉक्टर अभिलाष पांडे, विशिष्ट अतिथि के तौर पर ग्राम सरपंच श्री अग्निहोत्री, पुलिस विभाग से कीर्ति पांडे और श्रद्धा मालपाणी व प्रवीण सिंह उपस्थित रहे।

## नगर की अपर्णा पाठक को फिजिक्स में गोल्ड मेडल

**सिहोरा।** नगर की अपर्णा पाठक को सागर विश्वविद्यालय ने एम एस सी फिजिक्स में गोल्ड मेडल प्रदान किया है। डॉ हरि सिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय,सागर द्वारा केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी,जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल,खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत,सांसद सागर श्रीमती लता वानखेड़े, कुलाधिपति कन्हैया लाल बेरवाल एवं कुलपति प्रोफेसर नीलिमा गुप्ता की उपस्थिति में आयोजित विश्वविद्यालय के तेंतीसवें दीक्षांत समारोह में नगर की छात्रा कुमारी अपर्णा पाठक को एम.एस.सी .फिजिक्स में गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर्णा के दादा अश्वनी कुमार पाठक,पिता एडवोकेट प्रिय दर्शन पाठक,मां सुमन पाठक भी उपस्थित थी।ब्राह्मण समाज सिहोरा ने समाज एवं सिहोरा नगर को गौरवान्वित करने के लिए अपर्णा को बधाई दी।

### पेंशनर्स 23 जून को प्रधानमंत्री के नाम सौंपेंगे ज्ञापन

**जबलपुर।** प्रमुख पेंशनर्स संगठन के तत्वावधान में 23 जून 2025 को दोपहर 12:30 बजे जबलपुर जिले के सभी पेंशनर्स साथी उपस्थित होकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक मांग पत्र प्रस्तुत करेंगे, जिसमें मांग की जा रही है कि आठवें पे कमीशन के लाभ से केंद्र तथा राज्य के पेंशनर्स को वंचित रखना या किया जाना न्याय हित में नहीं है तथा पूर्व में भी मान. सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा पेंशनर्स हित में संवर्धन को ध्यान में रखकर अनेक फैसला किए जा चुके हैं, इस संबंध में पिछले लोकसभा सत्र के दौरान जो विधेयक लाया गया उससे देश के तमाम पेंशनर्स में आक्रोश की भावना व्याप्त है। अतः इस मांग को लेकर सभी पेंशनर्स अपना एक सूत्रीय मांग पत्र 23 जून को जबलपुर जिले के कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजेंगे। संगठन के एचपी उरमलिया, एमएल चौकसे, मोहन अग्रवाल, डीपी दुबे, उमेश दुबे, शेषमणि पांडे, आरके श्रीवास्तव, एके शुक्ला, बीएसपी गौर, एसपी शुक्ला, सीएल दोहरी, प्रकाश गर्ग, एसके श्रीवास्तव आदि ने सभी पेंशनर्स साथियों से समय पर कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## विधायक बरकडे ने भी किया योग

# योग दिवस पर नगर में जगह-जगह आयोजन

**सिहोरा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए गये। पंडित विष्णुदत्त स्कुल में आयोजित मुख्य समारोह में सिहोरा विधायक संतोष बरकडे ने सभी छात्र छात्राओं के साथ योग किया। सांदीपनि विद्यालय सिहोरा में संतोष बरकड़े विधायक के मुख्य आतिथ्य, संध्या दिलीप दुबे नगर पालिका अध्यक्ष,रश्मि मनेंद्र अग्निहोत्री जनपद पंचायत अध्यक्ष, अनुपम सराफ, रीता शुक्ला पार्षद, एसडीएम रुपेश सिंघई, बीईओ अरविंद धुर्वे के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया।

इस वर्ष की योगा थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य रही जिसमें हार्टफुल्नेस जबलपुर की टीम के अलावा मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेन्द्र कुमार ओझा एंव उनकी टीम ने उपस्थित होकर सहभागिता की। आयोजन में नरेन्द्र मोदी विचार मंच महिला शाखा की




प्रदेश महामंत्री एकता अश्वनी तिवारी ने विद्यालय की बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम देने वाले शिक्षक,शिक्षिकाओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि विधायक बरकडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग हमारे जीवन के लिए बहुत ही उपयोगी है हमें रोज योग करना चाहिए।योग से हम स्वस्थ रहते हैं शरीर में नई ऊर्जा का संचार होता है । प्राचार्य अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि योग एक ऐसी प्राचीन विधा है जिसका उद्भव हमारे देश से ही हुआ है इसलिए आज भारत विश्व में योग गुरु के नाम से जाना जाता है। इस अवसर पर योग ट्रेनर सुधा उपाध्याय, रवि प्रकाश मिश्रा, सविता पटेल, हरिराम राय,अशोक पटेल, प्रखर गुप्ता, निधि शुक्ला, सरस्वती सिंह राणा, धीरेन्द्र कुमार पाण्डे, रश्मि राय आदि उपस्थित थे।



## नगर परिषद भेड़ाघाट में मनाया गया 11वां अंतर्ष्ट्रीय योग दिवस

**भेड़ाघाट।** योग एक मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक अनुशासन या अभ्यास है। यह एक ऐसी विद्या है जो तन, मन और आत्मा को संतुलन में रखती है। नगर परिषद भेड़ाघाट द्वारा धुआंधार जल प्रपात के समीप 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस व्यापक स्तर पर मनाया गया। बरगी विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक नीरज सिंह ठाकुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी, उपाध्यक्ष जगदीश दाहिया, विधायक प्रतिनिधि ओमनारायण दुबे, पार्षद संध्या सिंह, सजल तिवारी उपस्थित रहे एवं संदीप पटेल, प्रमोद पटेल, संजय साहू तथा निकाय की ओर से सीएमओ विक्रम सिंह झारिया, लक्ष्मीनारायण दुबे, सुनील बैरागी, श्रीकृष्ण दुबे, अमित मिश्रा, डालचंद सेन, रज्जन पटेल, अरुण दुबे, संदीप बर्मन, शुभम ठाकुर, विक्रम सिंह, अमन ठाकुर एवं अन्य कर्मचारी सहित क्षेत्रीयजनों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।




**श्रीमती शकुंतला चौरसिया-** आदित्य कॉलोनी नर्मदा रोड निवासी श्री आरसी चौरसिया की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला चौरसिया (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।



**श्री हिमांशु तिवारी-** बेलबाग छुई मोहल्ला निवासी श्री भुक्काड प्रसाद तिवारी के पुत्र श्री हिमांशु तिवारी (16) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मंजू खरे-** कृष्णा विहार सागर कॉलोनी धनवंतरी नगर निवासी श्री सीएस खरे की धर्मपत्नी श्रीमती मंजू खरे (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री तुलसीदास पासी-** लालमाटी चांदमारी ओम कला मंदिर रोड निवासी श्री तुलसीदास पासी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री देवीदीन-** सदर स्थित एपीएन स्कूल के पीछे निवासी श्री देवीदीन (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विनोद कुमार श्रीवास-** छोटी ओमती निवासी श्री विनोद कुमार श्रीवास (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मधु बारमाटे-** गोहलपुर अमखेरा हनुमंत नगर निवासी श्री अनिल बारमाटे की धर्मपत्नी श्रीमती मधु बारमाटे का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कुसुम देवी विश्वकर्मा-** पुष्पक नगर अधारताल निवासी श्री प्रकाशचंद विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम देवी विश्वकर्मा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कैलाश कोरी-** वल्दी कोरी की दफाई निवासी श्री मिठाई लाल कोरी के पुत्र श्री कैलाश कोरी (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मेघा बेन-** रामपुर बेन मोहल्ला निवासी श्री आकाश बेन की धर्मपत्नी श्रीमती मेघा बेन (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कमल बेन-** आचार्य विनोबा भावे वार्ड ताड़ीखाना के पीछे निवासी श्री शंभू बेन के पुत्र श्री कमल बेन (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गोविंद कोल-** बर्न कम्पनी रोड कांचघर निवासी श्री गणेश कोल के पुत्र श्री गणेश कोल (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362160



## वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ का संदेश, हर दिन करें योग जीवन बने निरोग

**जबलपुर।** योग दिवस पर वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ पूर्व इंडियन मेनोपॉज सोसाइटी अध्यक्ष एवं विमल नर्सिंग होम संचालक डॉ. अलका अग्रवाल ने योगा करके योग दिवस मनाया और एक पौधा भी लगाया। साथ ही यह संदेश दिया "हर दिन करें योग, जीवन बने निरोग।" उन्होंने बताया योग केवल व्यायाम नहीं, यह जीवन को संतुलित करने का माध्यम है। यह शरीर को शक्ति देता है, मन को शांति और आध्यात्मिकता को गहराई। हर दिन कुछ समय योग को समर्पित करें, स्वस्थ तन, शांत मन और ऊर्जावान जीवन के लिए योग जरूरी है।

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS RAJENDRA SINGH I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS RAJENDRA SINGH PADAM S/O KULVINDAR SINGH PADAM RESIDENT OF 2041/39, WARD NO. 15, GURUDEV COLONY, BEDI NAGAR, MADAN MAHAL, JABALPUR (M. P.) 482001.

**CHANGE OF NAME**

I, SADASHIV NAVI is legally Father of No 15740428N Rank HAV Name SANTOSH NAVI presently, residing at VILL-RABKAVI, TEH- RABKAVI BANAHATTI, PO-RABKAVI, DISTT- have BAGALKOT (KARNATAKA)-587314 I, changed of my name from SADASHIV (Name as per my SON, Army service records)) to SADASHIV NAVI (name as per my AADHAR CARD) vide affidavit dated 20/06/2025 formerly before Public Notary RAMDAS SHARMAMP HIGH COURT, JABALPUR
CORRECT NAME
SADASHIV NAVI
INCORRECT NAME
SADASHIV

**CHANGE OF NAME**

I, YALLAVVA NAVI is legally Mother of No 15740428N Rank HAV Name SANTOSH NAVI presently, residing at VILL-RABKAVI, TEH- RABKAVI BANAHATTI, PO-RABKAVI, DISTT- BAGALKOT (KARNATAKA)-587314 I, have changed of my name from YALLAVVA (Name as per my SON, Army service records)) to YALLAVVA NAVI (name as per my AADHAR CARD) vide affidavit dated 20/06/2025 formerly before Public Notary RAMDAS SHARMAMP HIGH COURT, JABALPUR
CORRECT NAME
YALLAVVA NAVI
INCORRECT NAME
YALLAVVA

# पहली सैलरी से शुरू करें एसआईपी, हर इंक्रीमेंट पर टॉप अप, खूब बढ़ेगा पैसा

- कमाई में 5% सालाना हाइक जल्द बना देगी आपको करोड़पति
- इंक्रीमेंट को रोज की जरूरतों पर खर्च करने के बजाय निवेश करें
- इससे आप कम समय में ही अच्छा पैसा जुटाने में सक्षम होंगे
- इंक्रीमेंट के पैसों का सही इस्तेमाल बड़ा कॉर्पस तैयार करेगा

निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

अगर आप भी जल्द करोड़पति बनना चाहते हैं तो सधे कदमों से लक्ष्य तय कर निवेश करें। कोशिश करें कि अपनी पहली सैलरी आते ही कम से कम उसका 5 फीसदी हिस्सा निवेश करें। इसके बाद हर इंक्रीमेंट पर टॉपअप के रूप में अपने निवेश को बढ़ाते जाएं। इससे आपका पैसा खूब बढ़ेगा और आप कम समय में ही करोड़पति बनने के अपने लक्ष्य को पूरा कर लें। चूंकि इसमें कंपाउड आपके पैसे को दिन दूनी और रात चौगुनी गति से बढ़ाएगा। आप कम समय में ही अमीर बन जाएंगे। क्या हाल फिलहाल में आपकी सैलरी में भी एनुअल इंक्रीमेंट हुआ है। यह सालाना इंक्रीमेंट आमतौर पर सैलरी का 5 से 10 फीसदी या और अधिक भी हो सकता है। इसका मतलब है कि इंक्रीमेंट पाने वालों की सैलरी अब बढ़कर आ रही होगी या आएगी। आप इस इंक्रीमेंट के पैसों को किस तरह से देखते हैं। क्या इसे आप अपनी रोज की जरूरतों पर ही खर्च करना चाहते हैं, या इसका इस्तेमाल आप अपने लिए फाइनेंशियल प्लानिंग में करना चाहेंगे। अगर आप इन अतिरिक्त पैसों का सही इस्तेमाल करें तो लंबी अवधि में इसी 5 से 10 फीसदी इंक्रीमेंट से बड़ा कॉर्पस बना सकते हैं। इसके लिए म्यूचुअल फंड एसआईपी और हर साल उसमें टॉप अप बेहतर विकल्प है।

### क्या है एसआईपी टॉप अप

सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) म्यूचुअल फंड में निवेश की ऐसी व्यवस्था है, जहां आप किसी स्कीम में अपना पैसा एक साथ लगाने की बजाए, मंथली बेसिस पर लगाते हैं। मंथली निवेश के लिए उस स्कीम के तहत मिनिमम या कितना भी अमाउंट फिक्स किया जा सकता है। वहीं, हर साल बाद इस अमाउंट में इसके एक तय फीसदी रकम के साथ बढ़ोतरी करना टॉप-अप एसआईपी होता है। उदाहरण के लिए अगर आपने 5,000 रुपये मंथली एसआईपी से निवेश शुरू किया और 1 साल तक हर महीने 5,000 रुपये स्कीम में जमा होता रहा। वहीं 13वें महीने इस पूरे साल के लिए (13 से 24 महीने के लिए) आपने इस अमाउंट में 10 फीसदी बढ़ोतरी का विकल्प चुन लिया। ऐसे में 13वें महीने से 5,000 रुपये की जगह 5500 रुपये मंथली जमा होगा। फिर 25वें महीने यानी 2 साल पूरे होने पर आपने 5500 रुपये का 10 फीसदी फिर निवेश के लिए बढ़ा दिया। टॉप अप एसआईपी में ऐसी बढ़ोतरी हर साल बाद की जाती है।

### इंक्रीमेंट करोड़पति बनाने में कैसे आएगा काम

मान लिया कि आपकी जॉब पिछले साल लगी थी और तब आपने सैलरी मिलते ही उसमें से 5000 रुपये की एसआईपी शुरू कर दी। वहीं आपने मन बनाया कि हर इंक्रीमेंट के एक हिस्से से हर साल एसआईपी टॉप अप करेंगे।

### ऐसे समझें रिटर्न का गणित केस-1

- 10 साल के लिए एसआईपी टॉप-अप
- शुरुआती मंथली एसआईपी : 5,000 रुपये
- ड्यूरेशन : 10 साल
- अनुमानित रिटर्न : 12 फीसदी
- हर 1 साल पर 10% टॉप अप

10 साल में कुल निवेश : 9,56,245 रुपये

- 10 वर्ष बाद एसआईपी वैल्यू: 16,87,163 (करीब 17 लाख रुपये)
- कुल फायदाः 7,30,918 रुपये (7.30 लाख रुपये)



### केस-2

- 15 साल के लिए एसआईपी टॉप-अप
- शुरुआती मंथली एसआईपी : 5,000 रुपये
- ड्यूरेशन : 15 साल
- अनुमानित रिटर्नः 12 फीसदी
- हर 1 साल पर 10% टॉप अप
- 15 साल में कुल निवेशः 19,06,349 रुपये
- 15 वर्ष बाद एसआईपी वैल्यू : 43,41,925 (करीब 43.50 लाख)
- कुल फायदाः 24,35,576 रुपये (24.35 लाख रुपये)

### केस-3

- 20 साल के लिए एसआईपी टॉप-अप
- शुरुआती मंथली एसआईपी : 5000 रुपये
- ड्यूरेशन : 20 साल
- अनुमानित रिटर्न : 12 फीसदी
- हर 1 साल पर 10% टॉप अप
- 20 साल में कुल निवेश : 34,36,500 रुपये
- 20 वर्ष बाद एसआईपी वैल्यू : 99,44,358 (करीब 1 करोड़)
- कुल फायदा : 65,07,858 रुपये (65 लाख रुपये)

### एसआईपी में टॉपअप ऐसे करें

- अपने एसआईपी प्रदाता से संपर्क करें : अपने एसआईपी प्रदाता की वेबसाइट या ग्राहक सेवा से संपर्क करें।
- टॉपअप विकल्प चुनें : अपने एसआईपी खाते में टॉपअप विकल्प चुनें और आवश्यक विवरण दर्ज करें।
- टॉपअप राशि निर्धारित करें : टॉपअप की जाने वाली राशि निर्धारित करें और यह सुनिश्चित करें कि आपके खाते में पर्याप्त धन है।
- टॉपअप आवृत्ति चुनें : टॉपअप की आवृत्ति चुनें, जैसे कि मासिक या त्रैमासिक।
- पुष्टि करें : अपने टॉपअप अनुरोध की पुष्टि करें और यह सुनिश्चित करें कि आपके एसआईपी खाते में आवश्यक अद्यतन हो गए हैं।

### एसआईपी में टॉपअप के फायदे

- बढ़ता हुआ निवेश : एसआईपी में टॉपअप करने से आपका निवेश बढ़ सकता है और आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- नियमित निवेश : टॉपअप सुविधा के साथ, आप नियमित रूप से अपने निवेश को बढ़ा सकते हैं।
- लचीला निवेश : एसआईपी में टॉपअप करने से आपको अपने निवेश को लचीला बनाने में मदद मिल सकती है, जिससे आप अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यकतानुसार निवेश कर सकते हैं।
- एसआईपी में टॉपअप करने से आपको अपने निवेश को बढ़ाने और अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।

# बिजनेस शुरू करने के लिए बना रहे हैं लोन का प्लान, तो जान लें कुछ बातें

पहले जान लें बिजनेस लोन आखिर कितने प्रकार के होते हैं | अगर खुद का कारोबार शुरू करना चाहते हैं, बैंक से लोन जानें

ज्ञान

बिजनेस डेस्क

आजकल लोग बैंक से लोन लेकर अपनी जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। इसमें होम लोन, कार लोन, एजुकेशन लोन और पर्सनल लोन आदि शामिल हैं। इसके अलावा बैंकों द्वारा अपने ग्राहकों को बिजनेस शुरू करने के लिए बिजनेस लोन भी दिए जाते हैं। बिजनेस लोन का इस्तेमाल लोग मशीनरी खरीदने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों और बिजनेस में निवेश करने के लिए ले सकते हैं। अगर आप भी खुद का बिजनेस शुरू करने वाले हैं और निवेश के लिए बिजनेस लोन लेने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको बिजनेस लोन के प्रकार के बारे में जरूर पता होना चाहिए। आज हम इस रिपोर्ट के जरिये आपको बताएंगे कि बिजनेस लोन के कितने प्रकार होते हैं।

### बिजनेस टर्म लोन

बिजनेस टर्म लोन वह लोन होता है, जिसमें एक निश्चित राशि निश्चित अवधि के लिए दी जाती है। इस लोन को नियमित किश्तों के जरिए चुकाना होता है।

### बिजनेस वर्किंग कैपिटल लोन

बिजनेस वर्किंग कैपिटल लोन वह लोन होता है, जो कि एक व्यवसाय को उसकी दैनिक परिचालनों के खर्चे को पूरा करने के लिए दिया जाता है। यह लोन बिजनेस में कैश की समस्या से जूझ रहे लोगों को दिया जाता है। यह लोन आमतौर पर कर्मचारियों को वेतन देने, इन्वेंट्री खरीदने जैसी जरूरतों को पूरा करने के लिए दिया जाता है।

### प्रोफेशनल बिजनेस लोन

प्रोफेशनल बिजनेस लोन सेल्फ-एंप्लॉयड पेशेवरों को दिया जाता है। इसमें डॉक्टर, आर्किटेक्ट, सीए जैसे पेशेवर शामिल होते हैं। सेल्फ-एंप्लॉयड पेशेवर अपने बिजनेस की जरूरतों को पूरा करने के लिए ये लोन ले सकते हैं।

### मशीनरी फाइनेंस लोन

मशीनरी फाइनेंस लोन वह बिजनेस लोन होता है, जो कि बिजनेस से संबंधित मशीनरी या उपकरणों को खरीदने के लिए लिया जाता है।

### क्या है बिजनेस लोन

बिजनेस लोन एक प्रकार का ऋण है जो व्यवसायों को उनके वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रदान किया जाता है। यह ऋण व्यवसायों को अपने



कारोबार को बढ़ाने, विस्तार करने, या वित्तीय चुनौतियों का सामना करने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

### बिजनेस लोन के प्रकार

- **कार्यशील पूंजी ऋण :** यह ऋण व्यवसायों को अपने दिन-प्रतिदिन के कार्यों को चलाने के लिए आवश्यक पूंजी प्रदान करता है।
- **व्यवसाय विस्तार ऋण :** यह ऋण व्यवसायों को अपने कारोबार को बढ़ाने और विस्तार करने के लिए आवश्यक पूंजी प्रदान करता है।
- **मशीनरी ऋण :** यह ऋण व्यवसायों को नई मशीनरी और उपकरण खरीदने के लिए आवश्यक पूंजी प्रदान करता है।
- **व्यवसाय अधिग्रहण ऋण :** यह ऋण व्यवसायों को अन्य व्यवसायों को अधिग्रहण करने के लिए आवश्यक पूंजी प्रदान करता है।

### बिजनेस लोन के लाभ

- **वित्तीय सहायता:** बिजनेस लोन व्यवसायों को उनके वित्तीय जरूरतों को पूरा करने में मदद करता है।
- **व्यवसाय वृद्धि:** यह ऋण व्यवसायों को अपने कारोबार को बढ़ाने और विस्तार करने में मदद करता है।
- **लचीलापन:** बिजनेस लोन व्यवसायों को अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक लचीलापन प्रदान करता है।
- बिजनेस लोन एक महत्वपूर्ण वित्तीय साधन है जो व्यवसायों को उनके वित्तीय जरूरतों को पूरा करने में मदद करता है। यह ऋण व्यवसायों को अपने कारोबार को बढ़ाने और विस्तार करने में मदद करता है, और उन्हें वित्तीय चुनौतियों का सामना करने में मदद करता है।

### ऐसे ले सकते हैं बिजनेस लोन

- वित्तीय जरूरतों का आकलन करें: अपने व्यवसाय की वित्तीय जरूरतों का आकलन करें और यह तय करें कि आपको कितनी राशि की आवश्यकता है।
- ऋणदाता का चयन करें: विभिन्न ऋणदाताओं की तुलना करें और अपने लिए सबसे अच्छा विकल्प चुनें।
- आवश्यक दस्तावेज़ इकट्ठा करें: आवश्यक दस्तावेज़ जैसे कि व्यवसाय का पंजीकरण प्रमाण पत्र, आयकर रिटर्न, बैलेंस शीट, और अन्य वित्तीय दस्तावेज़ इकट्ठा करें।
- आवेदन पत्र भरें: ऋणदाता के आवेदन पत्र को भरें और आवश्यक दस्तावेज़ संलग्न करें।
- आवेदन जमा करें: आवेदन पत्र और दस्तावेज़ ऋणदाता को जमा करें।
- प्रोसेसिंग और मंजूरी: ऋणदाता आपके आवेदन की जांच करेगा और आपको मंजूरी देगा या नहीं।

### आवश्यक दस्तावेज़

- व्यवसाय का पंजीकरण प्रमाण पत्र
- आयकर रिटर्न
- बैलेंस शीट
- व्यवसाय योजना
- पहचान प्रमाण
- पता प्रमाण

### यह भी जानिये

- वित्तीय दस्तावेज़ को अद्यतन रखें : अपने वित्तीय दस्तावेज़ को अद्यतन रखें ताकि आपको ऋण के लिए आवेदन करने में आसानी हो।
- शर्तों को ध्यान से पढ़ें : ऋणदाता की शर्तों को ध्यान से पढ़ें और समझें कि आपको क्या करना होगा।
- समय पर भुगतान करें : समय पर भुगतान करें ताकि आपका क्रेडिट स्कोर अच्छा रहे।

# करवा लें ट्रैवल इंश्योरेंस, हादसे के समय देता है आर्थिक सहारा

- बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान हादसे के बाद आर्थिक सुरक्षा का सवाल

जरूरत

बिजनेस डेस्क

अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लंदन के लिए उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान गुरुवार दोपहर (12 जून) को दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह विमान शहर के मेघानी इलाके में गिरा, जहां से काले धुएं का एक बड़ा गुबार उठा और राहत व बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंचा। हादसे में 241 यात्रियों और 33 अन्य लोगों समेत कुल 274 लोगों की जान चली गई। इस हादसे के बाद लोगों में आर्थिक सुरक्षा का सवाल उठने लगा है। ऐसे में ट्रैवल इंश्योरेंस कराना बेहद जरूरी हो जाता है। ताकि ऐसे किसी हादसे में अनहोनी के बाद आपका परिवार को कुछ सहारा मिल सके। अहमदाबाद विमान यह त्रासदी एक बार फिर हमें याद दिलाती है कि यात्रा में हमेशा संभावनाएं होती हैं, लेकिन जोखिम भी उतना ही बड़ा होता है। ऐसी अनहोनी घटनाओं के बीच ट्रैवल इंश्योरेंस की भूमिका एक विकल्प नहीं, बल्कि ज़रूरत बन जाती है। आइए, समझते हैं हमारे एक्सपर्ट्स से कि क्यूं आज के समय में ट्रैवल इंश्योरेंस कराना बहुत जरूरी है।

### जब ज़िंदगी अचानक बदल जाए

ऐसे हादसों में एक सही बीमा पॉलिसी आर्थिक रूप से टूटे परिवार को सहारा देने का काम कर सकती है। वे कहते हैं कि अगर किसी यात्री की जान दुर्घटना में चली जाती है, तो ट्रैवल इंश्योरेंस के तहत मिलने वाला एक्सीडेंटल डेथ बेनिफिट परिवार को 10 से 15 लाख तक की राहत राशि दे सकता है (यदि बीमित राशि करीब $1.5 लाख हो)। यह मदद उस समय आती है जब परिवार मानसिक और आर्थिक रूप से सबसे ज्यादा असहाय होता है। तो यह मदद उसे एक सांत्वना के रूप में उसके मनोबल को बढ़ा सकती है। हादसे में कमाने वाला ही चला जाए तो इस मदद से परिवार को बड़ी राहत मिल सकती है। ऐसे में ट्रेलव इंश्योरेंस करवाना फायदे का सौदा है।

### मेडिकल एवैक्यूएशन से लेकर पार्थिव शरीर की वापसी तक

केवल मृत्यु ही नहीं, अगर कोई यात्री विदेश में गंभीर रूप से घायल होता है तो ट्रैवल इंश्योरेंस के अंतर्गत उसका इलाज, अस्पताल में भर्ती और ज़रूरत पड़ने पर एयर एम्बुलेंस से दूसरी जगह शिफ्ट करने का




खर्च भी बीमा कंपनी वहन करती है। और अगर किसी की मौत हो जाए, तो उसके पार्थिव शरीर को स्वदेश लाने की पूरी प्रक्रिया और खर्च भी कवर होता है जो न केवल महंगा, बल्कि परिवार के लिए मानसिक रूप से भी चुनौतीपूर्ण होता है।

### मानसिक सहारे की भी होती है ज़रूरत

ट्रैवल इंश्योरेंस केवल आर्थिक नहीं, बल्कि भावनात्मक सहारा भी देता है। आजकल की कई पॉलिसियों में मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग, शोक-संवेदना सहायता और इमरजेंसी सपोर्ट जैसी सुविधाएं भी शामिल हैं, जो परिवार को मुश्किल वक्त में भावनात्मक मज़बूती देती हैं। जानकार कहते हैं कि हम ज़िंदगी में हर चीज को सुरक्षित करने की कोशिश करते हैं, लेकिन सबसे ज़्यादा असुरक्षित उस वक़्त होते हैं, जब हम यात्रा कर रहे होते हैं।

### समझदारी भरा फैसला

सच्चाई यह है कि कोई बीमा ज़िंदगी की भरपाई नहीं कर सकता, लेकिन यह संकट के समय में परिवार को सम्मान, सुविधा और समय पर मदद ज़रूर दे सकता है। एक छोटी सी रकम, जो टिकट बुकिंग के समय ट्रैवल इंश्योरेंस के रूप में चुकाई जाती है, वही आपातकाल में बड़ी राहत बन सकती है। इसलिए अगली बार जब आप किसी यात्रा की योजना बनाएं, तो टिकट के साथ बीमा भी ज़रूर लें। क्योंकि जोखिम का समय कभी बता कर नहीं आता, लेकिन उसकी तैयारी हमेशा होनी चाहिए।

### क्या है ट्रैवल इंश्योरेंस

ट्रैवल इंश्योरेंस एक प्रकार का बीमा है जो आपको यात्रा के दौरान होने वाली अप्रत्याशित घटनाओं से बचाता है। यह बीमा आपको वित्तीय नुकसान से बचाने में मदद करता है जो यात्रा के दौरान हो सकता है, जैसे कि यात्रा रद्द होना, चिकित्सा आपातकाल, सामान की चोरी या नुकसान, और अन्य।

### ट्रैवल इंश्योरेंस के लाभ

- **यात्रा रद्द होने पर कवरेज :** ट्रैवल इंश्योरेंस यात्रा रद्द होने पर वित्तीय नुकसान से बचाता है।
- चिकित्सा आपातकाल कवरेजः यह बीमा आपको चिकित्सा आपातकाल के दौरान होने वाले खर्चों को कवर करता है।
- **सामान की चोरी या नुकसान कवरेजः** ट्रैवल इंश्योरेंस आपको सामान की चोरी या नुकसान के मामले में वित्तीय नुकसान से बचाता है।
- **यात्रा में देरी कवरेजः** यह बीमा आपको यात्रा में देरी के कारण होने वाले अतिरिक्त खर्चों को कवर करता है।

### ट्रैवल इंश्योरेंस के प्रकार

- **डोमेस्टिक ट्रैवल इंश्योरेंसः** यह बीमा घरेलू यात्राओं के लिए होता है।
- **इंटरनेशनल ट्रैवल इंश्योरेंसः** यह बीमा अंतरराष्ट्रीय यात्राओं के लिए होता है।
- **सिंगल ट्रिप इंश्योरेंसः** यह बीमा एकल यात्रा के लिए होता है।
- **एनुअल मल्टी-ट्रिप इंश्योरेंसः** यह बीमा एक वर्ष के दौरान कई यात्राओं के लिए होता है।
- ट्रैवल इंश्योरेंस एक महत्वपूर्ण बीमा है जो आपको यात्रा के दौरान होने वाली अप्रत्याशित घटनाओं से बचाता है। यह बीमा आपको वित्तीय नुकसान से बचाने में मदद करता है और आपको यात्रा के दौरान अधिक सुरक्षित और तनावमुक्त महसूस करने में मदद करता है।

**तैयारी** रिटायरमेंट के बाद खर्च का इंतजाम सही ढंग से करने के लिए करें निवेश

# इक्विटी, गोल्ड व डेट में बांटकर करें निवेश तभी बेहतर बनेगा बैलेंस्ड रिटायरमेंट प्लान

- इक्विटी में ज़्यादा निवेश करने से बेहतर रिटर्न मिल सकता है
- इसे डेट और गोल्ड जैसे सुरक्षित निवेश के साथ बैलेंस करना जरूरी

**तीनों से मजबूत पोर्टफोलियो बनाता है जो हर हालात में आपके काम आता**

समझदारी

बिजनेस डेस्क

रिटायरमेंट के बाद खर्च कैसे चलेगा, इसकी फिक्र हर नौकरीपेशा शख्स को रहती है। भविष्य को सुरक्षित और आरामदायक बनाना है, तो समय रहते सही निवेश की योजना बनाना जरूरी है। अगर आप एक सही रिटायरमेंट प्लान के लिए असरदार रणनीति की तलाश में हैं, तो इनवेस्टमेंट का बैलेंस्ड अप्रोच लेकर चलना होगा। इसका मतलब ये कि आप अपने पैसों को किसी एक ही एसेट क्लास में इनवेस्ट करने की जगह इक्विटी, गोल्ड और डेट जैसे तीन प्रमुख एसेट क्लास में बांटकर निवेश करें। यह डायवर्सिफिकेशन आपको बाजार की अस्थिरता और इंफ्लेशन के असर से बचाते हुए लंबे समय में बेहतर रिटायरमेंट कॉर्पस तैयार करने में काफी मददगार साबित हो सकता है।

### इक्विटी से होगा लॉन्ग टर्म वेल्थ क्रिएशन

अगर आप लंबी अवधि में वेल्थ क्रिएशन करना चाहते हैं, तो इक्विटी में निवेश इसका बेहतरीन तरीका हो सकता है। यह निवेश आप सीधे शेयर बाज़ार में या इक्विटी म्यूचुअल फंड के जरिये कर सकते हैं। भारत के कई डायवर्सिफाइड इक्विटी फंड्स देश की इकनॉमिक ग्रोथ स्टोरी में हिस्सेदारी के जरिये पिछले 15-20 या उससे ज्यादा अवधि के दौरान भी सालाना 12 फीसदी या उससे ज्यादा एवरेज रिटर्न देते रहे हैं। हालांकि, इक्विटी में उतार-चढ़ाव ज्यादा होता है। अगर आप युवा हैं और आपकी निवेश अवधि लंबी है, तो इक्विटी में ज़्यादा निवेश करने से बेहतर रिटर्न मिल सकता है, लेकिन इसे डेट और गोल्ड जैसे सुरक्षित निवेश के साथ बैलेंस करना जरूरी है, ताकि रिस्क का लेवल कम रहे।



### डेट में निवेश से मिलेगी स्टेबिलिटी और सुरक्षा

डेट इनवेस्टमेंट में सरकारी बॉन्ड, फिक्स्ड डिपॉजिट और डेट म्यूचुअल फंड आते हैं. ये निवेश इक्विटी की तुलना में कम रिस्की होते हैं. इनमें एफडी और पीपीएफ जैसे कई निवेश रेगुलर और फिक्स्ड रिटर्न देने के लिए जाने जाते हैं. शेयर बाजार में गिरावट के दौरान डेट में किया गया निवेश आपके पोर्टफोलियो को स्टेबिलिटी के साथ-साथ लिक्विडिटी भी भी देता है। अगर आप रिटायरमेंट के करीब हैं या अगले कुछ वर्षों में पैसों की जरूरत है, तो डेट में किया गया इनवेस्टमेंट काफी काम आता है. अगर डेट का सपोर्ट न हो तो बाजार में गिरावट का दौर मुश्किल में डाल सकता है।

### गोल्ड यानी महंगाई और संकट से बचाने वाला निवेश

गोल्ड यानी सोने को दुनिया भर में एक सुरक्षित निवेश माना जाता है। जब भी आर्थिक या राजनीतिक संकट आते हैं, सोने की कीमत इसी वजह से बढ़ती है. यह महंगाई के खिलाफ हेजिंग का काम भी करता है यानी आपके निवेश की रियल वैल्यू को गिरने से बचाता है। आजकल फिजिकल गोल्ड के अलावा गोल्ड बॉन्ड, गोल्ड ईटीएफ या डिजिटल गोल्ड में निवेश करने के ऑप्शन भी मौजूद हैं। इनमें बेहतर लिक्विडिटी और सुरक्षा का फायदा मिलता है. अगर आप 5-10% हिस्सा गोल्ड में लगाते हैं, तो यह आपके रिटायरमेंट पोर्टफोलियो के डायवर्सिफिकेशन और सुरक्षा को बढ़ा सकता है।

### रिटायरमेंट के लिए बैलेंस्ड पोर्टफोलियो कैसे बनाएं

रिटायरमेंट पोर्टफोलियो बनाते समय आपको अपनी उम्र, जोखिम लेने की क्षमता और निवेश की अवधि को ध्यान में रखना चाहिए. मिसाल के तौर पर अगर आप 30 साल के हैं, तो आपका फोकस लंबी अवधि के रिटर्न पर होना चाहिए, इसलिए इक्विटी का अनुपात 70-80% तक हो सकता है। वहीं 50 साल के व्यक्ति को अधिक स्टेबिलिटी और कम रिस्क पर जोर देते हुए डेट में निवेश को बढ़ाकर कम से कम 50 फीसदी तक ले जाना चाहिए. 55 साल की उम्र के बाद जब रिटायरमेंट करीब होता है, तब पूंजी की सुरक्षा सबसे जरूरी हो जाती है। ऐसे में इक्विटी का हिस्सा और भी घटाकर डेट और गोल्ड में निवेश बढ़ा देना चाहिए। अगर आप अपने पोर्टफोलियो के इस बैलेंस वक्त के साथ-साथ सही अनुपात में बदलते रहेंगे, तो आपका निवेश सुरक्षित होने के साथ ही साथ बढ़ता भी रहे।

### बेफिक्र रिटायरमेंट के लिए बैलेंस्ड अप्रोच जरूरी

अगर आप चाहते हैं कि आपकी रिटायरमेंट लाइफ बिना पैसों की चिंता के आराम से बीते, तो अभी से सही रणनीति अपनाना जरूरी है. इक्विटी से ग्रोथ मिलेगी, डेट से सुरक्षा और गोल्ड से स्थिरता. साथ ही, अगर किसी एक एसेट क्लास में नुकसान होता है, तो बाकी दो इसे संभाल सकते हैं। तीनों एसेट क्लास मिलकर ऐसा मजबूत पोर्टफोलियो बनाते हैं जो हर हालात में आपके काम आ सकता है। एक बात और, इस रणनीति पर अमल की शुरुआत जितनी जल्दी करेंगे, रिटायरमेंट के बाद की जिंदगी आर्थिक रूप से उतनी ही बेहतर बन पाएगी।

**विश्व में जारी भीषण सैन्य संघर्षों के तनावपूर्ण परिदृश्य में जी-7 शिखर सम्मेलन कनाडा के अल्बर्टा प्रांत के दर्शनीय पर्यटन नगर कनानास्किस में 16 और 17 जून को आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अल्प सूचना पर प्रमुख आमंत्रित नेता के तौर पर इस शिखर सम्मेलन में शामिल हुए। एक समय लगा कि कनाडा से खराब संबंध के चलते भारत को नयोता ही नहीं मिले। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के मध्य शांति स्थापना और सैन्य संघर्षों के समाधान को लेकर तीव्र मतभेद उभर कर सामने आ गए। जिसके चलते रूस व यूक्रेन जंग और ईरान व इजरायल युद्ध को खत्म कराने के तरीके को लेकर काई बात नहीं हो सकी। सम्मेलन के पटल से आर्थिक मुद्दे गायब हो गए और तात्कालिक अंतरराष्ट्रीय सैन्य संघर्षों और सुरक्षा सवालों पर जी-7 केंद्रित हो गया, लेकिन किसी भी बिंदु पर सहमति नहीं बन सकी। जी-7 सम्मेलन के पटल पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस और चीन को जी-7 में शामिल करने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया, पर सदस्य देशों में सहमति नहीं बन पाई, हालांकि ट्रंप ने भारत को भी शामिल करने का प्रस्ताव नहीं रखा। पीएम मोदी व कनाडाई पीएम कार्नी के बीच वार्ता बड़ी उपलब्धि रही। जी-7 शिखर सम्मेलन व भारत की उपलब्धियों का विश्लेषण करता आजकल का ताजा अंक...**

# उम्मीद नहीं जगा पाए जी-7 देश



विश्लेषण
प्रभात कुमार रॉय
विदेश मामलों के जानकार

**सैन्य संघर्षरत राष्ट्रों के मध्य विवादों पर गहन और गंभीर चर्चा करने और उनका समुचित समाधान खोजने की दृष्टि से 51वें जी 7 शिखर सम्मेलन को तकरीबन एक विफल सम्मेलन करार दिया जाना चाहिए। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित अनेक देशों के प्रमुख अतिथि नेताओं को अल्प सूचना पर जी 7 सम्मेलन में आमंत्रित किया गया जो कि सम्मेलन के आयोजकों के निर्बल आयोजन और अंतरराष्ट्रीय समन्वय के अभाव की तरफ स्पष्ट संकेत प्रदान कर रहा था। जी 7 सम्मेलन में उपस्थित देशों के मध्य उत्पन्न गंभीर असहमति के कारण महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय सैन्य संघर्ष के मुद्दों पर कोई संयुक्त नजरिया पेश नहीं किया जा सका।**




विश्व पटल पर भीषण सैन्य संघर्षों के तनावपूर्ण विकट परिदृश्य में जी-7 शिखर सम्मेलन कनाडा के अल्बर्टा प्रांत के दर्शनीय पर्यटन नगर कनानास्किस में 16 और 17 जून को आयोजित किया गया। सैन्य संघर्षरत राष्ट्रों के मध्य विवादों पर गहन और गंभीर चर्चा करने और उनका समुचित समाधान खोजने की दृष्टि से 51वें जी-7 शिखर सम्मेलन को तकरीबन एक विफल सम्मेलन करार दिया जाना चाहिए। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित अनेक देशों के प्रमुख अतिथि नेताओं को अल्प सूचना पर जी-7 सम्मेलन में आमंत्रित किया गया जो कि सम्मेलन के आयोजकों के निर्बल आयोजन और अंतरराष्ट्रीय समन्वय के अभाव की तरफ स्पष्ट संकेत प्रदान कर रहा था। जी-7 सम्मेलन में उपस्थित देशों के मध्य उत्पन्न गंभीर असहमति के कारण महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय सैन्य संघर्ष के मुद्दों पर कोई संयुक्त नजरिया पेश नहीं किया जा सका।

## तीव्र मतभेद उभर कर सामने आए

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के मध्य शांति स्थापना और सैन्य संघर्षों के समाधान को लेकर तीव्र मतभेद उभर कर सामने आ गए। सम्मेलन के पटल से आर्थिक मुद्दे हट गए और तात्कालिक अंतरराष्ट्रीय सैन्य संघर्षों और सुरक्षा सवालों पर जी-7 केंद्रित हो गया। जी-7 के लीडरों ने एक संयुक्त बयान जारी किया, जिसमें इजरायल के आत्मरक्षा अधिकार की पैरवी की गई और ईरान को क्षेत्रीय अस्थिरता का प्रमुख केंद्र बताया गया। यहां तक कि 17 जून सम्मेलन समापन के दिवस यूक्रेन के समर्थन में भी कोई संयुक्त वक्तव्य जारी नहीं किया जा सका। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के मध्य भी कोई कूटनीतिक मुलाकात मुमकिन नहीं हो सकी, क्योंकि अमेरिकन राष्ट्रपति को ईरान द्वारा इजरायल पर अंजाम दिए गए क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइल के भीषण आक्रमणों के कारण जी-7 सम्मेलन को बीच में ही छोड़कर तत्काल वाशिंगटन रवाना होना पड़ा था। जेलेंस्की बड़ी उम्मीद के साथ कनाडा जी-7 सम्मेलन में शिरकत करने आए थे। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की यह चाहत पूरी नहीं हुई कि फिर से एक बार यूक्रेन की हिफाजत करने के लिए दुनिया के आर्थिक तौर पर संपन्न और शक्तिशाली राष्ट्र एकजुट हो जाएंगे और रूस द्वारा अंजाम दिए जा रहे भयानक आक्रमणों को रोकने के लिए रूस पर कड़ा दबाव स्थापित करेंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एकदम बदले हुए रवैये के कारण यह मुमकिन नहीं हो सका कि जी-7 के पटल पर यूक्रेन के पक्ष में रूस के विरुद्ध कोई संयुक्त प्रस्ताव पारित हो पाता। परिणामस्वरूप सम्मेलन के अध्यक्ष द्वारा सारांश में ही कुछ गैर विवादित मुद्दों पर जैसे कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और वैश्विक तकनीकी शासन, क्वांटम कंप्यूटिंग, अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी निरोध, खनिज आपूर्ति, वन संरक्षण आदि मुद्दों पर अपना ध्यान केंद्रित किया। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिम्मेदार और सकारात्मक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की पेशकश की। भारत ने वैश्विक शांति की भी वकालत की।

## डोनाल्ड ट्रंप का परिवर्तित दृष्टिकोण

अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रति राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बुनियादी तौर पर परिवर्तित हुए दृष्टिकोण के कारण वैश्विक व्यापार अत्यंत बाधित हुआ है, क्योंकि अमेरिकी प्रशासन ने राष्ट्रपति ट्रंप के आदेशानुसार बहुत बढ़ा-चढ़ाकर अंतरराष्ट्रीय टैरिफ लागू करने का हुक्म जारी कर दिया। सम्मेलन में इंग्लैंड और अमेरिका के मध्य टैरिफ घटाने के लिए एक व्यापारिक समझौते की भी घोषणा की गई। जी-7 सम्मेलन के पटल पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूस और चीन को जी-7 में शामिल करने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया गया। राष्ट्रपति ट्रंप के इस प्रस्ताव पर जी-7 देशों के मध्य कोई सहमति नहीं बन सकी। अतः प्रस्ताव पारित नहीं हो सका। उल्लेखनीय है कि क्रिमिया पर सैन्य शक्ति द्वारा आधिपत्य स्थापित करने के कारण सन् 2014 में रूस को जी-8 से बाकायदा निकाल दिया गया था। तभी से ही सर्वोच्च अर्थ संपन्न औद्योगिक देशों का इस अंतरराष्ट्रीय समूह जी-8 से जी-7 कहा गया है। जी-7 में कनाडा, फ्रांस, इटली, जापान, इंग्लैंड और अमेरिका शामिल हैं। यूरोपीय यूनियन स्थाई तौर पर जी-7 में आमंत्रित सदस्य है। निरंतर छठी बार भारत को भी जी-7 के शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है। भारत के अतिरिक्त ऑस्ट्रेलिया ब्राजील, मेक्सिको, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया और यूक्रेन 51वें जी-7 सम्मेलन में आमंत्रित देश रहे। रूस-यूक्रेन युद्ध के प्रश्न पर जी-7 देशों के मध्य सहमति नहीं बन पाई। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूस- यूक्रेन युद्ध पर एक संयुक्त बयान जारी करने का प्रबल विरोध किया गया।

## मोदी-कोर्नी की कूटनीतिक मुलाकात

परिणामस्वरूप कनाडा ने स्वयं जी-7 के अध्यक्ष राष्ट्र के तौर पर संक्षेप में (चेयर समरी) बयान जारी किया, जिसमें रूस-यूक्रेन के मध्य निर्विरोध संघर्ष विराम और नए शांति प्रयासों की अपील जारी की गई है! भारत के लिए जी-7 सम्मेलन की सबसे बड़ी उपलब्धि रही कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ उल्लेखनीय कूटनीतिक मुलाकात हो गई। इसके परिणाम स्वरूप दोनों देशों के मध्य उच्च स्तरीय कूटनीतिक संबंध को पुनर्स्थापित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल में भारत और कनाडा के कूटनीतिक संबंध बेहद तल्ख और बदतर स्थिति में पहुंच गए थे। जस्टिन ट्रूडो द्वारा खालिस्तानी उग्रवादी हरदीप सिंह निज्जर की हलाकत का इल्जाम भारत सरकार पर आयद कर दिया गया। उम्मीद है कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कूटनीतिक प्रयास द्वारा फिलहाल कनाडा और भारत के कूटनीतिक संबंध पुनः सामान्य हो जाएंगे। उल्लेखनीय है कि कनाडा में भारतीय मूल के तकरीबन 20 लाख नागरिक रहते हैं। जी-7 सम्मेलन को संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी ने फरमाया कि विश्व को ऊर्जा उत्पादन के तीव्र विकास और संरक्षण की सबसे अधिक आवश्यकता है। नरेंद्र मोदी द्वारा जी-7 शिखर सम्मेलन में अपनी छठवीं उपस्थिति दर्ज कराते हुए अंतरराष्ट्रीय सोलर अलायंस को वैश्विक सहयोग के लिए एक मॉडल के रूप में पेश किया गया। वैश्विक आतंकवाद के प्रश्न पर नरेंद्र मोदी ने अपने स्पष्ट विचार सम्मेलन के समक्ष प्रस्तुत किए और कहा कि वैश्विक आतंकवाद के विरुद्ध एकमत होकर और एकताबद्ध होकर अत्यंत कठोरता के साथ कार्रवाई की जानी चाहिए। वैश्विक आतंकवाद पर दोहरा दृष्टिकोण और मानसिकता अख्तियार करने वालों की उन्होंने कड़ी आलोचना की।

राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा जी-7 सम्मेलन को अचानक छोड़कर चले जाने के कारणवश प्रधानमंत्री मोदी की उनके साथ मुलाकात संभव नहीं हो सकी। अतः नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रपति ट्रंप के साथ 35 मिनट तक टेलीफोन द्वारा लंबी बातचीत की गई। राष्ट्रपति ट्रंप चाहते थे कि नरेंद्र मोदी व्हाइट हाउस आकर उनसे मुलाकात करें, किंतु बड़ी कूटनीतिक कुशलता के साथ नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप के निमंत्रण को बाकायदा विनम्रतापूर्वक ठुकरा दिया, क्योंकि नरेंद्र मोदी बखूबी जानते थे कि उन्होंने पाकिस्तान के फील्ड मार्शल जनरल असीम मुनीर को शासकीय भोज पर आमंत्रित किया है।

## ट्रंप और मोदी में टेलीफोनिक वार्ता

फील्ड मार्शल मुनीर से मुलाकात से तकरीबन कुछ घंटे पहले ही राष्ट्रपति ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टेलीफोन वार्ता पर क्या बातचीत हुई, इसका संपूर्ण ब्यौरा अभी उपलब्ध नहीं हुआ है। विश्वसनीय सूत्र बताते हैं कि इस टेलीफोनिक बातचीत के दौरान ही राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी व्हाइट हाउस में पधारने का निमंत्रण दिया था। फील्ड मार्शल असिम मुनीर और प्रेसिडेंट ट्रंप के मध्य क्या बातचीत हुई इसकी भी कोई विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं है। लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप के बयानों से इतना अंदाजा तो लगाया ही जा सकता है कि वार्ता के एजेंडे में भारत और पाकिस्तान के मध्य हुआ सैन्य संघर्ष और इजरायल और ईरान के मध्य जारी भीषण संग्राम बातचीत के मुख्य मुद्दे रहे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति ट्रंप और फील्ड मार्शल असिम मुनीर की मुलाकात भारत और पाकिस्तान के मध्य सैन्य संघर्ष के तकरीबन एक महीने बाद हुई। अमेरिकी राष्ट्रपति ने मुलाकात के तत्पश्चात पत्रकारों से कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने के लिए आभार जताने की खातिर फील्ड मार्शल असिम मुनीर को व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया। राष्ट्रपति ट्रंप ने आगे कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों ही देश परमाणु संपन्न देश हैं और दोनों के मध्य परमाणु युद्ध संभव हो सकता था, लेकिन दो समझदार लोगों ने युद्ध रोकने का बाकायदा फैसला लिया। प्रेसिडेंट ट्रंप का निमंत्रण स्वीकार नहीं करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने व्हाइट हाउस नहीं जाने का निर्णय इसलिए लिया, क्योंकि नरेंद्र मोदी समझ गए थे कि राष्ट्रपति ट्रंप उनको और फील्ड मार्शल मुनीर को एकसाथ व्हाइट हाउस में बुलाकर समस्त विश्व को यह पैगाम देना चाहते हैं कि उनके ही द्वारा भारत और पाकिस्तान के मध्य युद्ध को रुकवाया गया है और वस्तुतः वो ही विश्व शांति के सबसे बड़े मसीहा और अग्रदूत हैं। फील्ड मार्शल मुनीर से मुलाकात करके भारत को डोनाल्ड ट्रंप कूटनीतिक संदेश दे रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान उनके लिए अब बराबर के सहयोगी देश हैं। उन्होंने ना तो भारत को तरजीह प्रदान की है और ना ही पाकिस्तान को। यह वही डोनाल्ड ट्रंप हैं जो कि पाकिस्तान को जिहादी आतंकवादियों को पनाह देने वाला और परवरिश प्रदान करने वाला सबसे खतरनाक मुल्क करार देते थे और कहते थे कि अमेरिकी इमदाद की 90 फीसदी दौलत को पाक हुकूमत द्वारा आतंकवादियों की इमदाद के लिए खर्च किया गया।

राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने विगत कार्यकाल में पाकिस्तान की समस्त सैन्य सहायता खत्म कर दी थी। अब वही डोनाल्ड ट्रंप पाकिस्तान को अपना सबसे प्यारा मुल्क करार दे रहे हैं, क्योंकि उनको अब इजरायल और ईरान युद्ध में पाकिस्तान की सबसे अधिक दरकार है। अमेरिका वस्तुतः पाकिस्तान में अपने सैन्य अड्डे स्थापित करके ईरान पर आक्रमण अंजाम देना चाहता है। नरेंद्र मोदी ने डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण को बाकायदा ठुकरा कर भारत की तरफ से भी अमेरिका को सख्त पैगाम दे दिया है कि अब भारत अकेला ही पाकिस्तान से निपट सकता है। ऐतिहासिक रूप से देखा जाए तो भारत आजादी के बाद विश्व पटल पर किसी भी सैन्य गुट का कदाचित हिस्सा नहीं रहा। आज भी भारत अपनी उसी कूटनीतिक गुटनिरपेक्षता पर कायम है। भारत के पास विलक्षण नैतिक शक्ति विद्यमान है कि वह तृतीय विश्व युद्ध के कगार पर खड़ी दुनिया को संपूर्ण विनाश से बचा सकता है।

# बदले माहौल में कूटनीति को धार जरूरी



भारत
सुनील अमर
स्वतंत्र पत्रकार

बीते सप्ताह समूह-7 देशों की वार्षिक बैठक कनाडा में सम्पन्न हुई। भारत यद्यपि इस समूह का सदस्य नहीं है लेकिन वर्ष 2003 से इसे विशेष आमंत्रित देश के तौर पर बुलाया जाता रहा है। परिस्थितियां ऐसी थीं कि इस बार की बैठक में भारत को बुलाया जाना ज्यादा महत्वपूर्ण था और दुनिया के सभी देशों की निगाह इस पर लगी हुई थी। इसमें दो कारण थे- पहला, ऑपरेशन सिन्दूर तथा दूसरा, मेजबान देश कनाडा से भारत के सम्बन्धों में खटास।

एक समय तो ऐसा भी लग रहा था कि भारत को शायद बुलावा ही न मिले। बहरहाल, भारत ने आयोजन में शिरकत की तथा अपनी बातों को, खासकर पाक प्रायोजित आतंकवाद तथा हालिया सीजफायर में किसी तीसरे की मध्यस्थता न होने को प्रमुखता से रखा और बाकी देशों के प्रमुखों से चर्चा भी की। वहीं, दूसरी तरफ, सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों द्वारा बयान जारी कर कहा गया कि भारत-पाकिस्तान को आपसी वार्ता शुरू करनी चाहिए। समूह का सदस्य देश न होने के बावजूद अगर भारत को बुलाया जाता है तो यह भारत के एक मजबूत अर्थव्यवस्था, विशाल आबादी, युवा शक्ति और स्थिर लोकतांत्रिक देश होने के कारण है। समूह 20 तथा ब्रिक्स जैसे कई प्रभावशाली संगठनों का भारत सदस्य है।

## समूह-9 बनाने का सुझाव

वर्ष 1973 की वैश्विक मन्दी तथा तेल संकट से निपटने के चलते वर्ष 1975 में समूह-6 के नाम से इसका गठन किया गया और उस समय इसमें अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, जर्मनी, इटली और फ्रांस जैसी बड़ी अर्थव्यस्था तथा औद्योगिक प्रगति वाले लोकतांत्रिक देश शामिल थे। इसके अगले वर्ष इसमें कनाडा शामिल हुआ तो यह समूह-7 बन गया। वर्ष 1998 में इसमें रूस के शामिल हो जाने से यह समूह-8 बन गया लेकिन क्रीमिया के मुद्दे पर वर्ष 2014 में रूस की सदस्यता निलम्बित कर दी गयी तो यह फिर से समूह-7 बन गया है। इस बार की बैठक में तो आश्चर्यजनक ढंग से अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस समूह में रूस और चीन को भी शामिल करके इसे समूह-9 बनाने का सुझाव दे डाला, लेकिन भारत को भी शामिल करके समूह-10 बनाने की बात नहीं की।

यहां यह जान लेना जरूरी है कि समूह-7 के निर्णय सदस्य देश मानने को बाध्यकारी नहीं होते लेकिन इसके सदस्य देशों की हैसियत के कारण इन फैसलों का दुनिया पर असर पड़ता है। इस समूह का कोई स्थायी सचिवालय भी नहीं है। कनाडा के आन्तरिक विरोधों के बावजूद वहां के नवनिर्वाचित प्रधानमन्त्री ने भारत को समूह-7 में निमंत्रित किया और प्रधानमन्त्री मोदी ने इस अवसर का उपयोग करते हुए वहां एकत्रित विश्व बिरादरी के सामने भारत में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की बात रखी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा बार-बार यह कहने कि उन्होंने भारत-पाक के बीच सीजफायर कराया, को स्पष्ट करते हुए मोदी ने साफ कहा कि भारत-पाक सीजफायर में किसी तीसरे की मध्यस्थता नहीं रही।

## दोहरे मानदंडों की निन्दा

प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद जैसे वैश्विक खतरे पर दुनिया के कुछ देशों तथा अंतरराष्ट्रीय संगठनों



के दोहरे मानदंडों की भी निन्दा की। ध्यान रहे कि पहलगाम में आतंकी हमले तथा उसके बाद भारत से लड़ाई छेड़ने के बावजूद पश्चिमी देशों के प्रभाव वाली संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने पाकिस्तान को आतंकवाद निरोधक समिति का उप सभापति बना दिया! इतना ही नहीं, बल्कि पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र की तालिबान पर प्रतिबन्ध लगाने वाली कमेटी का अध्यक्ष भी बना दिया गया। भारत बार-बार कहता रहा कि वैश्विक संस्थाओं द्वारा मिलने वाली सहायता और कर्ज को पाकिस्तान आतंकवाद फैलाने में खर्च करता है लेकिन बावजूद इसके अभी गत दिनों पाकिस्तान को न सिर्फ अन्तरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से सात अरब डॉलर बल्कि एशियन डेवलपमेन्ट बैंक से 80 करोड़ डॉलर का कर्ज मिला है।

## मोदी यात्रा की प्रमुख उपलब्धि

उधर विश्व बैंक भी 20 अरब डॉलर का कर्ज स्वीकार कर चुका है। समूह-7 की इस बैठक में भारत के हिस्सा लेने से एक बड़ा और दूरगामी लाभ कनाडा से सम्बन्ध सुधार है। लगभग दो साल से भारत और कनाडा के सम्बन्धों में ज्यादा खटास आयी हुई थी लेकिन इस बैठक के दौरान 17 जून को दोनों पक्षों की आपसी बैठक में दोनों देशों में आपसी सम्बन्ध बहाल करने, राजदूतों की नियुक्ति करने, वीजा प्रक्रिया बहाल करने तथा इंटेलीजेन्स सूचनाओं के आदान-प्रदान पर सहमति बनी। भारत और कनाडा के जिस तरह से सम्बन्ध रहे हैं तथा जिस तरह भारी संख्या में भारतीय कनाडा में न सिर्फ रहते हैं बल्कि वहां की राजनीति और सरकार में शामिल हैं, उसे देखते हुए इस वार्ता और सम्बन्ध बहाली को ही प्रधानमन्त्री मोदी की समूह-7 यात्रा की प्रमुख उपलब्धि कहा जा सकता है।

## ट्रंप के संबोधन के मायने

ताजा इजरायल-ईरान युद्ध में अमेरिका द्वारा पाकिस्तान को मोहरा बनाना अलग बात है लेकिन पाक सेनाध्यक्ष को जिस (समूह-7 की बैठक के) वक्त अमेरिका ने न्यौता दिया वह टाइमिंग बहुत कुछ कहती है और जिस तरह व्हाइट हाऊस में उनका स्वागत किया गया, जिस तरह उन्होंने ट्रंप को नोबल शांति पुरस्कार देने का शिगूफा छोड़ा और जिस तरह बदले में ट्रंप ने 'आई लव पाकिस्तान' का नारा उछाला, वह अमेरिकी इतिहास में अभूतपूर्व ही है।

ट्रंप ने पाक सेनाध्यक्ष को पाकिस्तान का 'सबसे ताकतवर व्यक्ति' कहकर सम्बोधित किया। इस सम्बोधन के कई अर्थ निकलते हैं। एक लोकतांत्रिक देश में, जहां एक निर्वाचित सरकार कार्य कर रही हो, वहां के किसी राजनेता के बजाय सेनाध्यक्ष को सबसे ताकतवर व्यक्ति बताना तो एक तरह से सेनाध्यक्ष की पीठ ठोक कर उसे उकसाने जैसा है, खासकर पाकिस्तान जैसे देश में जिसका अतीत ही तख्तापलट और सैन्य शासन से भरा पड़ा है। यह ध्यान रखने की बात है कि हमेशा अमेरिका की जी-हजूरी कर कटोरा पसारे रहने वाला पाकिस्तान आजकल चीन की गोद में बैठा हुआ है और इससे अमेरिका सहज नहीं है। पाक सेनाध्यक्ष के इस अभूतपूर्व स्वागत के पीछे जानकार कुछ और कारण भी बता रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप के पुत्र ट्रंप जूनियर के 60 प्रतिशत स्वामित्व वाली 'वर्ल्ड लिबर्टी फायनांशियल जो क्रिप्टो करेन्सी का व्यापार करती है, को दक्षिण एशिया में भी अपना व्यापार शुरू करना है और ट्रंप जूनियर इसका मुख्यालय पाकिस्तान में बनाना चाहते हैं!

ऐसे हालात को देखते हुए निश्चित तौर पर भारत को अपनी कूटनीतिक गतिविधियों को और तेज करने की जरूरत है। हम भारतीयों के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी और कनाडाई प्रधानमंत्री कार्नी ने अलग से मुलाकात की और धीरे-धीरे संबंधों को सामान्य बनाने का निर्णय लिया।

# भारत व कनाडा के बीच नई शुरूआत



कूटनीति
डॉ. एन.के. सोमानी
शिक्षाविद् व विदेश मामलों के जानकार

पिछले एक साल से भारत और कनाडा के बीच जो राजनयिक गतिरोध की स्थिति बनी हुई थी, संभवतः अब वह जल्द ही इतिहास की वस्तु हो जाएगी। संभावना की बड़ी वजह यह है कि दोनों देशों के बीच उच्चायुक्तों की नियुक्ति और व्यापार वार्ता फिर से शुरू करने पर सहमति बन गई है। यह सहमति भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कनाडा यात्रा के दौरान बनी। दरअसल, पिछले दिनों भारत के प्रधानमंची नरेंद्र मोदी दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक अर्थव्यवस्था वाले जी-7 देशों की 51वीं शिखर बैठक में हिस्सा लेने के लिए कनाडा गए। जी-7 की बैठक से इतर उनकी प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से द्विपक्षीय वार्ता हुई।

## वार्ता के दौरान बनी सहमति

वार्ता के दौरान दोनों देश उच्चायुक्तों को नियुक्त करने और व्यापार प्रक्रिया को दोबारा शुरू करने पर सहमत हुए। इसके अलावा दोनों देश खाद्य सुरक्षा, डिजिटल ट्रांजिशन, टेक्नोलॉजी, क्रिटिकल मिनरल्स और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच पारदर्शी सहयोग के लिए भी राजी हुए हैं। भारत जी-7 का सदस्य नहीं है। उसे विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप आमंत्रित किया गया। आरंभ में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किए जाने को लेकर कनाडा में असमंजस की स्थिति रही। लेकिन कैनेडियन प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के भारत से संबंधों को बहाल करने और घरेलू राजनीति को अंतराष्ट्रीय कूटनीति से अलग करने के प्रयासों के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जी-7 बैठक का न्यौता भेजा जा सका। वर्तमान में कनाडा की राजनीतिक स्थिति और संसद के भीतर जो दलीय स्थिति है, उसे देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि कार्नी के लिए निर्णय आसान नहीं था। लेकिन कार्नी भी इस अवसर को खोना नहीं चाहते थे। परिणाम स्वरूप दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय वार्ता संभव हो सकी। पिछले साल अक्टूबर में भारत-कनाडा संबंध उस वक्त इतिहास के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए थे जब पूर्व प्रधानमंत्री जस्टीन ट्रूडो ने हाउस ऑफ कॉमन्स के भीतर सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की कथित संलिप्तता की बात कही। ट्रूडो के इस कथित आरोप के बाद भारत-कनाडा संबंधों में तल्खी इस हद तक बढ़ गई थी कि दोनों देश कूटनीतिक आक्रामकता पर उतर आए। बात राजनयिकों से देश छोड़ने व नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी करने भर तक नहीं रुकी। भारत ने तो कैनेडियन नागरिकों की वीजा प्रक्रिया को रोक दिया था। कनाडा से पहले इस तरह की कूटनीतिक तनातनी केवल पाकिस्तान के साथ थी।

## पिघलेगी संबंधों की जमी हुई बर्फ

शुरू में जब कनाडा को 2025 के शिखर सम्मेलन की मेजबानी दी गई थी उस वक्त लग रहा था कि ट्रूडो की अध्यक्षता में ही बैठक होगी। ऐसे में इस बात की उम्मीद बहुत कम थी कि कालांतर में भारत-कनाडा द्विपक्षीय संबंध इतने बेहतर हो जाएंगे कि भारत को आमंत्रित किया जा सकेगा। जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के बाद मार्क



कार्नी नए प्रधानमंत्री बने। चूंकि कार्नी भी ट्रूडो की पार्टी के ही नेता हैं इसलिए आशंका यही थी कि संभवतः कार्नी के कालखंड में नई दिल्ली और ओटावा के बीच द्विपक्षीय संबंध पटरी पर न लौट सके। लेकिन ट्रूडो युग के अंत के बाद कनाडा में बदलाव की बयार बहने लगी। दोनों प्रमुख दलों (लिबरल और कंजर्वेटिव) ने चुनाव अभियान में भी इस बात पर जोर दिया कि वे भारत के साथ संबंध बहाल करेंगे। जल्द ही नई सरकार की विदेशमंत्री अनीता आनंद ने संबंधों को चरणबद्ध तरीके से सामान्य बनाए जाने की बात कहकर यह साफ कर दिया कि कनाडा की नई सरकार भारत के साथ संबंधों को लेकर संजीदा है।

इसके बाद शीर्ष नेतृत्व की ओर से भी संबंध सुधारने की दिशा में प्रयास हुए। अब कार्नी ने साफ कर दिया है कि जी-7 देश दुनिया के विकासशील देशों के साथ अच्छे सबंध बनाना चाहते हैं ताकि ऊर्जा, पर्यावण और राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंडे को लागू किया जा सके। भारत की भागीदारी के बिना इस एजेंडे को पुरा किया जाना संभव नहीं है। बहरहाल, मोदी और कार्नी के बीच द्विपक्षीय वार्ता हो चुकी है। वार्ता के दौरान माहौल काफी खुशनुमा था। दोनों नेता जिस गर्मजोशी से मिले, उससे साफ है कि नई दिल्ली और ओटावा के बीच जमी हुई बर्फ जल्द ही पिघलती हुई दिखेगी। लेकिन दोनों देशों के बीच विवाद के कुछ बिन्दु अभी भी अनुत्तरित हैं। खालिस्तानियों की गतिविधियों व उनकी फंडिंग के मुद्दे पर भारत और कनाडा के बीच विवाद है। भारतीय राजनयिक मिशनों के बाहर होने वाला खालिस्तानी विरोध प्रदर्शन लंबे समय से भारत और कनाडा के बीच टकराव का कारण रहा है, भारत चाहता है कि कैनेडियन सरकार इस मामले में कड़ा रुख अपनाकर विरोध प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगाए। जबकि कनाडा इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मानता है। उसका कहना है कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन नागरिकों का कानूनी अधिकार है। दूसरी और अमेरिका-कनाडा संबंध भी नाजुक दौर में हैं। ट्रंप की टैरिफ नीति और कनाडा को अमेरिकी संघ में शामिल करने की उनकी मंशा के बाद दोनों देशों के संबंधों में तल्खी और बढ़ गई है। ऐसे में कनाडा भी अमेरिका पर अपनी निर्भरता कम करना चाहता है। भारत का ब्रिटेन के साथ व्यापार समझौता है। इस महीने के अंत तक भाारत का अमेरिका के साथ भी व्यापार समझौता हो जाएगा। ऐसे में अगर भारत-कनाडा संबंधों में गर्मजोशी लौटती है तो भारत के बडे. बाजार का लाभ कनाडा को मिल सकेगा। दूसरी ओर भारत को भी कनाडा के प्राकृतिक गैस और खनिजों के विशाल भंडार का लाभ मिल सकेगा। जाहिर है दोनों देश ट्रंप के आयात शुल्क को ध्यान में रखते हुए निज्जर हत्याकांड के फलस्वरूप संबंधों में आई तल्खी से बाहर निकल कर आर्थिक हितों को प्राथमिकता देंगे।

## नया मोर्चा बनाने की मंशा

बहुत संभव है कि ट्रंप की व्यापार और विस्तार नीति के विरूद्ध कार्नी कोई मोर्चा बनाने की मंशा रखते हों। जिस तरह से उन्होंने जी- 7 के मेजबान देश की हैसियत से मैक्सिको, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और अंततः भारत को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शिखर बैठक में आमंत्रित किया है, उससे उनके इरादे जाहिर हो रहे हैं। हालांकि, मोदी को आमंत्रित किए जाने के फैसले को लेकर कनाडा के अंदर अभी भी विरोध के स्वर उठ रहे हैं। ऐसे में यह देखना काफी दिलचस्प होगा मोदी के कनाडा दौरे के बाद भारत की कूटनीति खालिस्तानी समर्थक समूहों के विरोध का सामना किस तरह से करती है। स्थिति चाहे जो भी बने लेकिन यह तय है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद जिस तरह से विदेश नीति और कूटनीतिक के मोर्चे पर देश के भीतर मोदी सरकार की आलोचना हो रही है, उसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कनाडा जैसे देश का साथ निस्संदेह राहत की बात होगी।

## खबर संक्षेप

### नए कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन पर वर्कशॉप

**भोपाल।** भारत सरकार द्वारा लागू नवीन आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं आपराधिक न्याय प्रणाली के विभिन्न स्तंभों के लिए रविवार को मिंटो हॉल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में एडीजी, आईजी, एसपी तथा एडीशनल एसपी तथा जिलों के न्यायाधीश, मेडीकल ऑफिसर्स, अभियोजन, कारागार तथा फोरेंसिक साइंस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सहभागिता करेंगे।

### नशा मुक्ति जागरुकता की दिलाई गई शपथ

**भोपाल।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के परिसर में शुक्रवार को केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो भारत सरकार के नशा मुक्ति पखवाड़ा अंतर्गत परिसर में प्राध्यापकों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं को नशे के विरुद्ध जागरूकता के लिए निदेशक प्रो. रमाकांत पाण्डेय ने शपथ दिलाई। इस अवसर पर परिसर के व्याकरण विभाग के आचार्य प्रो. सुबोध शर्मा ज्योतिष विभाग के आचार्य प्रोफेसर भारत भूषण मिश्रा शिक्षा विभाग के प्रोफेसर गोविंद गोविंद पाण्डेय प्रोफेसर अशोक कुमार कछुवाह कार्यक्रम के संयोजक एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉण राकेश कुमार वर्मा, नाटक विभाग के डॉ. प्रसाद भिड़े, डॉ. संगीता गुंदेचा सुमित सक्सेना सहित पंकज पाण्डेय, हर्षराज दुबे, श्रेष्ठा, मयूर सनित आदि मौजूद रहे।

### अनियंत्रित कार दीवार से टकराई, तीन की मौत

**बिलासपुर।** बिलासपुर के तखतपुर ग्राम काठाकोनी बिनोरी मोड़ के पास कार अनियंत्रित होकर दीवार से टकरा गई जिससे मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई। काठाकोनी निवासी पवन रात्रे, सुरेश वासुदेव, विजय राजपूत, मोनु यादव, जयंत वैष्णव सभी कार से बिलासपुर प्लंबर का काम करने गए थे।

### अपेक्स बैंक मुख्यालय में हुई कार्यशाला

**भोपाल।** राजधानी स्थित अपेक्स बैंक मुख्यालय में भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय की महत्वाकांक्षी सहकार से समृद्घि योजनान्तर्गत जिला सहकारी बैंकों से सम्बद्ध बहुदेशीय सहकारी समितियों में व्यवसाय के विविधीकरण के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला को बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता ने सम्बोधित करते हुए विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर बैंक के वि.क.अ. अरुणा दुबे, अरुण मिश्र, संजय मोहन भटनागर, कृति सक्सेना, उप महाप्रबंधक केटी.सज्जन, विकअ अरविन्द बौद्ध व आरसी पटले सहित बैंक के वरिष्ठ अधिकारीगण व समिति प्रबंधक उपस्थित हुए।

# वन ग्रामों में सर्वे कराएंगे, जो छूट गए हैं, उन्हें भी दिए जाएंगे पट्टे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वन ग्रामों में भी पट्टे दिए जाएंगे। वन ग्रामों में सर्वे करवाया जाएगा। जो पात्र व्यक्ति छूट गए हैं, उन्हें भी ससम्मान पट्टे दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सघन वन मध्यप्रदेश की पहचान है, इसलिए वन विभाग प्रदेश की बेजोड़ सघन वन सम्पदा एवं वन्य जीव पर्यटन सुविधाओं में और अधिक विस्तार कर अपनी स्थाई आय के साधन बढ़ाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में वन विभाग की गतिविधियों की समीक्षा रहे थे। उन्होंने कहा कि मप्र में आने वाले पर्यटकों का प्रमुख आकर्षण बाघ का दिखाई देना है, जो वन विभाग की आय का प्रमुख साधन भी है। उन्होंने कहा कि बफर एरिया में जरूरी सुविधाओं का विस्तार करें और विशेषज्ञों की सेवाएं लें। मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ वन अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे गुजरात के वनतारा जाएं, उनका वन्य जीव रेस्क्यू सेंटर देखें और मप्र में भी ऐसे ही बड़े रेस्क्यू सेंटर की स्थापना की संभावनाओं पर गहनता से अध्ययन करें।

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की वन विभाग की गतिविधियों की समीक्षा*



**देश के पांच सर्वोत्तम टाइगर रिजर्व में तीन मप्र के**

*अपर मुख्य सचिव वन वर्णवाल ने बताया कि केंद्र सरकार ने देश के सभी टाइगर रिजर्व की ग्रेडिंग की थी। देश के पांच सर्वोत्तम टाइगर रिजर्व में से तीन मप्र के हैं। यह प्रदेश के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। उन्होंने बताया कि गत वित्त वर्ष में देश में 1.67 लाख से अधिक वन पर्यटक टाइगर रिजर्व में आए। इनमें से 80 हजार से अधिक वन पर्यटक मध्यप्रदेश के तीन टाइगर रिजर्व में आए। मप्र में वर्तमान में 9 टाइगर रिजर्व संचालित हैं। सागर जिले में 258.64 वर्ग किमी वन क्षेत्र में डॉ. भीमराव आंबेडकर अभयारण्य की स्थापना की अधिसूचना जारी की गई है।*

**नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पदस्थ वनकर्मियों का करेंगे सम्मान**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पदस्थापना वाले वनधिकारियों एवं कर्मचारियों को पौष्टिक आहार भत्ता एवं विशेष भत्ता आदि देकर उनका सम्मान किया जाएगा। साथ ही वन सुरक्षा में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले वनकर्मियों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन देने पर भी वन विभाग विचार कर प्रस्ताव दें।

**4.31 लाख हेक्टेयर बिगड़े वन अब अच्छे वन में बदले**

बैठक में बताया गया कि वन विभाग के सभी नक्शे गतिशक्ति पोर्टल पर अपलोड कर दिए गए हैं। यह नक्शे गूगल अर्थ पर उपलब्ध हैं। संयुक्त वन प्रबंधन पद्धति के माध्यम से प्रदेश में 4.31 लाख हेक्टेयर बिगड़े वनों को अब अच्छे वन में परिवर्तित कर दिया गया है। प्रदेश के 925 वन ग्रामों में से 792 वन ग्राम, राजस्व ग्राम में परिवर्तित कर दिए गए हैं। संरक्षित क्षेत्र के 66 वन ग्रामों में कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि मप्र राज्य जैवविविधता बोर्ड के तहत प्रदेश के पांच स्थलों यथा पातालकोट, नरो हिल्स, अमरकंटक, सिरपुर झील एवं वाल्मी परिसर भोपाल को जैवविविधता विरासत स्थल घोषित किया गया है।

**उज्जैन और जबलपुर जू एवं रेस्क्यू सेंटर की स्थापना की तैयारी**

अपर मुख्य सचिव वन वर्णवाल ने बताया कि वन विभाग ने 160 किमी संरक्षित क्षेत्रों में फेंसिंग कराने का प्रस्ताव दिया है। उज्जैन में जू एवं रेस्क्यू सेंटर की स्थापना के लिए डीपीआर तैयार कर मंजूरी के लिए (सीजेडए), नई दिल्ली को भेज दी गई है। जबलपुर में भी जू एवं रेस्क्यू सेंटर की स्थापना के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है।

## जशपुर में हजारों लोगों के बीच किया योगाभ्यास, बताए योग के फायदे, दी बधाइयां

*सीएम समेत प्रदेश के दिग्गजों और आम लोगों ने योग किया*

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सीएम साय ने किया योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुर

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पूरी दुनिया ने योग किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशाखापटनम में योग दिवस कार्यक्रम का नेतृत्व किया। प्रधानमंत्री मोदी ने विशाखापटनम में तीन लाख लोगों के साथ सामूहिक योग किया। पूरे देश में साढ़े तीन लाख से भी ज्यादा जगहों पर सामूहिक कार्यक्रमों के ज़रिये योग दिवस मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ में भी योग दिवस मनाया गया और सीएम समेत प्रदेश के दिग्गजों और आम लोगों ने योग किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जिला मुख्यालय जशपुर में हजारों लोगों के साथ योगाभ्यास किया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग हमारे देश के लिए कोई नई विधा नहीं है। सनातन काल से योग हमारे जीवन में चला आ रहा है।

हमारे ऋषि मुनियों ने इसका इजाद किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पटल पर योग की महत्ता को स्थापित किया। संयुक्त राष्ट्र महासभा में वर्ष 2014 में आवाज उठाई और इसे विश्व स्तर पर स्वीकृति दिलाई। वर्ष 2015 से प्रति 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जा रहा है। हम सब लोगों के लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा सहित 175 देशों में योग की आवाज गूंज रही है। साय ने कहा कि सभी लोग योग को अपने दिनचर्या में शामिल करें। योग से मन और आत्मा संतुलित रहती है। दिन-रात के 24 घंटे में से कुछ समय योग के लिए जरूर निकालें। इससे बड़ी-बड़ी बीमारियां ठीक हो जाती हैं। शरीर स्वस्थ रहने के साथ ही भविष्य में बीमारियां होने की संभावना भी नहीं रहती। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में दवाई की जरूरत पड़ने पर जेनेरिक दवाइयों के उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह भी एलोपैथिक दवाइयां जैसे ही असर करती हैं। इनका दाम बहुत कम होता है। गरीबों की पहुंच की सीमा में और ज्यादा फायदेमंद है। इसका उपयोग जरूर सभी करें। बड़ी संख्या में बच्चे भी योग कार्यक्रम में शामिल हुए। इससे बच्चों का मन शांत व स्थिर रहता है और पढ़ने में मन लगता है।




**विकास कार्यों का भी किया भूमिपूजन**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर 107.81 करोड़ के 64 कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण किया। इनमें जशपुर विधानसभा क्षेत्र के 61 करोड़ 20 लाख के 85 कार्यों का भूमिपूजन और 15 करोड़ 80 लाख के 6 कार्यों का लोकार्पण किया। इसी प्रकार कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत फरसाबहार विकासखंड के 24 करोड़ 90 लाख के 15 कार्यों का भूमिपूजन और 5 करोड़ 91 लाख के 4 कार्यों का लोकार्पण भी किया।

**सीएम ने किया नालंदा परिसर का भूमिपूजन**

*मुख्यमंत्री ने नालंदा परिसर का भूमि पूजन भी किया। 500 सीटर इस परिसर की लागत 11 करोड़ 29 लाख रुपया है। 2 एकड़ में बनेगा। इसमें गार्डन भी विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गरीब बच्चों को परिसर का ज्यादा लाभ मिलेगा। अब जागरुकता के कारण गांव और गरीब लोग भी बड़े-बड़े परीक्षा दे रहे हैं और सफल भी हो रहे हैं। सब लोग बड़े शहर आकर पढ़ाई नहीं कर सकते। इसलिए राज्य सरकार ने सभी जिला मुख्यालय व बड़े शहरों में नालंदा परिसर का निर्माण का जिम्मा लिया है।*

**करें योग, रहें निरोग-किरण देव**



*जगदलपुर में इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में योग किया गया, योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जगदलपुर विधायक किरण देव शामिल हुए। इस अवसर पर देव ने कहा कि करें योग-रहें निरोग इसी भावना के साथ स्वस्थ शरीर के लिए नियमित योग आसनों का अभ्यास करें। भारत वर्ष की पुरातन विधा योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष कसरत के रूप में पहचान मिली है। आज पूरे विश्व सहित प्रदेश के सभी जगहों पर योगाभ्यास किया जा रहा है। इस दौरान विधायक देव ने एक पेड़ माँ के नाम के तहत स्टेडियम परिसर में पौधरोपण भी किया। इस योगाभ्यास कार्यक्रम में महापौर संजय पाण्डे, पार्षद वेद प्रकाश और जिले के गणमान्य जनप्रतिनिधि, आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर हरिस एस, ने हिस्सा लिया।*

**वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ठगे लाखों**

# युवक का वीडियो बनाकर किया अप्राकृतिक कृत्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



जिले में ब्लैकमेलिंग का एक और चौंकाने वाला मामला सामने आया है जहां एक युवक से अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 29 लाख 40 हजार रुपये की ठगी की गई। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पूरा मामला जामुल थाना क्षेत्र का है।

बता दें कि इससे पहले सराफा व्यापारी से अश्लील वीडियो के जरिये दो करोड़ रुपये ब्लेकमेलिंग के मामले में पुलिस ने पति पत्नी को गिरफ्तार किया था। पीड़ित युवक एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था। इस दौरान उसकी पहचान आरोपी आलोक मिश्रा से हुई। आलोक मिश्रा ने उसे सब्जी व्यवसाय करने का लालच देकर अपने झांसे में लिया और उसे अपने घर बुलाकर उसके साथ जबरदस्ती अप्राकृतिक संबंध बनाकर मोबाइल में वीडियो रिकार्डिंग कर ली। इसके बाद वह उसे अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देने लगा। लोक लाज के डर से युवक किश्तों में डिमांड के अनुसार पैसे देता गया। इस तरह उसने कुल 29 लाख 40 हजार रूपये आरोपी को दे डाला। लेकिन आलोक का लालच बढ़ता गया। इस बात से परेशान होकर युवक ने जामुल थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने युवक को शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी आलोक मिश्रा को हाउसिंग बोर्ड से गिरफ्तार किया और उससे पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

**लवन थाना क्षेत्र के ग्राम लाहौद की घटना**



# गणेश राइस मिल में लगी भीषण आग

बलौदाबाजार ▶▶ भाटापारा

लाहौद स्थित गणेश राइस मिल में भीषण आग लगने से करोड़ों का धान जलकर राख हो गया। लवन थाना क्षेत्र के ग्राम लाहौद स्थित गणेश राइस मिल में बीती रात भीषण आग लग गई। आग लगने का कारण फिलहाल अज्ञात है, लेकिन इस हादसे में राइस मिल में रखा करोड़ों रुपए मूल्य का धान जलकर पूरी तरह राख हो गया।

जानकारी के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम और लवन थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि उसे काबू में करने के लिए पूरी रात और सुबह तक फायर टीम को मशक्कत करनी पड़ी। लवन थाना प्रभारी अमित पटले की सूझबूझ और तत्परता से आग के और अधिक फैलाव को रोका जा सका, जिससे मिल के बाकी हिस्सों और आसपास के क्षेत्र को संभावित बड़े नुकसान से बचा लिया गया। फिलहाल आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया है, लेकिन आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, इस हादसे में भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। प्रशासन की ओर से घटना स्थल का निरीक्षण किया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

**कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप**

# बेमेतरा सिटी कोतवाली टीआई सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

बेमेतरा एसएसपी रामकृष्ण साहू ने शनिवार को टीआई दुलेश्वर चंद्रवंशी को सस्पेंड कर दिया गया है। टीआई दुलेश्वर चंद्रवंशी वर्तमान में बेमेतरा सिटी कोतवाली थाना प्रभारी थे। एसएसपी कार्यालय बेमेतरा से जारी आदेश में बताया गया है कि दुलेश्वर चंद्रवंशी द्वारा अपने शासकीय कार्य के विपरीत, अशोभनीय व संदिग्ध




आचरण प्रदर्शित करने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। इन्हें रक्षित केन्द्र बेमेतरा में आगामी आदेश तक अटैच कर दिया गया है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार निर्वाह भत्ते आदि की पात्रता होगी। बता दें कि इसी साल जनवरी माह में दुलेश्वर चंद्रवंशी एसआई से प्रमोट होकर टीआई बने है। बेमेतरा थाना प्रभारी से पहले दुलेश्वर चंद्रवंशी नवागढ़ थाना प्रभारी थे। इन्हे 31 मार्च के बाद बेमेतरा सिटी कोतवाली थाना का प्रभार दिया गया था।

**क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी चौरासिया ने फीता काटकर वैन को रवाना किया**

# पासपोर्ट मोबाइल वैन सेवा का शुभारंभ अब गांवों में भी बन सकेंगे पासपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अब मप्र के ग्रामीण और दूर-दराज इलाकों में रहने वाले लोगों को पासपोर्ट बनवाने के लिए राजधानी भोपाल या शहर नहीं आना पड़ेगा। दरअसल विदेश मंत्रालय की मोबाइल पासपोर्ट सेवा वैन का शुभारंभ शुक्रवार को अरेरा हिल्स स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय से हुआ। वैन के लोकार्पण समारोह में क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शीतांशु चौरासिया ने फीता काटकर इसे रवाना किया।

इस मौके पर उन्होंने बताया कि वैन का उद्देश्य उन क्षेत्रों में पासपोर्ट सेवा को पहुंचाना है, जहां अब तक पासपोर्ट सेवा केंद्र नहीं थे। यह मोबाइल यूनिट एक चलित पासपोर्ट सेवा केंद्र के रूप में पूरी तरह से कार्य करेगी। मोबाइल वैन के उद्घाटन के दिन ही सेवा का प्रभाव नजर आया। 50 से ज्यादा लोगों ने आवेदन की प्रक्रिया पूरी की। ग्रामीण क्षेत्रों के लोग और महिलाएं प्रमुख रूप से शामिल रहीं। अधिकांश आवेदकों ने इसे घर तक आई सरकारी सेवा बताते हुए सराहा।



**वैन में मिल रही हैं केंद्र जैसी सभी सुविधाएं**

यह वैन आधुनिक तकनीक से लैस है। इसमें बायोमेट्रिक रजिस्ट्रेशन, डॉक्यूमेंट स्कैनिंग, डिजिटल हस्ताक्षर, फोटो कैप्चर और ऑन-साइट वेरिफिकेशन की सभी व्यवस्थाएं मौजूद हैं। पासपोर्ट के लिए जरूरी सभी चरण इसी वैन में पूरे किए जा रहे हैं। शीतांशु चौरासिया ने बताया कि, इस वैन में वही प्रक्रिया अपनाई जाती है जो भोपाल स्थित पासपोर्ट सेवा केंद्र में होती है। पूरा सेटअप वातानुकूलित है। फोटो से लेकर दस्तावेज सत्यापन तक की हर सुविधा यहीं मिलेगी।

**ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग से होगी सुविधा आसान**

*वैन किस क्षेत्र में कब पहुंचेगी, इसकी सूचना स्थानीय प्रचार और डिजिटल माध्यमों से दी जाएगी। इसके लिए एक विशेष ऑनलाइन अपॉइंटमेंट स्लॉट बुकिंग सिस्टम बनाया गया है, जिससे इच्छुक आवेदक समय से पंजीकरण करा सकें। यह पहल विशेष रूप से उन लोगों के लिए लाभकारी है, जो शारीरिक, आर्थिक या पारिवारिक कारणों से पास के बड़े शहरों तक नहीं पहुंच पाते थे। अब उन्हें पासपोर्ट बनाने के लिए लंबा सफर तय नहीं करना होगा।*

## जूट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया और कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के प्रतिनिधिमंडल ने जानी मप्र की एडवांस्ड फूड ग्रेन प्रोक्योरमेंट प्रणाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जूट कार्पोरेशन ऑफ इंडिया और कॉटन कार्पोरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल में मप्र की एडवांस्ड फूड ग्रेन प्रोक्योरमेंट प्रणाली के बारे में जानकारी ली।

एमडी नागरिक आपूर्ति निगम अनुराग वर्मा प्रणाली ने इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने मप्र के प्रोक्योरमेंट सिस्टम की सराहना करते हुए कहा कि इस सिस्टम को अपने कार्पोरेशन में भी लागू करेंगे।

**पारदर्शिता और प्रभावशीलता के हिसाब से बेंचमार्क**

*प्रतिनिधिमंडल ने किसानों के रजिस्ट्रेशन, डिजिटल पेमेंट और सप्लाई चेन लॉजिस्टिक्स के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह पारदर्शिता और प्रभावशीलता के हिसाब से बेंच मार्क है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य जूट और कॉटन के नेशनल प्रोक्योरमेंट फ्रेमवर्क की दक्षता को बढ़ाने के लिए मध्यप्रदेश में किए जा रहे नवाचारों का अध्ययन करना था। प्रतिनिधिमंडल ने विभागीय अधिकारियों से भी विस्तार से संवाद किया।*

# महिला ने ट्रेन के सामने कूदकर की आत्महत्या एक साल का मासूम बच्चा बिलखता मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर चांपा

जांजगीर चांपा जिले में कल्याणपुर और कोटमीसोनार के बीच एक साल के बच्चे के साथ ट्रेन के सामने कूदकर महिला ने आत्महत्या की है। शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। महिला ने किस कारण से यह कदम उठाया है अभी पता नहीं चल सका है। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र की है।

मिली जानकारी अनुसार ग्राम कल्याणपुर के आश्रित गांव दर्री टांड़ की रहने वाली शिव कुमारी नायक जोकि शुक्रवार की रात 12.30 बजे अपने एक साल के बच्चे को लेकर घर से निकल गई। कल्याणपुर और कोटमीसोनार को जोड़ने वाले रेलवे ट्रैक पर गुजर रही ट्रेन के सामने कूद गई, जिससे शरीर के कुछ हिस्से टुकड़े हो गए और उसकी मौत हो गई। वहीं साल भर का बच्चा ट्रैक में अपनी मां के पास रोता रहा।



**महिला की पूर्व में हो चुकी थी शादी मासूम बच्चा दूसरे पति का था**

*घटना की जानकारी आसपास के लोगों को होने पर डायल 112 की टीम को दी गई। जहां से बच्चे को अकलतरा सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां किसी प्रकार की चोट नहीं लगी है। मृतका शिवकुमारी का पहले विवाह हो चुका था। उसके पहले पति के दो बच्चे हैं। दूसरी शादी मंतराम से हुई थी।*

**भोपाल में 'सेंटर ऑन एनर्जी ट्रांजिशन' की स्थापना का प्रस्ताव**

# नवकरणीय ऊर्जा में मध्यप्रदेश को बनाएंगे मॉडल स्टेट

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नवकरणीय ऊर्जा आज की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में सबसे बड़ा माध्यम है। हमारी सरकार इस दिशा में गंभीर प्रयास कर रही है।

नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन के जरिए हम मध्यप्रदेश को इस मामले में देश का एक मॉडल स्टेट बनाने की ओर तेजी से अग्रसर हैं, इसके लिए हम प्रतिष्ठित संस्थाओं से विशेषज्ञों से सहयोग भी लेंगे। डॉ. यादव की उपस्थिति में मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में राज्य सरकार और यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले के प्रतिनिधियों के मध्य एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर आदान-प्रदान किया गया।



**रीवा में भारत का पहला सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट**

*यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले द्वारा ऊर्जा मॉडलिंग, डेटा समेकन तथा नियामकीय विशेषज्ञता के माध्यम से यह परिकल्पना प्रस्तुत की गई है कि ऊर्जा भंडारण आधारित नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के माध्यम से थर्मल ऊर्जा की तुलना में कम टैरिफ प्राप्त किया जाना संभव है। रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर ने भारत का पहला ऐसा सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट रीवा में वर्ष 2017 में विकसित किया था। बर्कले विश्वविद्याल द्वारा मध्यप्रदेश सरकार और रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर के साथ मिलकर एक साझा उद्देश्य प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध होकर प्रयासरत है। भोपाल के मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में 'सेंटर ऑन एनर्जी ट्रांजिशन' की स्थापना करने का प्रस्ताव है।*



# अपूर्व लाखिया की फिल्म में चित्रांगदा सिंह की एंट्री

**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान पिछली बार फिल्म 'सिकंदर' में नजर आए थे, जिसे समीक्षकों की तरफ से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह मुंह के बल गिरी। अब सलमान जल्द ही अपूर्व लाखिया की फिल्म में नजर आएंगे, जिसकी कहानी साल 2020 के गलवान घाटी संघर्ष पर आधारित है। सलमान इस फिल्म में कर्नल संतोष बाबू की भूमिका निभा रहे हैं। अब सलमान की फिल्म में अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह की एंट्री हो चुकी है। इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के अनुसार, अपूर्व की फिल्म में सलमान की जोड़ी चित्रांगदा के साथ बनी है। वह पहली बार सलमान के साथ काम करने के लिए लेकर उत्साहित हैं। यह पहला मौका है, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। फिल्म की शूटिंग जुलाई, 2025 में शुरू हो जाएगी।

लाइफ Style

# बनिता संधू

## मैंने आवाज उठाई तो इंडस्ट्री ने ब्लैकलिस्ट किया

एजेंसी ⏭ मुंबई

दीपिका पादुकोण के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की 'स्पिरिट' से बाहर निकलने के बाद से फिल्म इंडस्ट्री में 8 घंटे काम की शिफ्ट पर बहस शुरू हो गई है। दरअसल, अभिनेत्री ने इस फिल्म में काम करने के लिए यह शर्त रखी थी कि वह 6 से 8 घंटे काम करेंगी, क्योंकि वह अपनी बेटी पर भी ध्यान देना चाहती थीं।

आठ घंटे काम करने वाले मुद्दे पर अब अभिनेत्री बनिता संधू ने दीपिका का समर्थन किया है। एक इंटरव्यू में बनिता ने कहा कि आखिर फिल्म में काम करना भी एक नौकरी ही है। मैं अपने करियर की शुरुआत में उन निर्माताओं के खिलाफ खड़ी हो गई थी, जिन्होंने मुझसे 16 से 18 घंटों की शिफ्ट करवाई थी। हॉलीवुड में कई ऐसे समूह हैं, जो अपनी कास्ट और क्रू का समर्थन करते हैं। वहां काम के घंटे तय हैं। मुझे लगता कि किसी की मानसिक सेहत को खराब करके कोई काम नहीं करवाना चाहिए। बनिता काम के घंटों पर अपनी राय रखते हुए आगे कहती हैं, काम के बाद सबको पूरी नींद चाहिए। यह तो सबकी जरूरत है, सबका अधिकार है। जब मैंने फिल्मों में काम करना शुरू किया तो काफी घंटे काम किया। मुझे शुरुआत में लगा कि ऐसे ही काम होता है। मैंने आगे चलकर भी इस चीज का विरोध किया, जबकि मुझे इस बात का अहसास था कि ऐसा करने पर मैं इंडस्ट्री से ब्लैकलिस्ट भी हो सकती हूं।

बनिता बोलीं, हम किसी जंग के मैदान में नहीं खड़े हैं। हम फिल्में बना रहे हैं। काम के चक्कर में ऐसा क्यों करें कि हमें अपनी मानसिक सेहत की बलि चढ़ानी पढ़े। हर किसी को आराम करने का हक है। पहले मैं दिनभर शूटिंग करती थी और फिर रात को फ्लाइट में यात्रा करती थी।



हॉलीवुड मसाला



# टॉम हॉलैंड की 'स्पाइडर मैन 4' का ऐलान

**लॉस एंजिलस।** जाने-माने अभिनेता टॉम हॉलैंड की फिल्म 'स्पाइडर मैन' की चौथी किस्त का दर्शक काफी समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म होने वाला है। दरअसल, 'स्पाइडर मैन 4' का आधिकारिक ऐलान हो गया है। अपने पसंदीदा किरदार पीटर पार्कर को एक बार फिर से बड़े पर्दे पर देखने के लिए फैंस उत्साहित हैं। आखिरकार 'स्पाइडर मैन' की शीर्षक से पर्दा उठ गया है। फिल्म की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है। 'स्पाइडर मैन 4' का नाम 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' रखा गया है। यह फिल्म 31 जुलाई, 2026 को सिनेमाघरों का रुख करेगी। फिल्म के निर्देशन की कमान डेस्टिन डैनियल क्रेटन ने संभाली है। सोनी पिक्चर्स ने कैप्शन में लिखा, 'मार्वल स्टूडियोज 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे', 31 जुलाई 2026 को रिलीज होगी।'



# ब्रिटिश गायक एड शीरन, शाहरुख की फिल्म 'किंग' में लगाएंगे सुर

**मुंबई।** जाने-माने ब्रिटिश गायक एड शीरन पिछले कुछ दिनों से भारत में खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। एक ओर उनका हालिया रिलीज गाना 'सैफायर' रिलीज होते ही छा गया है। अरिजीत सिंह की आवाज और शाहरुख खान के कैमियो के साथ इस गाने ने प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। दूसरी ओर अब खबर आ रही है कि शीरन बॉलीवुड में कदम रखने के लिए तैयार हैं। उनके करियर का पहला हिंदी गाना शाहरुख की अगली फिल्म 'किंग' में होगा। शीरन फिर भारतीय प्रशंसकों को चौंकाने के मूड में हैं। पॉप गायक ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अप्रत्यक्ष रूप से पुष्टि की है कि उन्होंने शाहरुख की फिल्म 'किंग' के लिए एक हिंदी गाना रिकॉर्ड किया है। अब अगर सचमुच ऐसा होता है तो यह उनके भारतीय प्रशंसकों के लिए बड़ी सौगात होगी। शीरन ने इंस्टाग्राम पर एक कमेंट के जरिए बताया कि उन्होंने एक हिंदी गाना रिकॉर्ड किया है। शीरन ने कहा कि यह गाना शाहरुख की फिल्म का हिस्सा है और ये पंजाबी वर्जन में उनके गाने 'सैफायर' पर आधारित है, जिसमें अरिजीत भी शामिल हैं। इसका निर्देशन कर रहे हैं सिद्धार्थ आनंद, जो इससे पहले 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म दे चुके हैं। फिल्म में शाहरुख की बेटी सुहाना खान के अलावा दीपिका पादुकोण, अभिषेक बच्चन, रानी मुखर्जी, अनिल कपूर, जैकी श्रॉफ और राघव जुयाल जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।



# शिखर का हाथ थामे लंदन में घूमती दिखीं

**मुंबई।** अभिनेत्री जाह्नवी कपूर अपनी पेशेवर जिंदगी के साथ-साथ अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं। कहा जा रहा है कि जाह्नवी बिजनेसमैन शिखर पहाड़िया को डेट कर रही हैं। दोनों को अक्सर साथ में देखा जाता है। अब जाह्नवी और शिखर का नया वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में जाह्नवी और शिखर को एक-दूजे का हाथ थामे लंदन की सड़कों पर घूमते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में जाह्नवी की छोटी बहन और अभिनेत्री खुशी कपूर भी दिख रही हैं। तीनों आराम से लंदन की सड़कों पर टहलते हुए दिख रहे हैं। बता दें कि महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे, शिखर के नाना हैं। उनके माता-पिता का नाम संजय पहाड़िया और स्मृति पहाड़िया है।



# राम चरण की फिल्म 'पेड्डी' से पहली झलक आई सामने

**मुंबई।** वेब सीरीज 'मिर्जापुर' में मुन्ना भैया का किरदार निभाकर घर-घर में मशहूर हुए अभिनेता दिव्येंदु शर्मा 19 जून को 42 साल के हो गए हैं। उनके जन्मदिन पर प्रशंसकों को बड़ा उपहार मिला है। दरअसल, राम चरण की फिल्म 'पेड्डी' से दिव्येंदु की पहली झलक सामने आ गई है, जिसमें उनका धांसू अवतार दिख रहा है। दिव्येंदु फिल्म में राम बुज्जी की भूमिका निभा रहे हैं। इसके साथ निर्माताओं ने दिव्येंदु को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। 'पेड्डी' में राम चरण के साथ अभिनेत्री जाह्नवी कपूर नजर आएंगी और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। इस फिल्म में शिव राजकुमार और जगपति बाबू जैसे सितारे भी नजर आएंगे। 'पेड्डी' एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसे हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में रिलीज किया जाएगा।

टीवी मसाला

# कौन हैं पूरव झा, जो करण जौहर के शो 'द ट्रेटर्स' में मचा रहे धमाल?




**मुंबई।** करण जौहर के रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। सस्पेंस और ड्रामा से भरपूर यह शो ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रहा है। इस शो में कई ट्विस्ट और टर्न देखने को मिल रहे हैं। इस शो में यूट्यूबर पूरव झा भी खूब धमाल मचा रहे हैं। ऐसे में हर तरफ उनकी बहुत चर्चा हो रही है।

### 'इंडियाज ह्यूमन एआई' के नाम से मशहूर हैं पूरव

23 वर्षीय पूरव जाने-माने यूट्यूबर, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और कंटेंट क्रिएटर हैं। वह लोगों के बीच 'इंडियाज ह्यूमन एआई' के नाम से मशहूर हैं। पूरव का जन्म 11 अगस्त, 2002 को बिहार के मिथिला के मधुबनी जिले में हुआ था, लेकिन उनका पालन-पोषण दिल्ली में हुआ। बता दें कि पूरव ने अपनी शुरुआती पढाई दिल्ली के भारत पब्लिक स्कूल से पूरी की है। इसके बाद साल 2020 में उन्होंने स्नातक की डिग्री हासिल की थी।

### हस्तियों के लुक को रिक्रिएट करते हैं पूरव

पूरव को इंस्टाग्राम पर 60 लाख से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं। लोग उनके वीडियो को काफी पसंद करते हैं। दरअसल, पूरव जानी-मानी हस्तियों के लुक को रिक्रिएट करते हैं। उन्होंने अब तक डॉली चायवाला, ध्रुव राठी और रैपर हनी सिंह जैसी कई हस्तियों के लिए को रिक्रिएट किया है। पूरव के वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल होते हैं। बता दें कि पूरव ने 'इश्क नेक्स्ट डोर' और 'कैंपस डायरीज' सहित कई वेब सीरीज में भी काम किया है।

# अभिषेक की नई फिल्म 'कालीधर लापता' की रिलीज तारीख का ऐलान



**मुंबई।** अभिनेता अभिषेक बच्चन को इन दिनों फिल्म 'हाउसफुल 5' में देखा जा रहा है। फिल्म में उनकी कॉमिक टाइमिंग की खूब तारीफ हो रही है और बॉक्स ऑफिस पर भी यह ठीक-ठाक कमाई कर रही है। अब अभिषेक ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम 'कालीधर लापता' है। इसके साथ फिल्म की रिलीज तारीख का भी ऐलान हो गया है। 'कालीधर लापता' का प्रीमियर 4 जुलाई, 2025 से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होगा। फिल्म का पहला पोस्टर भी सामने आ गया है, जिसमें अभिषेक पेड़ की टहनी पर बैठे दिख रहे हैं। अभिषेक ने लिखा, 'चर्चाओं पर अब फुल स्टॉप। कभी-कभी, खो जाना कोई चक्कर नहीं होता, बल्कि यहीं से असली कहानी शुरू होती है। सपनों, मोड़ों और उन लोगों से भरी, जो इसे यादगार बनाते हैं।' इस फिल्म के निर्देशन की कमान मधुमिता ने संभाली है।

### अभिषेक का पोस्ट हुआ था वायरल

बीते दिन अभिषेक ने सोशल मीडिया पर एक पोस्टर साझा किया था। उन्होंने लिखा, 'मैं एक बार लापता होना चाहता हूं। भीड़ में खुद को फिर से पाना चाहता हूं। जो कुछ भी था, सब दे दिया अपनों के लिए। अब जरा सा वक्त अपने लिए चाहता हूं।' अभिषेक के इस पोस्ट को लोग ऐश्वर्या राय के साथ उनके तलाक से जोड़ रहे थे। हालांकि, अब साफ हो गया है कि उस पोस्ट का संबंध उनकी नई फिल्म से है।

# इन फिल्मों में भी आएंगी नजर

*मुंबई। मृणाल ठाकुर का नाम उन अभिनेत्रियों में शुमार है, जिन्होंने अपनी बेहतरीन अदाकारी के दम पर दर्शकों के बीच अलग पहचान बनाई है। उन्होंने साल 2018 में आई फिल्म 'लव सोनिया' के जरिए बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसके बाद मृणाल ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और भारतीय सिनेमा को एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं। वह कुछ मराठी और तेलुगु फिल्मों में काम कर चुकी हैं।*

### 'सन ऑफ सरदार 2'

पिछले काफी समय से मृणाल फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म 25 जुलाई, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। विजय कुमार अरोड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म मृणाल की जोड़ी पहली बार अजय देवगन के साथ जमेगी। संजय दत्त और संजय मिश्रा जैसे सितारे भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। अजय इस फिल्म का निर्माण ज्योति देशपांडे के साथ मिलकर कर रहे हैं।

### 'डकैतः एक प्रेम कहानी'

मृणाल के पास फिल्म 'डकैतः एक प्रेम कहानी' भी है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में मृणाल की जोड़ी अदिवी शेष के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। इस फिल्म में अनुराग कश्यप भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान शैनिल देव ने संभाली है। 'डकैत' 25 दिसंबर, 2025 को दर्शकों के बीच आएगी।

### 'है जवानी तो इश्क होना है'

जब से फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' का ऐलान हुआ है, प्रशंसकों का उत्साह सातवें आसमान पर है। डेविड धवन के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में मृणाल के साथ वरुण धवन और पूजा हेगड़े नजर आएंगे। तीनों की तिकड़ी देखने के लिए दर्शक बेताब हैं। मौनी रॉय भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। 'है जवानी तो इश्क होना है' को 10 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

### 'पूजा मेरी जान'

मृणाल की फिल्म 'पूजा मेरी जान' भी कतार में है। इस फिल्म में हुमा कुरैशी और विजय राज भी नजर आएंगे। इस फिल्म के निर्देशन की कमान नवजोत गुलाटी ने संभाली है, वहीं दिनेश विजान इसके निर्माता हैं। फिल्म की शूटिंग खत्म हो चुकी है और यह अपने पोस्ट-प्रोडक्शन पर है। विक्रम सिंह चौहान, राजेश जैस, निखिल अंगरीश और चैतन्य व्यास जैसे सितारे भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। यह फिल्म इस साल के अंत तक सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# 'सन ऑफ सरदार 2' से पहले ओटीटी पर देखें अजय देवगन की ये कॉमेडी फिल्में

एजेंसी ⏭ मुंबई

अजय देवगन पिछली बार फिल्म 'रेड 2' में दिखे थे, जिसने बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया। IRS अधकिारी अमय पटनायक के किरदार में वह फिर पर्दे पर छा गए थे। अजय न सिर्फ गंभीर, बल्कि हास्य भूमिकाएं निभाने में भी माहिर हैं। 'सन ऑफ सरदार 2' में भी वह कॉमेडी का छौंक लगाएंगे, जो इस साल 25 जुलाई को रिलीज होगी। इसकी रिलीज से पहले आइए ओटीटी पर मौजूद अजय की मजेदार कॉमेडी फिल्मों के बारे में जानें।



### 'गोलमाल'

(गोलमाल- फन अनलिमिटेड, गोलमाल रिटर्न्स, गोलमाल 3 और गोलमाल अगेन)- निर्देशक रोहित शेट्टी की कॉमेडी फ्रेंचाइजी 'गोलमाल' के चार भाग आ चुके हैं। इसकी शुरुआत साल 2006 में फिल्म 'गोलमालः फन अनलिमिटेड' से हुई थी। साल 2014 में इसकी चौथी किस्त 'गोलमाल अगेन' रिलीज हुई थी। इस सीरीज में अजय ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया था। साल 2027 में 'गोलमाल 5' रिलीज होगी। इसमें अरशद वारसी, तुषार कपूर, कुणाल खेमू, श्रेयस तलपड़े और जॉनी लीवर जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। इस सीरीज की सभी फिल्में यूट्यूब पर मौजूद हैं।

### 'ऑल द बेस्ट'

इस फिल्म में अजय के अलावा संजय दत्त, फरदीन खान, बिपाशा बसु और जॉनी लीवर ने भी अहम भूमिका निभाई थी। प्रेम चोपड़ा की भूमिका में अजय ने दर्शकों को खूब हंसाया था। साल 2009 में दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में आई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया था। 41 करोड़ रुपये के बजट वाली इस फिल्म ने 61 करोड़ रुपये कमाए थे। यह अमेजन प्राइम वीडियो, जियो हॉटस्टार, एमएक्स प्लेयर और यूट्यूब पर मौजूद है।



### 'सन ऑफ सरदार'

अश्विनी धीर के निर्देशन में बनी जियो हॉटस्टार पर मौजूद एक्शन कॉमेडी फिल्म 'सन ऑफ सरदार' में न सिर्फ अजय, बल्कि संजय दत्त की कॉमिक टाइमिंग की भी खूब तारीफ हुई थी। सोनाक्षी सिन्हा और जूही चावला भी इसका हिस्सा थीं। 30 करोड़ रुपये की लागत वाली इस फिल्म ने 161 करोड़ रुपये कमाए थे। अब वह इसका दूसरा भाग 'सन ऑफ सरदार 2' भी लेकर आ रहे हैं, जो इस साल 25 जुलाई को दर्शकों के बीच आएगा।



### 'टोटल धमाल' और 'बोल बच्चन'

कॉमेडी से लबरेज टोटल धमाल ने दर्शकों को खूब लोटपोट किया था। बोमन ईरानी, अरशद वारसी, रितेश देशमुख, अनिल कपूर और माधुरी दीक्षित ने भी इसमें अहम भूमिका निभाई थी। 100 करोड़ रुपये इस फिल्म का बजट था और इसने करीब 220 करोड़ रुपये की कमाई की थी। दूसरी ओर अजय और अभिषेक बच्चन की फिल्म 'बोल बच्चन' देखकर भी लोगों ने खूब ठहाके लगाए थे। ये दोनों फिल्में जियो हॉटस्टार पर देखी जा सकती हैं।

## एंटीएजिंग, इम्युनिटी लोंगिविटी एवं डिजीज को कन्ट्रोल करने से लेकर उन्हें रिवर्स करने का सामर्थ्य योग में है : आचार्य बालकृष्ण

# योग ही सनातन का सार है, योग परम सत्य है, सनातन शाश्वत सत्य योग है, योगधर्म ही सनातनधर्म व युगधर्म है : स्वामी रामदेव





- आज दुनिया के 200 देशों में 200 करोड़ से ज्यादा लोग कर रहे हैं योग : स्वामी रामदेव
- एंटीएजिंग, इम्युनिटी लोंगिविटी एवं डिजीज को कन्ट्रोल करने से लेकर उन्हें रिवर्स करने का सामर्थ्य योग में है : आचार्य बालकृष्ण
- स्वस्थ, समर्थ, समृद्ध, संगठित व विकसित भारत के लिए योग दिवस पर दिलाया योग व स्वदेशी का संकल्प।
- भारतीय शिक्षा बोर्ड द्वारा 1835 से चली आ रही मैकाले की शिक्षा से पद्धति से मुक्ति

**कुरुक्षेत्र।** स्वामी रामदेव महाराज के दिशानिर्देशन में 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पतंजलि योगपीठ तथा हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग, हरियाणा के संयुक्त तत्वाधान में कुरुक्षेत्र में आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वामी रामदेव महाराज, आचार्य बालकृष्ण महाराज तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ब्रह्मसरोवर, कुरुक्षेत्र की ऐतिहासिक भूमि पर योग साधकों को योगाभ्यास कराया। इसी के साथ पतंजलि योग समिति के माध्यम से देश के समस्त 650 जिलों में कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत निःशुल्क योग का प्रशिक्षण दिया गया। कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर 1 लाख से अधिक योग साधकों ने एक-साथ योगाभ्यास कर नया कीर्तिमान बनाया। कार्यक्रम में स्वामी जी महाराज ने उपस्थित योग साधकों को योग व स्वदेशी का संकल्प दिलाया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'वन अर्थ, वन हेल्थ' रही।

स्वामी रामदेव जी महाराज ने कहा कि दुनिया में अब 200 करोड़ से ज्यादा लोग योग कर रहे हैं, योग अब युगधर्म बन गया है। उन्होंने कहा कि योग ही सनातन का सार है। योग अप्रतिम विद्या, योग हमारे संस्कारों, संस्कृति व प्रकृति में है। युगों-युगों से योग हमारे भीतर घटित हो रहा है। योग ही जीवन का सत्य है। योग ही मति, कृति, प्रकृति व संस्कृति का आधार है। संस्कृति मूलक समृद्धि का आधार योग ही है। विरासत मूलक विकास का नारा प्रधानमंत्री मोदी जी ने दिया है।

स्वामीजी ने कहा मोदीजी ने प्रत्येक ग्राम प्रधान को योग को प्रचारित करने हेतु पत्र लिखा है। सरपंच व ग्रामप्रधान अब योग्य योगपंच व योगप्रधान बनें। प्रधानमंत्री जहाँ भी जाते हैं वहाँ योग व भारतीय संस्कति व सनातन की प्रतीक श्रीमद्भगवद्गीता भेंट करते हैं। आज देश के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, गृहमंत्री, रक्षामंत्री, राज्यपाल व मुख्यमंत्री योग करते हैं।

**देश का हेल्थ बजट शून्य करने का ताकत है योग में-**

देश में दवाओं के नाम पर 10 लाख करोड़ रुपए खर्च होते हैं। जब देश के करोड़ों लोग रोज योग करेंगे तो देश का हेल्थ बजट शून्य हो जाएगा। यदि प्रत्येक देशवासी योग करे तो देश को 10 लाख करोड़ रुपए की बचत हो सकती है। स्वामीजी ने कहा कि योग एवं योगमूलक जीवन पद्धति को आत्मसात करने के लिए आज विश्व लालायित है। योग युगों-युगों से चली आ रही हमारे पूर्वजों की बहुत बड़ी सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत है। योग का क्रियात्मक पक्ष अष्टांगयोग, ध्यानयोग, ज्ञानयोग, भक्तियोग, क्रियायोग एवं हठयोग आदि का वैयक्तिक व सामूहिक अभ्यास है। योगमूलक सनातन, शाश्वत, वैज्ञानिक, सार्वभौमिक सिद्धान्तों पर आधारित एक आध्यात्मिक नैतिक व्यवस्था है।

**योग दिवस पर दिलवाया योग व स्वदेशी का संकल्प-**

स्वामी जी ने कहा कि देश में समृद्धि स्वदेशी अपनाने से ही आ सकती है। ऑक्सफैम ग्लोबल यू.के. एवं अन्य स्त्रोतों के सर्वे के अनुसार, 1765 से 1900 के बीच विदेशी कंपनियों और आक्रांताओं ने भारत से 100 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की लूट की और आज भी वह लूट निरंतर जारी है। स्वामी जी स्वदेशी के माध्यम से इस लूट को रोकने और भारत को आर्थिक महाशक्ति की ओर ले जाने के लिए संकल्पित है। प्रधानमंत्री मोदी ने आह्वान किया है कि हम प्रतिदिन जीवन में स्वदेशी का प्रयोग करें। प्रातः से सायं तक प्रतिदिन प्रयोग होने वाले सामान की सूची बनाएँ और विदेशी सामान का बहिष्कार कर स्वदेशी अपनाएँ। ऐसा करके हम भारत माता की सेवा कर सकते हैं। स्वदेशी के संकल्प से ही भारत परम वैभवशाली बनेगा। "Prosperity for Charity' के तहत पतंजलि ने 100% लाभ भारत माता की सेवा में लगाया है, लगा रहे हैं और आगे भी लगाएंगे।

स्वामी जी ने कहा कि 1835 से चली आ रही मैकाले की शिक्षा पद्धति से देश को मुक्त करने के लिए पतंजलि गुरुकुलम् और आचार्यकुलम् जैसे संस्थान भारतीय शिक्षा बोर्ड के साथ श्रेष्ठ व्यक्तित्व, चरित्र और नेतृत्व वाले बच्चों का निर्माण कर रहे हैं। आगे लाखों विद्यालयों को भारतीय शिक्षा बोर्ड से संबद्ध कर हम एक नए भारत का निर्माण कर रहे हैं। अपने बच्चों को पतंजलि गुरुकुलम्, आचार्यकुलम्, पतंजलि विश्व विद्यालय में पढ़ाएं और BSB के साथ अपने विद्यालय को संबद्ध करके राष्ट्र निर्माण के महायज्ञ में अपनी भूमिका निभायें। आज देश में पतंजलि योगपीठ के करोड़ों कार्यकर्ता योग सेवा कर रहे हैं। पतंजलि योग समिति के माध्यम से आज देश में 1 लाख से अधिक निःशुल्क योग कक्षाएँ संचालित हो रही हैं। "वन-अर्थ, वन-हेल्थ' एक पृथ्वी व एक स्वास्थ्य का संकल्प केवल योग से पूर्ण हो सकता है। पूरी दुनिया को स्वास्थ्य व शांति देने का कार्य केवल योग से ही संभव है। स्वामी जी ने कहा कि योग धर्म अब युगधर्म बन गया है। उन्होंने कहा कि आज योग और सनातन धर्म विश्व की आवश्यकता है। तनाव, बीमारियां, सामाजिक और सांस्कृतिक पतन से जूझ रही दुनिया को पतंजलि योग और सनातन मूल्यों के माध्यम से नई दिशा दे रहा है। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि योग को जन-जन तक पहुँचाने के लिए हरियाणा तथा केन्द्र सरकार पूर्ण प्रतिबद्ध है। हमारा उद्देश्य नशामुक्त व तनावमुक्त हरियाणा बनाना है।

कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि दैनिक जीवन में यदि आधा से एक घंटा का भी योग का क्रियात्मक अभ्यास कर लिया जाये तो जीवन को स्वस्थ, सुखी व आनन्दमय बनाया जा सकता है। प्रतिदिन के योगाभ्यास से एंटीएजिंग, इम्युनिटी लोंगिविटी एवं डिजीज को कन्ट्रोल करने से लेकर उन्हें रिवर्स करने का सामर्थ्य योग में है। योग पर हो रहे विभिन्न शोधों एवं वैश्विक स्तर पर वर्ल्ड के टॉपइम्पैक्ट के जनरल्स में योग रिसर्च के हजारों प्रमाण प्रकाशित हो चुके हैं तथा हमने भी सैकड़ों रिसर्च पेपर योग पर पतंजलि रिसर्च फाउन्डेशन की ओर से प्रकाशित करवाये हैं। कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल बंगारू दत्तात्रेय, हरियाणा की मंत्री आरती राव, सांसद नवीन जिंदल, आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा, पतंजलि संस्थान की ओर से साध्वी देवप्रिया, राकेशजी, योग आयोग के अध्यक्ष भाई जयदीप हरियाणा राज्य समिति की ओर से ईश कुमार आर्य, बहन अमरजी आदि ने लगभग 400 गांवों से संपर्क करके हरियाणा प्रत्येक गांव व जिले की भागीदारी सुनिश्चित की। इस कार्यक्रम में ब्रह्म सरोवर कुरुक्षेत्र में एक लाख से अधिक तथा संपूर्ण हरियाणा के जिला स्तर व तहसील स्तर तक 11 लाख से अधिक लोगों ने ऑनलाइन भागीदारी की।

## अंतरिक्ष में हुई किसी की मौत तो शरीर का होगा ये भयानक अंजाम

**वॉशिंगटन।** धरती पर किसी की मौत होने के बाद उसके धर्म के जुड़े रिजावों के साथ उसका अंतिम संस्कार किया जाता है। लेकिन, क्या आपने कभी सोचा है कि अगर किसी इंसान की मौत अंतरिक्ष में हो जाए तो उसके शरीर के साथ क्या होगा? अगर किसी की मौत स्पेस में होती है तो उसे धरती पर वापस लाना काफी मुश्किल भरा काम होगा।

### खा जाएंगे बैक्टीरिया

एक रिसर्च के मुताबिक बैक्टीरिया लगभग 3 सालों तक अंतरिक्ष में जिंदा रह सकते हैं। ये शव को खाने का काम करेंगे। आईएसएस की सतह पर तापमान अक्सर 328एफ से 392 एफ तक पहुंच सकता है। ऐसा होनो से शरीर पर बहुत ही गंभीर प्रभाव पड़ेंगे, जिससे मसल्स और स्किन बुरी तरह से खराब होने लगेंगी।




# फसल की पैदावार बढ़ाने मृदा परीक्षण की पहल

**जबलपुर।** अदाणी फाउंडेशन ने साथ मिलकर एसीसी ने शक्ति पीठ स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की 13 महिलाओं को त्वरित मृदा परीक्षण पहल की स्थापना में सहायता की है, देवरी मझगवां गांव में किसानों को एग्रोनक्स्ट भू-परीक्षक डिवाइस के माध्यम से मौके पर ही रसायन मुक्त मृदा परीक्षण की सुविधा मिल रही है। इस उन्नत स्पेक्ट्रोमीटर-आधारित मृदा परीक्षण उपकरण से लैस, महिला एसएचजी सदस्य किसी भी खेत पर जाती हैं, मिट्टी के नमूने एकत्र करती हैं, और उन्हें उसमें डालती हैं। इसके बाद मशीन आठ मापदंडों पर मिट्टी के घटकों को अपने डेटाबेस से मिलाती है और तुरंत परिणाम प्रिंट करती है। इससे किसानों का समय और संसाधन बचता है।

# धरती को गर्म करने वाली मीथेन गैस ही है इन समुद्री मकड़ियों का पेट्रोल

एजेंसी ▶▶| लंदन

समुद्र की गहराइयों में प्रकृति को नुकसान पहुंचाना वाली यह ग्रीनहाउस गैस दुनिया के कुछ सबसे रहस्यमय जीवों के लिए पौष्टिक भोजन है। वैज्ञानिकों का कहना है कि उन्होंने अमेरिका के पश्चिमी तट पर समुद्री मकड़ियों की 3 नई प्रजातियों की खोज की है। हालांकि, अभी इन मकड़ियों का नामकरण होना बाकी है। यह हजारों फीट नीचे उन जगहों पर रहती हैं जहां से मीथेन गैस निकलती है। जर्नल प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रकाशित स्टडी के मुताबिक, बैक्टीरिय मकड़ी के शरीर के बाहरी हिस्से पर रहती है। इसके बदले में ये छोटे से जीव मीथेन गैस को चीनी और फैट में बदल देते हैं जिसे मकड़ियां खा सकें। लॉस एंजिल्स के ऑकिडेंटल कॉलेज में जीव विज्ञान की प्रोफेसर शाना गोफ्रेडी ने बताया कि, मकड़ियों के खाने का यह अनोखा तरीका पहली बार देखा गया है।



### वायुमंडल बचाने में अहम भूमिका

गोफ्रेडी का कहना है कि, ऐसा संभव है कि ये मकड़ियां और उनके साथ रहने वाले बैक्टीकरिया मीथेन गैस को हवा में घुलने से रोकने में मदद करते हों। आगे उन्होंने कहा कि, समुद्र बहुत गहरा जरूर है, लेकिन हर जीव एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। ये भले छोटे हैं, लेकिन इनका असर पर्यावरण पर बहुत बड़ा होता है।

### समुद्र की समझ

अगर हम समुद्र को सही ढंग से नहीं समझेंगे तो तभी भी इसका सही इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। गहरे समुद्र को लोग हर जगह एक जैसा ही सोचते हैं पर यह गलत है। कई अलग-अलग जगहों पर बहुत तरह के जीव हैं और समुद्र की सतह में खास जगहों पर सीमित हैं।

वैवाहिकी
वधु चाहिए
वधु चाहिए- गुजराती 44/5'11", स्वयं का व्यवसाय इनकम 40,000 मासिक, युवक हेतु , उच्चजाति बंधन नहीं संपर्कः 98271-14645, 91311-39179 (मैरिज ब्यूरो छमा) (406)

## शतरंज का बादशाह! 85 की उम्र में रच रहे नए इतिहास

**झांसी।** किसी भी खेल में एक्टिव खिलाड़ियों की उम्र आम तौर पर 22,32 या 42 वर्ष तक होती है। हालांकि शतरंज इसका अपवाद है। लेकिन, क्या आप किसी 85 वर्ष के खिलाड़ी को जानते हैं? शायद नहीं, झांसी में एक ऐसे ही खिलाड़ी हैं। इन खिलाड़ी का नाम है राम कृष्ण गुप्ता। 85 वर्ष के यह खिलाड़ी चेस के महारथी हैं। अब तक हजारों मैच खेल चुके हैं और जीत भी चुके हैं। राम कृष्ण गुप्ता ने बताया कि उन्होंने पहली बार 1965 में चेस खेला था। वह अपने ससुराल में जाते थे तो वहां लोग शतरंज खेलते थे। उन्हें वहीं से इस खेल में रुचि लेना शुरू किया। इसके बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। आज वह देश और दुनिया में हुए हजार से प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुके हैं। भारत के अलावा वह नेपाल, श्रीलंका और म्यांमार में भी आयोजित चेस प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा ले चुके हैं। अगले महीने वह थाईलैंड में आयोजित होने जा रही अंतरराष्ट्रीय चेस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इसके अलावा वह चेस कॉमनवेल्थ में भी हिस्सा ले चुके हैं।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## राशिफल

**मेष:** मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन:** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह:** आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे

**कन्या:** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च

**तुला:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक:** मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**धनु:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर:** मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ:** मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन:** मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## शब्द पहेली - 5905



**बाएँसेदाएं:**
1.कार्य,काम-2
2.अग्नि,अनल-2
3.संग,संगत-2
4.मदिरा,शराब-2
6.चुटीली बात-2
7.उम्मीद-2
8.समाचार,सूचना-3
9.भगवान कृष्ण के खेल-2
10.छाया,परछाई-2
11.कहासुनी-3
12.जी,चित-2
13.निशा-2
14.पासों का खेल-3
16.करीना की फिल्म-2
17.आगे वाला-3
18.सीधा,सरल-2
19.वीर,बहादुर-2
20.दलदल,गाद-3
21.तांत,टेलीग्राम -2
22.वंश,खानदान-2
23.नशा,नशापानी-3
24.चिट्ठी,पत्र-2
26.सही का विलोम-3
27.ठिकाना-2
28.प्राण,दम-2
29.नरक (उर्दू-3)
30.बीता हुआ दिन-2
31.पोखर,तालाब-2
32.हताहत-3
33.दर,मूल्य-2
34.आयु-2
36.अंधकार-2
37.पांव,पैर-2
38.कान्हा-2
39.टैक्स,हाथ-2

**ऊपर से नीचे**
1.समय,वक्त-2
2.आगमन-2
3.पति की मां-2
4.भोर,सवेरा-3
5.झगड़ा-2
6.लॉक,द्वारयंत्र-2
7.धाय,नर्स,दाई-2
8.अवरोध,रुकावट-3
9.मगन,मग्न-2
10.सप्त,सप्तम-2
11.लक्ष्मी,रमा-3
12.मौज,मजा-2
13.महाराजा-2
14.घिसन,रगस-3
15.गमन,जाना-2
16.पुनः,वापस-2
17.स्थिर-3
18.निष्कर्ष-2
19.कांटा-2
20.मूल्य,दाम-3
21.पितामह-2
22.मजदूर-2
23.ईश्वर-3
24.भूल,गलती-2
25.मछली-2
26.नगमा-3
27.क्षण-2
28.पाश-2
29.दूसरा-3
30.थोड़ा-2
31.तांबा-2
32.हमला-2
33.कलंक-2
34.गरम-2
35.मयूर-2

### शब्द पहेली -5904 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | फ | ■ | ज | प | ■ | त | न | ■ | शा | न |
| प | त | न | ■ | ल | त | ■ | भ | ला | ■ | शा |
| ■ | वा | न | र | ■ | म | ल | ■ | ज | रा | ■ |
| फि | ■ | द | म | न | ■ | क | द | ■ | ज | न |
| दा | दा | ■ | ल | क | वा | ■ | म | स्त | ■ | ख |
| ■ | न | या | ■ | ल | च | क | ■ | र | थ | ■ |
| रा | ■ | क | ल | ■ | क | ल | म | ■ | ल | ब |
| ही | र | ■ | हू | र | ■ | ह | म | ल | ■ | ल |
| ■ | स | जा | ■ | जा | ल | ■ | ता | ड़ | ना | ■ |
| य | ■ | म | त | ■ | व | ध | ■ | ना | का | रा |
| म | य | ■ | ल | क्ष्य | ■ | न | ल | ■ | म | जा |

## सूडोकू नवताल- 5915

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल- 5914 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

कवर स्टोरी
संजय श्रीवास्तव

# पालतू जानवरों से बढ़ता लगाव
# देश में उभरता नया पेट कल्चर

हाल के वर्षों में महानगरों से लेकर छोटे शहरों और कस्बों में रहने वालों में भी पेट कल्चर यानी पालतू जानवरों के प्रति लगाव तेजी से बढ़ रहा है। यही वजह है कि इससे जुड़े बाजार में भी वर्ष दर वर्ष हजारों करोड़ रुपए की बढ़ोत्तरी हो रही है। समाज में आ रहे इस बदलाव के लिए जीवनशैली, सामाजिक प्रतिष्ठा और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी अनेक वजहें जिम्मेदार हैं। इन वजहों पर एक नजर।





पिछले पांच सालों में अपने देश में पालतू जानवरों के पालने के ट्रेंड में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी हुई है। पालतू पालनहारे पचास फीसद बढ़ गए हैं। इससे संबंधित बाजार भी बेतहाशा बढ़ा है। इसके साथ ही इस सिलसिले में कई नवाचार भी सामने आए हैं। इस नए 'पेट कल्चर' के पीछे कई तरह के सामाजिक बदलाव काम कर रहे हैं।



## लगातार बढ़ रहा बाजार

गौरतलब है कि देश में पालतू पशु-पक्षियों की खरीद-फरोख्त से जुड़ा दस हजार करोड़ रुपए के आस-पास का बाजार अगले दो बरस तक तकरीबन 14 हजार करोड़ तक और 2032 तक अनुमान है कि 21,000 करोड़ रुपए से ऊपर पहुंच जाएगा। यह उम्मीद इसलिए कि बीते एक दशक से छोटे-बड़े भारतीय शहरों और कस्बों में पालतू जानवर पालने का ट्रेंड और क्रेज बेतहाशा बढ़ा है और 16 फीसदी से ज्यादा की अप्रत्याशित ऊंची दर से बढ़ता ही जा रहा है।

## बढ़ रहे हैं पेट लवर्स

बेशक देश में पालतू जानवर रखने वालों यानी पेट लवर्स की संख्या बढ़ रही है। देश में तकरीबन 35 करोड़ पंजीकृत पालतू जानवर हैं। साल दर साल इसमें 12 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोत्तरी हो रही है। इनसे कई गुना गैर पंजीकृत पालतू जानवर हैं और उनकी बढ़त दर इससे दोगुनी होनी तय है। संबंधित सर्वेक्षण बताते हैं कि धनवानों के बड़े आलीशान घरों में ही नहीं निम्न मध्यम वर्ग के छोटे घरों में भी विभिन्न नस्लों के कुत्ते, बिल्ली, पक्षी वगैरह पल रहे हैं। वे अपने अनुरूप पालतू जानवरों को प्राथमिकता दे रहे हैं। अपने देश में कुत्ता सबसे लोकप्रिय पालतू जानवर है, इनकी संख्या करोड़ों में है। अब बिल्ली का चलन भी बढ़ रहा है। लोग मैना, खरगोश, कबूतर, मछलियों के अलावा कछुए और विदेशी पक्षियों को भी पाल रहे हैं। यह चलन छोटे-बड़े शहरों, कस्बों में जिस तरह बढ़ चला है, वह कतई कम होता नहीं दिखता। लोग शौकिया तौर पर पशु-पक्षी पहले भी पालते थे पर अचानक इसमें अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी कुछ चौंकाती है। हर वर्ष छह लाख से अधिक नए लोग पालतू जानवर पालक बन रहे हैं तो निश्चित ही समाज के आचार, विचार, कार्य व्यवहार में कोई ऐसा बदलाव आया है, जिसने उसे इस ओर स्वतःस्फूर्त प्रेरित किया है।

## विदेशों में भी बढ़ रहा ट्रेंड

भारत ही नहीं दुनिया भर में जबरदस्त पेट कल्चर विकसित हो रहा है। भारत समेत कई दूसरे एशियाई देशों में भी पिछले पांच बरसों में 50 फीसद पालतू बढ़ गए हैं। आज दुनिया में एक अरब से अधिक पालतू जानवर हैं। 52 फीसद लोगों के घर में कोई न कोई पालतू जानवर है। अमेरिका, ब्राजील, यूरोपीय संघ और चीन मिलकर संसार के आधे पालतू कुत्ते और बिल्ली रखते हैं। इस साल चीन दुनिया में सबसे ज्यादा पालतू जानवर वाला देश बन गया है। नया 'पेट कल्चर' सुर्खियों में है और इस पर वैश्विक चर्चा चल पड़ी है कि आखिर आधे दशक के भीतर ऐसे कौन से सामाजिक, आर्थिक बदलाव आए हैं कि पालतू जानवरों का बाजार बेतहाशा जोर पकड़ गया? उनकी देखरेख, भोजन, साज संभाल और दीगर जरूरतों, उत्पादों की तेजी और भारी मांग एवं इस दिशा में तकनीकी प्रयोगों तथा नवाचारों ने सबका ध्यान खींचा है।



## पेट कल्चर बढ़ने की वजह

सर्वेक्षणों ने साबित किया है कि पेट कल्चर बढ़ने की बड़ी वजह, शहरी आबादी का बढ़ना, संयुक्त परिवार का टूटना है। फ्लैटों में रहने वाले एकल परिवार अकेलेपन की दवा कुत्ते-बिल्लियों के साथ में तलाश रहे हैं। पालतुओं के अधिकतर मालिक 20 से 30 साल की आयु के 'मिलेनियल्स' हैं। इनमें से ज्यादातर छोटे परिवार, बेहतर या दोहरी आय, अच्छी शिक्षा वाले हैं, जो घर से काम करते हैं। वे देर से बच्चे पैदा करने, जीवनशैली में बदलाव के चलते पालतू पालते हैं। वे उन्हें मौज मजे, खेल का सामान नहीं, बतौर फैमिली मेंबर ट्रीट कर रहे हैं। ये पेट केयर उनके लिए माता-पिता बनने की ट्रेनिंग भी है। माता पिता बच्चों के मानसिक विकास में पालतू जानवरों की भूमिका को समझते हुए उन्हें उनके साथ विकसित होने का मौका दे रहे हैं। इसके अलावा सोशल मीडिया पर पालतू जानवरों से जुड़ी सामग्री लोगों को इन्हें अपनाने के लिए प्रेरित कर रही है। धनिकों के मुहल्लों के अलावा 'पेट कल्चर' उन जगहों पर ज्यादा तेजी से बढ रहा है, जहां 'मध्यम वर्ग' का विस्तार हो रहा है। एक तो पालतू जानवरों के प्रति नजरिया बदला है, कुछ पैसा आया है और अपने स्टेटस को बनाने, बनाए रखने, दूसरों से अलग दिखने के चक्कर में भी वे 'पेट कल्चर' की वृद्धि में सहयोग दे रहे हैं। नौकरी पेशा अकेला युवा, पालतू जानवर को अकेलेपन तथा मानसिक स्वास्थ्य की दवा मानता है, क्योंकि मनोचिकित्सक बताते हैं कि पालतू जानवर तनाव कम करने और खुशी बढ़ाने में मदद करते हैं। बुजुर्ग इसे बुढ़ापे के साथी के तौर पर ले रहे हैं। भारतीय अपने पालतू पर महीने में औसतन पांच हजार खर्चते हैं। हैसियत से बढ़कर व्यय करने में कोताही इसलिए नहीं बरतते, क्योंकि वे उन्हें परिवार का प्रिय सदस्य मानते हैं। सो इससे संबंधित बाजार छलांग लगा रहा है और इसमें प्रतिस्पर्धा के चलते हर दिन नए उत्पाद, नवाचार इस क्षेत्र में शामिल हो रहे हैं। *



### स्वागत को तैयार बाजार-तकनीक

भारत का पेट केयर मार्केट संसार में सबसे तेज बढ़त वालों में से है। यह बाजार अभी 36 हजार करोड़ रुपए का है। अंदाजा है अगले तीन वर्षों में दोगुना और दस वर्षों में आठ गुना होगा। पालतू की देखभाल में ई-कॉमर्स की हिस्सेदारी 35 प्रतिशत पहुंचने जा रही है। व्यापक व्यावसायिक अवसर देख तमाम इंटरनेशनल ब्रांड, देशी स्टार्टअप्स इधर दौड़ पड़े हैं। पालतुओं के लिए रेस्टोरेंट, कैफे और पार्क जहां वे दूसरे जानवरों से मिल सकें, ग्रूमिंग सेंटर, मॉल तो खुलने ही लगे हैं, ओपीडी तथा सर्जरी की बीमा सुविधा का बाजार भी साढ़े छह हजार करोड़ के करीब पहुंच गया है। ज्यादातर नए पालतू पालक मिलेनियल्स और जेन जेड हैं, जिन्हें अपने प्रिय पालतू के लिए किसी भी कीमत पर अनोखे उत्पाद और बेहतर सेवाएं चाहिए। इसलिए साल दर साल बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए इस क्षेत्र का बाजार नित नए उत्पाद और सेवाएं प्रस्तुत कर रहा है। जीपीएस और सेंसर लगे स्मार्ट कॉलर पालतू जानवरों की गतिविधि, नींद के पैटर्न और स्वास्थ्य संकेतों की तो खबर रखते ही हैं, उनकी तात्कालिक लोकेशन भी बताते हैं, इसके लिए रिमोट कैमरा मॉनिटरिंग सिस्टम भी आ रहा है। आर्टीफीशियल इंटेलिजेंस वाले हेल्थ मॉनिटरिंग सिस्टम उनकी स्वास्थ्य समस्याओं के आगत का संकेत देकर उन्हें सचेत करते हैं। पालतू जानवरों के मालिक उनके लिए ऑनलाइन डिजिटल हेल्थकेयर सर्विस तथा टेलीमेडिसिन सेवा के जरिए घर बैठे डॉक्टरी सलाह ले सकते हैं। पालतुओं के इलाज हेतु स्टेम सेल थेरेपी जैसी आधुनिक चिकित्सा तकनीक का भी उपयोग हो रहा है।

स्पेशल: इंटरनेशनल डे अगेंस्ट ड्रग एब्यूज एंड इलिसिट ट्रैफिकिंग, 26 जून



किसी भी परिवार, समाज और देश का भविष्य युवा पीढ़ी के कंधों पर टिका होता है। लेकिन विडंबना है कि बड़ी संख्या में युवा कूल बनने की भ्रामक चाहत में नशे के जाल में फंसने की भूल कर बैठते हैं। ऐसे में जरूरी है युवा पीढ़ी नशे के जाल से बचे रहने का हर संभव प्रयास करे।

# न करें कूल बनने की भूल
# नशे की लत से बचें युवा

सोशल इश्यू
डॉ. मोनिका शर्मा

अभी कुछ समय पहले सर्वोच्च न्यायालय ने युवाओं में बढ़ रही नशे की लत को लेकर चिंता जताते हुए कहा था, 'ड्रग्स का सेवन करना बिल्कुल भी 'कूल' नहीं है। यह खतरनाक है कि आज युवाओं के बीच इसका इस्तेमाल 'कूल' समझा जाने लगा है। यह लत दोस्ती का सबब बन गई है।' युवाओं की ही आम भाषा में चेताते हुए सुप्रीम कोर्ट के शब्द, आधुनिक जीवनशैली और नशा करने को जोड़कर देखने वाली मानसिकता पर चोट करने वाले हैं। न्यायालय की नसीहत, देश के युवाओं को जिंदगी के मनगढ़ंत अंदाज के जाल में फंसने को लेकर चेताती है। साथ ही अजब-गजब छवि गढ़ने के फेर में नशे की लत का शिकार हो जीवन को बिखराव से बचाने की सीख भी लिए है।



**नकारात्मकता से घिरता जीवन:** जमीनी जुड़ाव वाले भारतीय समाज में युवाओं की नई जीवनशैली चिंता का सबब बन गई। युवा पीढ़ी के दिखावटी-बनावटी होते बर्ताव से जुड़ी सबसे बड़ी चिंता नशीले पदार्थों के सेवन से जुड़ी है। महानगरों में ही नहीं दूर-दराज के गांवों में भी नशे का जाल फैल गया है, जबकि लत का रूप ले लेने वाली नशे की आदत जीवन के हर पहलू पर दुष्प्रभाव डालती है। ऊर्जावान आयुवर्ग में ही बीमारियों का शिकार बना देती है। परिवार का ही नहीं देश का भविष्य कहे जाने वाले युवाओं को सदा के लिए दिशाहीन कर देती है। नशीले पदार्थों का सेवन व्यक्तिगत, सामाजिक, आर्थिक और यहां तक कि मानवीय सोच पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। इस जाल में फंसे युवा नशीले पदार्थ खरीदने के लिए आपराधिक गतिविधियों तक का हिस्सा बन जाते हैं। हिंसात्मक व्यवहार, सड़क दुर्घटनाएं और स्वयं अपना जीवन छीन लेने जैसी समस्याओं से भी नशे की लत गहराई से जुड़ी है। सुप्रीम अदालत द्वारा भी ड्रग तस्करी के एक मामले की सुनवाई करते हुए युवाओं से समझदारी दिखाने की अपील करते हुए कहा गया कि 'यंगस्टर्स को भी यह समझना होगा कि ड्रग्स के इस्तेमाल से दूर रहें और अपने विवेक का इस्तेमाल करें। ना केवल दोस्तों के दबाव में आकर ड्रग्स लेने की प्रवृत्ति से दूर रहें बल्कि उन लोगों को अनुसरण करने से भी बचें, जो इसकी लत के शिकार हैं।' यकीनन हर तरह की नकारात्मकता का घेरा कसने वाली इस आदत से युवाओं का दूर रहना ही उचित है।

**आपराधिक गतिविधियों की बड़ी वजह:** शोध पत्रिका 'ड्रग एंड अल्कोहल रिव्यू' द्वारा सेक्सुअल क्राइम और शराब के संबंध पर किए गए सर्वेक्षणों के मुताबिक सेक्सुअल क्राइम के लगभग आधे मामले नशे की हालत में ही होते हैं। ऐसे मामले भी सामने आ चुके हैं, जिनमें नशे के लती युवा चोरी, झूठ और जालसाजी के साथ ही परिवारजनों की जान तक लेने से नहीं चूके। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में शराब पीना मौत और अपाहिज होने का पांचवां सबसे प्रमुख कारण है।

**परिवार-समाज को आगे आना होगा:** नयायालय ने अपने निर्णय में यह भी कहा है कि 'नशे की लत सामाजिक-आर्थिक और मनोवैज्ञानिक मोर्चे पर बुरा प्रभाव डालती है। यह देश के युवाओं की चमक को खत्म करने वाली चीज है। इस लत से बचाने के लिए अभिभावकों, समाज और एजेंसियों को गंभीर प्रयास करने होंगे। इस जाल को खत्म करने के लिए सभी अपने-अपने स्तर पर कोशिश करें।' सुप्रीम अदालत ने यह भी कहा है कि 'इस समस्या से बचाव हेतु कुछ दिशा-निर्देश तय करने आवश्यक हैं। साथ ही यह भी सलाह दी है कि स्नेह और सपोर्ट से नशे के जाल में फंसे लोगों को निकालने के प्रयास किए जाएं। ड्रग्स की लत के शिकार लोगों के प्रति हमारा नजरिया उनको सुधारने वाला होना चाहिए।' *

### इसलिए मनाते हैं यह दिवस

युवाओं में, ड्रग्स से होने वाले नुकसान की समझ और सजगता को बढ़ाने के लिए हर वर्ष 26 जून को इंटरनेशनल डे अगेंस्ट ड्रग एब्यूज एंड इलिसिट ट्रैफिकिंग मनाया जाता है। यूनाइटेड नेशंस द्वारा 1989 से मनाया जा रहा यह दिन नशे के खिलाफ अवेयरनेस लाने और लोगों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह दिवस विशेष रूप से नशीली दवाओं के दुरुपयोग से मुक्त दुनिया बनाने का संदेश देता है। समझना आवश्यक है कि नशे की लत हर तरह से नुकसानदेह ही होती है। नशा चाहे जिस तरह से भी किया जाए, मन-जीवन ही नहीं परिवार, समाज और देश में भी बिखराव ही लाता है।

कहानी / संजीव ठाकुर

# अंतहीन

उस बुढ़िया का उससे कोई रिश्ता-नाता नहीं था, लेकिन वह उनके घर की सदस्य जैसी घुल-मिल गई थी। अपना दुखड़ा सुनाती, बिन मांगे ही सलाहें देती और खूब नोक-झोक भी करती। एक अनाम मानवीय रिश्ते को उकेरती मार्मिक कहानी।



यह सुनते ही कि हम लोग यहां से चले जाएंगे, वह रो पड़ती है। उसे चुप कराना हमारे लिए मुश्किल हो जाता है। दो साल हुए हमारे नवगछिया आए। तब से आज तक एक भी दिन ऐसा नहीं हुआ, जब हमारे घर चाय बनी हो और उसे नहीं पिलाई गई हो। सुबह होते ही लाठी खटखटाते वह दरवाजे पर पहुंच जाती और तब तक दस्तक देती रहती, जब तक दरवाजा खोल नहीं दिया जाता। वह आती तो सबसे पहले भाषण देती, 'रोज-रोज कहते हैं सुबह उठा करो, घूमा करो लेकिन तुम मानते ही नहीं!' मैं झूठ बोलते हुए कहता, 'आने दो दूध वाले को, पूछ लेना, आज मैं सुबह-सुबह उसके घर गया था कि नहीं?' फिर कहता, 'लो चाय पियो।' वह चाय पीने लगती और बीच-बीच में अपने उपदेश की पोटली भी खोलती रहती। कभी कहती, 'आज पतोहू डांटी है। कल धकेल दी थी। रात में खाना भी नहीं दी।' हम उसे दिलासा देते हुए चुप कराते और खाने को कुछ न कुछ देते।

काली-कलूटी वह बुढ़िया हमारी कोई नहीं है, न जात की, न गोत्र की। जब पापा की बदली नवगछिया हो गई तो उनके ऑफिस के एक आदेशपाल की मां के रूप में उससे परिचय हुआ था।

जब भी उसे मौका मिलता है, मुझसे पूछने से नहीं चूकती, 'तुम कहां पढ़ते हो?' कभी-कभी तो उसके इस चिर-प्रश्न पर मैं खीज उठता पर कभी बतला देता, 'भागलपुर में।' वह फिर पूछती, 'कहां रहते हो?' मैं बता देता, 'नाथनगर में।' वह बोल पड़ती, 'हां, हमको पता है- वहां एक पुल है, जिसके नीचे से एक तरफ गाड़ी कलकत्ता जाता है, दूसरे तरफ डिल्ली जाता है, पार कर अलीगंज है, फिर मिरजान, फिर नाथनगर है न बेटा!' मैं अपनी हंसी दबाकर कह देता, 'हां, बिल्कुल!' जबकि मिरजान और नाथनगर अलग-अलग दिशाओं में हैं। वह कहती, 'हम सब जानते हैं। भागलपुर में हमरा बहुत लोग रहता है। सूजागंज में भाई का बेटा, अलीगंज में देवर का साला और जेहल (जेल) में बहिन का पोता।' इस पर जब मैं कहता कि 'हां, जेहल में तुम्हारा पोता बंद है शायद चोरी किया था।' तब वह उबल पड़ती, 'तुम खाली-खाली अट-पट बोलते हो। ऊ वहां सिपाही है।' बुढ़िया से मेरा वार्तालाप बहुत मनोरंजक होता था। इससे हमारे घर वाले क्या, आस-पास गुजरने वाले लोग भी हंस पड़ते थे। मैं कहता, 'बूढ़ी माय! तुम्हारा पति तुम्हें स्वर्ग बुला रहा है, जाओ!' वह कहती, 'भगवान की मर्जी, जब चाहे ले जाए।'

मैं कहता, 'मैं भी तुम्हारे साथ चलूंगा।' वह कहती, 'धत! फिर क्या अल-बल कहने लगे हो? तुम्हरा आंग-समांग बढ़िया रहे। तुम तीनों बाप-बेटा सुख से रहो। मरे तुम्हरा दुसमन!'

'अच्छा, वहां रेलवे लाइन पर बड़-गाछ में जो 'जख-बाबा' रहते हैं, वे क्या करते हैं?' एक घिसा-पिटा सवाल मैं करता तो वह कह उठती, 'अरे! बेटा, मत बोलो। नाम भी मत बोलो। ऊ बड़ा गुस्सैल देवता है-चलते गाड़ी को रोक देता है।'

बुढ़िया की इस गंभीर बात से भी मैं हंसी की दो-चार फुलझड़ियां निकाल ही लेता था। मैं अगला प्रश्न करता, 'तुम्हारे पति क्या करते थे?' बुढ़िया जवाब देती, 'ऊ सरदार था। बजार का सब मोटिया का सरदार! सब सेठ लोग उसको मानता था। हमको भी पहचानता था। अब न चलने-फिरने से लचार है। पहले तो घूमते थे। बाजार भी जाते थे।' 'अब यह बताओ सच-सच कि सिकंदर की पत्नी तुमको मानती है कि नहीं?' 'धत! ऊ कंकालिन हमरी पतोहू है? पता नहीं कोन खानदान की है...अरे! बेटा, कुछ मत बोलो! उसका भाय डकेट (डकैत) है। इधरो जेहल गया है।'

'और उसका बाप?'

'ऊ तो अच्छा है। टेलीफोन है। (टेलीफोन ऑफिस में काम करने के कारण बुढ़िया उसे टेलीफोन ही कहती है।) आता है तो अपने बेटी से कहता है-बूढ़ी माय को सताओ नहीं। इसे अच्छा से रखो। मगर कहां मानती है?'

'जानती हो, पापा की बदली छपरा और सिकंदर की बदली पंजाब हो गई है!' किसी दिन झूठ-मूठ का कह देने पर बुढ़िया भड़क जाती, 'तुम्हरे छपरा-खपड़ा आ पंजाब-तंजाब में क्या करेगा वहां जाकर... काहे करता है बदली?'

'अरे! बदली तो साहब करते हैं।'

'एंह! साहब-ताहब! मिले तो मू नोच लें!' इतने में मेरा छोटा भाई राजू आता और कहता, 'दादी! जानती हो, भायजी की शादी ठीक हो गई है।' बुढ़िया पूछ बैठी, 'हां... बेटा सच कहते हो?'

मैं कहता, 'बिल्कुल! लड़की बहुत सुंदर है-एकदम तुम्हारे जैसी!'

'हमरे जैसी? काहे मजाक करते हो बेटा! हम तो काली-कोयली, बिलाय के नोचली हैं।' बुढ़िया कहती तो राजू किसी फिल्मी हीरोइन का फोटो ले आता। फोटो देखकर वह कहती, 'अच्छी तो है, मगर ई फुलपेंट काहे पहनी है? इसका बाल एतना छोटा काहे है?' मैं कहता, 'अच्छा छोड़ो, बारात में तो चलोगी न?'

'हम कैसे जाएंगे? हम तो लंगड़ी हैं!'

'मैं तुम्हें दवाई दे दूंगा दर्द ठीक होने का।'

'खाली ठगते हो! कितने बार बोले, भागलपुर से दवाई लेते आना- वहां का अच्छा होता है। लाते नै हो!'

'अच्छा इस बार आऊंगा तो लेता आऊंगा। उजली वाली दवाई लेता आऊंगा।' 'नहीं, लाल वाला लाना। वही दवा अच्छा होता है।'

बुढ़िया के मन में यह बात बैठ गई है कि सिर्फ लाल वाली दवाई से ही उसकी हड्डी का दर्द, जो कि बहुत दिनों से उसके पैरों में है, छूट सकता है। पर मैं कहां-कहां बिना नाम की लाल दवाई ढूंढ़ता फिरूं? और मैं जानता हूं, अब इस अवस्था में उसका दर्द ठीक नहीं होगा। उसके हरेक दर्द की एक ही दवा है- मृत्यु!...मौत! सबको आनी है, बुढ़िया को भी आएगी। पर इसकी मृत्यु पर इसके घरवालों को जितनी खुशी होगी, उतना ही दुख मेरे घरवालों को होगा। इसकी मौत पर मेरे घर का एक-एक सदस्य आंसू बहाएगा- सिवा मेरे, क्योंकि मेरी आंखें तब पत्थर की हो जाएंगी और बहने को उतावले आंसुओं की बाढ़ को रोक कर मेरे पूरे शरीर में फैला देंगी जो कि खौलते हुए पानी के समान मेरे शरीर के अंदर अंतहीन वेदना सृजित करेंगी- अनंत वेदना! *


### इंजेक्शन की नवीन तकनीक से स्पाइन रोगों का उपचार

सर्जरी के बिना ही सिर्फ इंजेक्शन तकनीक के जरिये स्पाइन (रीढ) रोगों का बेहतर और विश्वसनीय उपचार विश्वविख्यात डॉ. प्रमोद पहारिया द्वारा ग्वालियर में हो रहा है। आईये जानते हैं इस तकनीक के असाधारण लाभ–



मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश ने डॉ. प्रमोद पहारिया को प्राईड ऑफ एम.पी. अवार्ड दिया।

**इस ट्रीटमेंट की कितनी बार आवश्यकता होती है?**
सिर्फ एक ही बार पर्याप्त है।

**सर्जरी की अपेक्षा इस तकनीक के क्या फायदे हैं?**
सर्जरी के दौरान पैरालिसिस, पैलाप्लेजिया, ब्लैडर एवं बोवेल के कंट्रोल में क्षति, पैरों में कमजोरी, इंफेक्शन, इंप्लांट फैलियर जैसे जो कॉम्पिलकेशन देखने को मिलते हैं, वैसा इसमें खतरा नहीं है।

**किन मरीजों का इलाज इस तकनीक से संभव है?**
डिस्क प्रोलेप्स जैसे L4-L5, L5-S1, साइटिका, लंबर या सर्वाइकल रेडीक्युलोपैथी, डिजनरेटिव डिस्क, फैसिट जॉइन्ट सिंड्रोम, माइलोपैथी, लंबर कैनाल स्टेनोसिस, स्पॉन्डिलाइटिस आदि में कारगर है।

**जो रोगी ऑपरेशन करवा चुके हैं उसमें भी यह कारगर है ?**
यदि ऑपरेशन के बाद दबाव बना रहता या दोबारा दबाव आ जाता है तो उसमें भी यह तकनीकी कारगर है।

**किस उम्र के लिये यह चिकित्सा है?**
15 से 85 वर्ष के मरीजों के लिये।

**एक डिस्क लेवल के ट्रीटमेंट में कितना खर्च आता है?**
स्पाइन सर्जरी में जहां 3 लाख तक का खर्चा आता है वहीं यह उपचार मात्र 20000 तक में हो जाता है। विदेशों में इसका खर्च 50 गुना तक है।

**कितने समय में रोगी घर जा सकता है?**
एक घण्टे बाद ही घर जा सकता है। जबकि सर्जरी में 3 माह तक रोगी को अपने काम से अलग रहकर आर्थिक क्षति उठाना पड़ती है।

**इस ट्रीटमेंट की सफलता की दर कितनी है?**
90 से 95% सफल है। अब तक लगभग 7,500 मरीज हमेशा के लिए ठीक हो चुके हैं। यह इंजेक्शन प्रॉब्लम साइट में लगाया जाता है।

**इस ट्रीटमेंट का असर कब तक रहता है?**
इसमें जड़ से इलाज होता है।

**क्या यह स्टेरॉइड इंजेक्शन है?**
नहीं, यह एक भ्रम है। यह एक सेफ अमेरिकन प्रोसीजर है, जो एक **विशेष मशीन** की निगरानी में किया जाता है।

NBC©
Advt...

डॉ. प्रमोद पहारिया
स्पाइन सर्जन
MBBS, D.Ortho, DNB, M.Ch. (Ortho)
पूर्व सर्जन- सर गंगाराम हॉस्पिटल एवं इंडियन स्पाइनल इंज्यूरी सेन्टर, नई दिल्ली
देहली हॉस्पीटल, ओल्ड श्री टॉकीज, बारादरी, मुरार, ग्वालियर (म.प्र.)
समय: दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक
व्हाट्सएप पर रिपोर्ट भेजकर ही संपर्क करें
सम्पर्क – 7354858466
www.nonsurgicalspinecentre.in

# नीरज 88.16 मीटर के थ्रो से बने डायमंड लीग चैंपियन, दो साल में जीता दूसरा खिताब

एजेंसी ▸▸| पेरिस

ओलंपिक में दो बार के पदक विजेता भारतीय भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा ने दो साल में अपना पहला डायमंड लीग खिताब जीता। शुक्रवार देर रात संपन्न प्रतियोगिता में 27 वर्षीय चोपड़ा ने अपने पहले प्रयास में 88.16 मीटर की दूरी तय करके खिताब जीता। इस प्रतियोगिता में कई स्टार खिलाड़ियों ने भाग लिया था जिसने पांच ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जो 90 मीटर की दूरी तय कर चुके हैं।

चोपड़ा का दूसरा थ्रो 85.10 मीटर का था और इसके बाद उन्होंने अपने अगले तीन प्रयासों में फाउल किया। उन्होंने अपने छठे और अंतिम प्रयास में 82.89 मीटर का थ्रो किया। जर्मनी के जूलियन वेबर 87.88 मीटर के अपने शुरुआती प्रयास के साथ दूसरे स्थान पर रहे। ब्राजील के लुईज़ मौरिसियो दा सिल्वा ने 86.62 मीटर के अपने तीसरे प्रयास के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

### नीरज के थ्रो

| अटैम्प | थ्रो मीटर |
|---|---|
| 1 | 88.16 |
| 2 | 85.10 |
| 3 | फाउल |
| 4 | फाउल |
| 5 | फाउल |
| 6 | 82.89 |

'मैं अपने थ्रो से खुश हूं। आज मेरा रन अप बहुत तेज था। मैं अपनी गति पर नियंत्रण नहीं रख सकता, लेकिन मैं परिणाम और पहले स्थान पर रहकर खुश हूं।'
- नीरज चोपड़ा



### पेरिस का पहला खिताब



लगातार दो ओलंपिक में स्वर्ण और रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा ने डायमंड लीग में अपना आखिरी खिताब जून 2023 में लुसाने में 87.66 मीटर के थ्रो के साथ जीता था। उसके बाद वह डायमंड लीग की छह प्रतियोगिताओं में दूसरे स्थान पर रहे थे। हरियाणा के इस स्टार खिलाड़ी ने डायमंड लीग के पेरिस चरण में पहली बार जीत हासिल की। उन्होंने आखिरी बार 2017 में जूनियर विश्व चैंपियन के रूप में पेरिस डायमंड लीग में भाग लिया था और 84.67 मीटर के थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे।

### अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन

पेरिस डायमंड लीग में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में चोपड़ा और वेबर के अलावा जिन तीन अन्य खिलाड़ियों ने पहले 90 मीटर का आंकड़ा छुआ था उनमें कीनिया के 2015 विश्व चैंपियन जूलियस येगो, त्रिनिदाद और टोबैगो के 2012 के ओलंपिक स्वर्ण विजेता केशोर्न वाल्कोट और ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स शामिल थे। वाल्कोट (81.66 मीटर) चौथे स्थान पर रहे, जबकि पीटर्स (80.29 मीटर) और येगो (80.26 मीटर) ने क्रमशः पांचवां और छठा स्थान हासिल किया।

## खबर संक्षेप



### वुड को पांचवें टेस्ट तक फिट होने की उम्मीद

**लंदन।** इंग्लैंड के चोटिल तेज गेंदबाज मार्क वुड को उम्मीद है कि वह भारत के खिलाफ 31 जुलाई से ओवल में खेले जाने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट से पहले फिट होकर चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। वुड फिलहाल घुटने की सर्जरी के बाद 'रिहैबिलिटेशन' की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी को इस वर्ष की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान बाएं घुटने में चोट लगी थी और मार्च में उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। वुड ने कहा, 'रिहैब अच्छा चल रहा है। मैंने अभी हल्की गेंदबाजी शुरू की है, इसलिए मैं अब वापसी की राह पर हूं।'

### बायर्न म्यूनिख ने बोका जूनियर्स को 2-1 से हराया

**मियामी गार्डन्स।** माइकल ओलिस के 84वें मिनट में किए गए गोल की मदद से बायर्न म्यूनिख ने बोका जूनियर्स को 2-1 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह बनाई। जर्मन चैंपियन बायर्न ने ग्रुप सी में दो जीत दर्ज की और एक मैच शेष रहते हुए अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। ओलिस ने हार्ड रॉक स्टेडियम में अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। उसकी तरफ से पहला गोल इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी हैरी केन ने 18वें मिनट में किया था। मिगुएल मेरेंटिएल ने हालांकि 66वें मिनट में शानदार गोल करके बोका को बराबरी पर ला दिया था।

### टिम साउथी ने स्टोक्स के फैसले का बचाव किया

**लीड्स।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी सलाहकार टिम साउथी ने हेडिंग्ले की सूखी विकेट पर पहले गेंदबाजी करने के कप्तान बेन स्टोक्स के फैसले का बचाव किया। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि शुरुआती सत्र में पिच गेंदबाजों के अनुकूल होगी,



लेकिन भारत के युवा और प्रतिभाशाली बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करके उन्हें निराश कर दिया। पांच मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का इंग्लैंड का फैसला गलत साबित हुआ, क्योंकि कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 127) और यशस्वी जायसवाल (101) ने सुखी पिच पर शतक लगाए, जिससे भारत ने शुक्रवार को पहले दिन तीन विकेट पर 359 रन बना लिए।

### स्टोक्स के पहले गेंदबाजी करने के फैसले से हैरान

**लीड्स।** पूर्व कप्तान माइकल वॉन हेडिंग्ले के सूखे विकेट पर पहले गेंदबाजी करने के इंग्लैंड के फैसले से हैरान हैं। भारत ने इसका पूरा फायदा उठाकर पहले टेस्ट मैच के पहले दिन तीन विकेट पर 359



रन बना लिए। वॉन ने कहा, 'मैं पुराने जमाने का परंपरावादी हूं। यहां लीड्स में जब धूप खिली हो और मौसम शुष्क हो, तो आप बल्लेबाजी करते हैं।

## टेस्ट : सबसे कम स्कोर पर ऑलआउट होने वाली भारत चौथी टीम

# तीन बल्लेबाजों ने जड़े शतक, फिर भी 500 रन का आंकड़ा नहीं छू सका भारत

एजेंसी ▸▸| लीड्स

भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले के दूसरे दिन 10 विकेट खोकर 471 रन बनाए। पहली पारी में यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और ऋषभ पंत ने शतक जड़े। वहीं, इंग्लैंड के लिए जोश टंग और बेन स्टोक्स ने चार-चार विकेट लिए जबकि ब्रायडन कार्स और शोएब बशीर को एक-एक सफलता मिली। तीन बल्लेबाजों के शतक के बावजूद भारतीय टीम 500 का आंकड़ा नहीं छू पाई। पहले दिन का खेल 359/3 के स्कोर पर समाप्त हुआ था। यशस्वी जायसवाल ने पहले दिन 159 गेंदों में 101 रन बनाए थे, जबकि दिन का खेल खत्म होने तक शुभमन गिल 175 गेंदों पर 16 चौकों और एक छक्के की मदद से 127 रन और उपकप्तान ऋषभ पंत 102 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 65 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। भारत ने शनिवार को 112 रन जोड़कर शेष सात विकेट गंवा दिए। इसी के साथ टीम 471 पर ऑलआउट हो गई।



### पंत ने बनाए 134 रन

भारत के लिए राहुल और यशस्वी ने अच्छी शुरुआत की और पहले विकेट के लिए 91 रन जोड़े। शुभमन गिल ने 227 गेंदों का सामना किया और 19 चौके तथा एक छक्के की मदद से 147 रन बनाए। वहीं, ऋषभ पंत ने 178 गेंदों का सामना किया और 12 चौके और छह छक्के की मदद से 134 रन बनाए।

### अनचाहे क्लब में शामिल

*इसी के साथ भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के अनचाहे क्लब में शामिल हो गई है। दरअसल, इन तीनों टीमों ने तीन शतक के बावजूद 500 का आंकड़ा नहीं छू पाया था। ऐसा ही कुछ भारतीय टीम के साथ भी हुआ। उसके तीन बल्लेबाजों ने शतक लगाए लेकिन टीम 500 का आंकड़ा नहीं छू पाई और इस दौरान सबसे छोटा स्कोर बनाया।*

### तीन शतक के बावजूद सबसे कम स्कोर पर ऑलआउट होने वाली टीमें

| स्कोर | टीम | विपक्षी टीम | स्थान | वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| 471 | भारत | इंग्लैंड | हेडिंग्ले | 2025 |
| 475 | द.अफ्रीका | इंग्लैंड | सेंचुरियन | 2016 |
| 494 | ऑस्ट्रेलिया | इंग्लैंड | हेडिंग्ले | 1924 |
| 497 | वेस्टइंडीज | भारत | कोलकाता | 2002 |

**पंत ने धोनी को पछाड़ा :** ऋषभ पंत टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा सात शतक लगाने वाले भारतीय विकेटकीपर बन गए। धोनी ने 90 टेस्ट में 4876 रन बनाए जिसमें छह शतक लगाए हैं।

### स्कोर बोर्ड

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो स्टोक्स | 101 | 159 | 16 | 1 |
| केएल राहुल का रूट बो कार्स | 42 | 78 | 8 | 0 |
| साई सुदर्शन का स्मिथ बो स्टोक्स | 00 | 04 | 0 | 0 |
| शुभमन गिल का टंग बो बशीर | 147 | 227 | 19 | 1 |
| ऋषभ पंत पगबाधा बो टंग | 134 | 178 | 12 | 6 |
| करुण नायर का पोप बो स्टोक्स | 00 | 04 | 0 | 0 |
| रविंद्र जडेजा बो टंग | 11 | 15 | 2 | 0 |
| शार्दुल का स्मिथ बो स्टोक्स | 01 | 08 | 0 | 0 |
| बुमराह का ब्रूक बो टंग | 00 | 05 | 0 | 0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 03 | 07 | 0 | 0 |
| प्रसिद्ध कृष्णा बो टंग | 01 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 31, कुल : 113 ओवर में 471/10
गेंदबाजी : वोक्स 24-4-103-0, कार्स 22-5-96-1, टंग 20-0-86-4, स्टोक्स 20-1-66-4, बशीर 27-6-100-1.

## कुश्ती चैंपियनशिप

# भारत ने जीता अंडर 23 एशियाई चैंपियनशिप का टीम खिताब



एजेंसी ▸▸| वुंग ताऊ

भारतीय महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में चार स्वर्ण और पांच रजत सहित सभी 10 वर्गों में एक-एक पदक जीतकर टीम खिताब अपने नाम किया।

प्रियांशी प्रजापत (50 किग्रा), रीना (55 किग्रा), सृष्टि (68 किग्रा) और प्रिया (76 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। भारत की पांच अन्य पहलवानों ने भी फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन आखिर में उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। नेहा शर्मा (57 किग्रा), तन्वी (59 किग्रा), प्रगति (62 किग्रा), शिक्षा (65 किग्रा) और ज्योति बेरवाल (72 किग्रा) ने रजत पदक जीते जबकि हिनाबेन खलीफा (53 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किया। ग्रीको-रोमन शैली में सुमित ने 63 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि नितेश (97 किग्रा) और अंकित गुलिया (72 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते।

पुरुषों की फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में विक्की ने 97 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि निखिल (61 किग्रा), सुजीत कलकल (65 किग्रा), जयदीप (74 किग्रा), चंद्रमोहन (79 किग्रा) और सचिन (92 किग्रा) भी स्वर्ण पदक के लिए अपना दांव लगाएंगे।

### खलिन ने की कोर्स रिकॉर्ड की बराबरी

**मराकेश।** भारत के खलिन जोशी ने दूसरे दौर में नौ अंडर 63 के स्कोर से यहां मोरक्को राइजिंग स्टार्स मराकेश गोल्फ टूर्नामेंट में कोर्स रिकॉर्ड की बराबरी की और तीसरे स्थान पर पहुंच गए। पहले दिन एक अंडर 71 का स्कोर बनाने वाले जोशी का कुल स्कोर 10 अंडर है। भारतीय-अमेरिकी गोल्फर वरुण चोपड़ा (67-66) और मोरक्को के अयूब एलगुइराटी (67-66) 11 अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। अन्य भारतीयों में करणदीप कोच्चर (पांच अंडर 67) सात अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर हैं।

## ज़्वेरेव ने 5वीं बार हाले ओपन के सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▸▸| हाले

अलेक्जेंडर ज़्वेरेव ने पहले सेट में अच्छा महसूस नहीं करने के बावजूद हाले ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में फ्लेवियो कोबोली को 6-4, 7-6 से हराकर पांचवीं बार इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ज़्वेरेव पांचवें ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने इस टूर्नामेंट में पांच या अधिक बार सेमीफाइनल में जगह बनाई।

उनसे पहले रोजर फेडरर, येवगेनी काफेलनिकोव, फिलिप कोहलश्राइबर और टॉमी हास ने यह उपलब्धि हासिल की थी। ज़्वेरेव का सामना अपने सबसे पुराने प्रतिद्वंद्वियों में से एक दानिल मेदवेदेव से होगा।



मेदवेदेव ने एलेक्स मिशेलसन को 6-4, 6-3 से हराया। दूसरा सेमीफाइनल अलेक्जेंडर बुब्लिक और करेन खाचानोव के बीच खेला जाएगा। बुब्लिक ने टॉमस माचैक को 7-6, 6-3 से जबकि खाचानोव ने टॉमस मार्टिन एचेवेरी को 6-3, 6-2 से हराया।

## विंबलडन 2025

### सिनर, सबालेंका को शीर्ष वरीयता, जोकोविक को फिर मिलेगी चुनौती

**लंदन।** साल के तीसरे ग्रैंड स्लैम विंबलडन टूर्नामेंट की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। गुरुवार को इस टूर्नामेंट का कार्यक्रम जारी किया गया। पुरुष सिंगल्स वर्ग में इटली के जानिक सिनर और महिला सिंगल्स वर्ग में एरिना सबालेंका को शीर्ष वरीयता दी गई है। इनमें अलावा पुरुष सिंगल्स वर्ग में दूसरी वरीयता कार्लोस अलकराज के साथ तीसरी एलेक्जेंडर ज्वेरेव, चौथी टेलर फ्रिट्ज और पांचवीं नोवाक जोकोविक को मिली है। वहीं, महिला सिंगल्स वर्ग में सबालेंका के अलावा दूसरी वरीयता कोको गॉफ के साथ तीसरी वरीयता जेसिका पेगुला, चौथी पर झेंग क्यूइनवेन और पांचवीं जैस्मिन पाओलिनी को मिली है। आल इंग्लैंड लान टेनिस क्लब द्वारा आयोजित प्रमुख ग्रासकोर्ट ग्रैंड स्लैम विंबलडन पहली बार 1877 में आयोजित किया गया था। इस वर्ष यह चैंपियनशिप 30 जून से 13 जुलाई तक चलेगी।

# सबालेंका ने बर्लिन ओपन में रयबाकिना को हराया

एजेंसी ▸▸| बर्लिन

शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने शुक्रवार को बर्लिन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में चार मैच प्वाइंट बचाकर एलेना रयबाकिना को 7-6, 3-6, 7-6 से हराया। सबालेंका अंतिम सेट के टाईब्रेक में 6-2 से पीछे थीं, लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी की तथा लगातार छह अंक जीतकर सत्र के अपने आठवें सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सबालेंका का अगला मुकाबला मार्केटा वोंद्रोसोवा से होगा, जिन्होंने ओन्स जाबेउर को 6-4, 6-1 से हराया। लियुडमिला सैमसोनोवा ने भी अमांडा अनिसिमोवा पर 6-1, 6-1 से जीत हासिल की। उनका अगला मुकाबला वांग झिन्यू या पाउला बाडोसा से होगा।



### भारतीय महिला हॉकी टीम बेल्जियम से 1-5 से हारी

एजेंसी ▸▸| एंटवर्प

भारतीय महिला हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग में लचर प्रदर्शन यहां शनिवार को भी जारी रहा जब टीम को बेल्जियम के खिलाफ 1-5 की करारी हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट के यूरोपीय चरण में यह भारतीय टीम की लगातार पांचवीं हार है। टीम ने इससे पहले लंदन में ऑस्ट्रेलिया और अर्जेन्टीना के खिलाफ दो-दो मैच गंवाए। शनिवार को दीपिका (छठे मिनट) ने भारत को बढ़त दिलाई लेकिन मध्यांतर के बाद बेल्जियम की टीम पूरी तरह हावी रही और हेलेन ब्रेसेर (37वें और 55वें), लूसी ब्रेन (41वें मिनट), एंब्रे बेलेंगहीन (54वें मिनट) और चार्लोट एंगलबर्ग (58वें मिनट) के गोल की बदौलत आसान जीत दर्ज करने में सफल रही।

## प्लेयर ऑफ द मैच रहे पंकज पटेल

# जबलपुर रॉयल लायंस ने शानदार प्रर्दशन कर रीवा जैगुआर्स को 21 रन से हराया

**जबलपुर।** जबलपुर रॉयल लॉयन्स ने सीज़न की सबसे बड़ी चुनौती का सामना करते हुए, शुक्रवार को टेबल में टॉप पर चल रही रीवा जैगुआर्स से मुकाबला किया, जो अब तक टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं हारी थी। कप्तान सारांश जैन और उनकी टीम इस चुनौती के लिए तैयार थे, लेकिन जबलपुर के दोनों ओपनर सिर्फ 4 ओवर में पवेलियन लौट गए। शुरूआती दो विकेट जल्दी गिरने के बाद, सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज़ सिद्धार्थ पाटीदार और अभिषेक भंडारी ने 51 रनों की बेहद अहम साझेदारी की, जिससे जबलपुर की पारी दोबारा पटरी पर आ सकी। जबलपुर रॉयल लॉयन्स ने 6 विकेट के नुकसान पर 184 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा कर रही रीवा जैगुआर्स को अच्छी शुरुआत मिली, जब उनके ओपनिंग बल्लेबाज़ों ने 33 गेंदों में तेज़ी से 46 रनों की साझेदारी की। लेकिन इसके बाद गेंदबाज़ पंकज पटेल ने आक्रमण में आते ही अपनी टीम को पहली सफलता दिलाई। जबलपुर टीम की गेंदबाज़ी



शानदार रही और गेंदबाजों ने दूसरी पारी में लगातार विरोधी टीम पर दबाव बनाए रखा, साथ ही गेंदबाज़ी के दम पर पूरे मैच में दबदबा कायम रखा और जबलपुर ने यह मुकाबला 21 रनों से जीत लिया। पंकज पटेल को दूसरी पारी में शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। जबलपुर रॉयल लॉयन्स अपना आखिरी लीग मैच आज 21 जून को बुंदेलखंड बुल्स के खिलाफ खेलेंगे, जो दोनों टीमों के लिए एक तरह से वर्चुअल नॉकआउट मुकाबला होगा।

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं उपवनमण्डल अधिकारी, केवलारी (सा.) उपवनमण्डल**

No. - 9424794111
// सूचना //
E-Mail ID :- sdoFTheolari@mp.gov.in

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल के उपवनमण्डल केवलारी (सा.) अन्तर्गत दर्ज वन अपराध प्रकरण क्रमांक 35618 / 16 दिनांक 13.01.2025 में लिप्त पिकअप वाहन पंजीयन नम्बर अधूरा एवं अस्पष्ट, चैचिस नम्बर अज्ञात, इंजन नं. 0302AB030N रंग सफेद मे वनोपज सागौन काष्ठ 07 नग = 1.235 घमी. एवं वन परिक्षेत्र कान्हीवाडा (सा.) अन्तर्गत दर्ज वन अपराध प्रकरण क्रमांक 35609 / 19 दिनॉक 19.04.2025 में जप्त वाहन पिकअप पंजीयन नम्बर MH-40 -CT-2905, रंग सफेद में सागौन काष्ठ 09 नग = 1.345 घमी. परिवहन करते हुये जप्त किये गये है । वन अपराध प्रकरण में जप्त किये गये वाहन मय परिवहन की जा रही काष्ठ को राजसात किये जाने की कार्यवाही प्राधिकृत अधिकारी / उपवनमण्डल अधिकारी केवलारी (सा.) के कार्यालय में प्रचलित है ।

अतः चार पहिया वाहन (1) पिकअप पंजीयन नम्बर अधूरा एवं अस्पष्ट, चैचिस नम्बर अज्ञात, इंजन नं. 0302AB030N रंग सफेद (2) पिकअप पंजीयन नम्बर MH-40 -CT-2905 रंग सफेद के मालिक को या / अथवा वाहन से संबंधित स्वहित रखने वालो को सूचना दी जाती है कि उक्त ज्ञापन प्रकाशित होने की तिथी से निर्धारित समय सीमा 30 दिवस के अन्दर वैधानिक दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें । यदि कोई पक्षकार उपस्थित नही होते है तो एक तरफा कार्यवाही की जाकर वाहन राजसात किया जावेगा । वाहन विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. | परिक्षेत्र का नाम | कार्यालय का नाम जहाँ उपस्थित होना है | वाहन मालिक नाम पता | वाहन का प्रकार /सामगी | वाहन क्रमांक /चैचिस क्रमांक | इंजन क्रमांक | वन अपराध प्रकरण कं. /दिनॉक | वाहन में जप्त की गई अवैधकाष्ठ (चिरान) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केवलारी | प्राधिकृत अधिकारी एवं उपवनमण्डल अधिकारी केवलारी (सा.) | - | पिकअप | - | - | 0302AB030N | सागौन काष्ठ 07 नग = 1.235 घमी |
| 2 | कान्हीवाडा (सा.) | | - | पिकअप | MH-40-CT-2905 | - | - | सागौन काष्ठ 97 नग = 1.345 घमी |

(डॉ. आर. के. गुरूदेव ) स.व.सं.
प्राधिकृत अधिकारी एवं उपवनमण्डल अधिकारी
केवलारी (सा.) उपवनमण्डल

G-14621/25
"स्वच्छता ही सेवा"




## मानसून सक्रिय वर्षा की संभावना

# दिन भर छाए बादल, शाम को झमाझम बरसे

हरिभूमि जबलपुर।



शहर में मानूसन की दस्तक के बाद बारिश का सिलसिला जारी है. शनिवार को सुबह से मौसम खुला रहा, बादल छाए रहे। उमस भरा वातावरण बना रहा. शाम ढलते ही आसमान पर घने बादल छाए और झमाझम बारिश होने लगी. करीब 5 मिमी वर्षा के बाद रात में शीतल हवाओं से मौसम खुशनुमा हो गया है। मौसम विभाग का कहना है कि हवा के कम दबाव का क्षेत्र अभी बना हुआ है. अगले 24 घंटे के दौरान जिले के अधिकांश स्थानों पर गरज चमक के साथ वर्षा या पानी की बौछारें पड़ने की संभावना है.

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 31.3 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से १ डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 83 प्रतिशत और सायंकाल 65 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.26 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 6.59 मिनिट पर हुआ। पिछले 24 घंटों के दौरान 5.3 मिमी बारिश हुई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 36.01 मिमी (लगभग 1.5 इंच) दर्ज की जा चुकी है। जबकि गत वर्ष आज के दिन 20.3 मिमी वर्षा हुई थी और कुल वर्षा 29.9 मिमी दर्ज की जा चुकी थी। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री दर्ज किया गया। दक्षिण पश्चिमी हवाएं 4 से 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर मध्य वर्षा या गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है ।

## 5 किलो गांजा जब्त

# उड़ीसा से आई गांजा तस्कर महिला सहित युवक गिरफ्तार

**जबलपुर**। क्राईम ब्रांच और गोसलपुर पुलिस ने वन विभाग डिपो यात्री प्रतीक्षालय मेन रोड हाईवे गोसलपुर में उड़ीसा से जबलपुर मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने आए महिला सहित एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 5 किलो 122 ग्राम गांजा जब्त किया है जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 2 हजार रुपए बताई गई है।

गोसलपुर थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह मर्सकोले ने बताया कि गत दिवस मुखबिर की सूचना पर क्राईम ब्रांच और गोसलपुर पुलिस की टीम ने वन विभाग डिपो यात्री प्रतीक्षालय मेन रोड हाईवे गोसलपुर में बस्ती नम्बर 1 राधा कृष्ण मंदिर के पास गोहलपुर निवासी 24 वर्षीय रोहित कनौजिया और सौरी विगेंश थाना सोनपुर जिला बौध उड़ीसा निवासी 32 वर्षीय सत्ता नाग उर्फ रानी नागा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक पिट्ठू बैग जब्त कर लिया है। बैग की तलाशी लेने पर उसमें 5 किलो 122 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत लगभग 1 लाख 2 हजार रूपये बताई गई है। गांजा के संबंध में पूछताछ करने पर उड़ीसा से गांजा लाकर जबलपुर में बेचने की बात स्वीकार की। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 8, 20, 29 एन.डी.पी.एस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## बैठक में बिफरे ठेकेदार, एमआरपी का मुद्दा शहर से पूरे प्रदेश में फैला

# सुविधा शुल्क को लेकर आबकारी विभाग और ठेकेदारों में ठनी

हरिभूमि जबलपुर।

शहर में शराब को मैक्सिमम रीटेल प्राइज (एमआरपी) पर विक्रय करने की जिले से उठी चिंगारी अब पूरे प्रदेश में आग की तरह फैल गई हैं। कहा जा रहा है कि आबकारी विभाग नहीं चाहता था कि शराब एमआरपी पर बिके, क्योंकि ठेकेदारों को सुविधा मिलेगी तभी तो सुविधा शुल्क भी मिलेगा, वर्ना ठेकेदार तो हाथ खड़े कर देंगे और हुआ भी ऐसा ही। ठेकेदारों ने सुविधा शुल्क देने से साफ इंकार कर दिया। दरअसल वाणिज्य कर विभाग के प्रमुख सचिव अमित राठौर के निर्देश पर जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना ने एमआरपी से अधिक मूल्य पर शराब बिक्री की शिकायतों पर प्रमाण जुटाने आरआई पटवारियों की टीम लगाकर स्टिंग ऑपरेशन का फार्मूला अपनाया था अब यही फार्मूला पूरे प्रदेश में लागू करने पर भी विचार चल रहा है। इससे आबकारी विभाग सख्ते में है। कहा जहा रहा है कि पीएस सख्त भी है और ईमानदार भी है। इसलिए आबकारी विभाग का खेल बिगड़ता नजर आ रहा है। सूत्रों की माने तो जबलपुर के आबकारी विभाग के एक प्रमुख अधिकारी ने चार दिन पूर्व शराब ठेकेदारों की एक गुपचुप बैठक बुलाई और ठेकेदारों से सुविधा शुल्क की डिमांड रखी तो ठेकेदार बिफर गए। सूत्रों का कहना है कि ठेकेदारों ने दो टूक शब्दों में कह दिए कि एमआरपी से अधिक रेट पर यदि शराब नहीं बिकी तो ठेकेदारों का ही खर्चा नहीं निकल पायेगा तो सुविधा शुल्क कहा से लायेंगे। यहां बता दे कि आबकारी विभाग में मासिक नजराने को सुविधा शुल्क से संबोधित किया जाता है। सूत्रों की मानें तो ठेकेदारों को विभाग की तरफ से आश्वस्त किया है कि बड़े साहब की कुर्सी हिलते ही शराब के रेट बढ़ावा दिए जायेंगे। यहां तक कहा गया कि देशी में 5 रुपए और अंग्रेजी में 10 रुपए की वृद्धि करा दी जायेगी। इस पर ठेकेरदारों ने कहा कि जब रेट बढ़ेंगे तब सुविधा शुल्क भी शुरु कर दिया जाएगा। यह बात भी बैठक में आई थी कि जबतक ओवर रेटिंग की अवधि चली तब तक की सुविधा शुल्क अदा कर दिया जाए।

सूत्रों की मानें तो बैठक में ठेकेदारों को दो टूक हिदायत दे दी गई है कि एमआरपी पर बेचे या कम पर बेचे या एमआरपी से ऊपर बेचे पर सुविधा शुल्क समय पर आना चाहिए। इस हिदायत पर जिले के ठेकेदार बिफर पड़े और उन्होंने भी दो टूक कह दिया कि बात अब उनकी हद से बाहर जा चुकी हैं जिले में लगातार स्टिंग ऑपरेशन और शराब खरीदारों की शिकायतों के चलते ठेकेदारों ने निर्णय लिया हैं कि वे एमआरपी पर ही शराब विक्रय करेंगे और यदि नियमानुसार शराब विक्रय करते हैं तो सुविधा शुल्क (नजराना) का सवाल ही नहीं उठता। आबकारी विभाग के सूत्रों की मानें तो इस पर आबकारी विभाग के साहब झल्ला गए और सुविधा शुल्क की मांग पर अड़े तो ठेकेदारों ने स्पष्ट किया कि एमआरपी की चिंगारी जिले तक न सीमित रह कर अब समूचे प्रदेश में फैलने लगी हैं और अब एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब बेचकर वे आफत मोल नहीं लेना चाहते। गिनती के ठेकेदार जहां बड़े साहब को सुविधा शुल्क देने तैयार नजर आए वहीं बड़ी संख्या में सिंडिकेट के ठेकेदार अब साहब को सुविधा शुल्क देने के पक्ष में नजर नहीं आए। जिससे साहब का पारा चढ़ गया और नौबत तू-तड़ाक तक आ गई। ठेकेदारों ने स्पष्ट किया कि जब ओवर रेटिंग शहर ही नहीं पूरे प्रदेश में नहीं चल पा रही हैं तो ऐसे में वे क्या किसी जिले के ठेकेदार सुविधा शुल्क देने की स्थिति में नहीं हैं। किसी तरह विभागीय कर्मियों और एक दो बड़े ठेकेदारों के हस्तक्षेप के बाद ठेकेदारों की इस क्लास पर विराम लग पाया।

### मीडिया से ये कैसा परहेज

विभागीय सूत्रों के अनुसार आबकारी विभाग के बड़े साहब इन दिनों खिसियानी बिल्ली जैसी मुद्रा में हैं। ठेकेदारों से ही नहीं बल्कि मीडिया कर्मियों से भी नाराज नजर आ रहे हैं। साहब ने आनन-फानन में अपने कार्यालय के बाहर एक बोर्ड भी चस्पा करा लिया हैं कि जो भी मीडियाकर्मी उनसे चर्चा करना चाह रहे हैं वे उनके अधीनस्थ अधिकारी से संपर्क कर प्रतिक्रिया ले सकते हैं। साहब के इस रवैये से कई मीडियाकर्मियों में नाराजगी नजर आ रही हैं। कई बोर्ड की फोटो लेकर साहब को लपेटने की तैयारी में जुट गए हैं तो कई खबर नवीसों ने फोटो सबसे बड़े साहब को भी प्रेषित कर दी हैं।

## सीबीआई जांच में फेल सहित अपात्र कॉलेज रडार पर

# नर्सिंग कॉलेजों का होगा फिजिकल सत्यापन

**जबलपुर**। मप्र सरकार ने नर्सिंग शिक्षा की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा ने सभी जिला दंडाधिकारियों को पत्र लिखकर शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए आवेदन करने वाली नई नर्सिंग संस्थाओं, सीबीआई व उच्च न्यायालय द्वारा डिफिशिएंट (कमी वाली) व अन सूटेबल (अनुपयुक्त) पाई गई संस्थाओं, और सीबीआई जांच से बची हुई संस्थाओं का फिजिकल सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं। यह निरीक्षण 30 जून 2025 तक अनिवार्य रूप से पूरा करना होगा।



विभाग ने पत्र में बताया है कि पूर्व में कई निरीक्षणों के दौरान नर्सिंग कॉलेजों द्वारा फर्जी दस्तावेज उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अलावा, कई कॉलेज दूरस्थ इलाकों में स्थापित पाए गए हैं, जिससे निरीक्षण दलों को उन्हें ढूंढने और वहां तक पहुंचने में कठिनाई होती है। न्यायालय द्वारा भी इस संबंध में समय-समय पर निर्देश दिए गए हैं, जिसके मद्देनजर इन निरीक्षणों को समय-सीमा में पूरा करना अनिवार्य है।

### निरीक्षण के लिए गठित होंगी संयुक्त टीमें

इस बार निरीक्षण की प्रक्रिया को अधिक विश्वसनीय और न्यायसंगत बनाने के लिए निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक जिले में स्वास्थ्य विभाग से चिकित्सक, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी और राजस्व विभाग से स्ष्ठरू/तहसीलदार की संयुक्त निरीक्षण समिति गठित की जाए। यह टीम तय प्रारूप के अनुसार हर एक संस्थान का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार करेगी।

## आरोपी पत्नी गिरफ्तार

# पति की हत्या कर तालाब में फेका

**जबलपुर**। अधारताल तालाब में रहस्यमय परिस्थितियों में एक युवक का शव मिलने की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली हैं। पीएम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर हुई विवेचना में पुलिस ने पाया कि युवक के साथ उसकी पत्नी ने ही मारपीट कर न सिर्फ मौत के घाट उतारा बल्कि साक्ष्य छिपाने के इरादे से अपने पति का शव तालाब के गहरे पानी में फेंक दिया। मर्ग जांच के बाद पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं।

टीआई अधारताल प्रवीण कुमरे ने बताया कि 17 जून को अधारताल तालाब में एक व्यक्ति के डूबने की सूचना मिली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को मृतक के परिजन नेहरु नगर कंचनपुर निवासी 67 वर्षीय रज्जन लाल कोल ने बताया कि उसके बड़े साढू नंदू गोटिया का लड़का नेहरु नगर कंचनपुर निवासी 35 वर्षीय अरविन्द उर्फ रिंकू गोंटिया 15 जून की सुबह लगभग 8 बजे घर से टिफिन लेकर निकला था। जो घर वापस नहीं आया। 17 जून की सुबह लगभग 10 बजे सूचना मिली कि रिंकू का शव तालाब के पानी में उतरा रहा हैं। सूचना पर श्री कोल तालाब के पास पहुंचे तो देखा रिंकू का शव तालाब की मेड़ पर निकालकर रखा गया था। प्रारंभिक तौर पर ऐसा लगा कि अरविन्द उर्फ रिंकू की मृत्यु तालाब में डूबने से प्रतीत होती है। पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर प्रकरण जांच में लिया गया। जांच के दौरान मृतक के परिजनों एवं साथियों के कथन लिए गए। साक्षियों ने अपने कथनों में बताया कि अरविन्द उर्फ रिंकू एवं उसकी पत्नी गनेशी बाई के बीच घटना वाले दिन तालाब के किनारे मारपीट हुई और मारपीट में मृत्यु हो जाने पर आरोपी पत्नी गनेशी बाई ने पति अरविंद को तालाब में गहरे पानी तरफ ढकेल दिया। इसके साथ ही मृतक की पीएम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण तालाब में डूबना नहीं बल्कि सिर में कठोर वस्तु से आई अंदरूनी चोट के कारण होना सामने आया। पीएम रिपोर्ट एवं कथनो के आधार पर सम्पूर्ण मर्ग जांच में आरोपी पत्नि गनेशी बाई द्वारा पहले अपने पति अरविंद गोंटिया उर्फ रिंकू से मारपीट कर सिर में चोट पहुंचाई गई जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद साक्ष्य छिपाने की नीयत से आरोपी पत्नी गनेशी बाई द्वारा अरविंद के शव को तालाब के गहरे पानी में ढकेल दिया गया। इन तथ्यों के आधार पर आरोपी पत्नी गनेशी बाई के विरूद्ध धारा 103(1), 238 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी मूलतः ग्राम झरनि, थाना कुंडम एवं वर्तमान में वर्तमान पता दुर्गा मंदिर के पास अधारताल तालाब निवासी 36 वर्षीय गनेशी बाई को अभिरक्षा में लेते हुये पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी गनेशी बाई ने स्वीकारा कि उसने अपने पति अरविन्द उर्फ रिंकू गोंटिया पर पत्थर से हमला कर सिर में मारकर चोट पहुंचाई और पानी में ढकेल दिया। आरोपिया गनेशी बाई को प्रकरण में विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल निरूद्ध कराया गया।

# शोभापुर में बदमाशों ने मचाया तांडव

**जबलपुर**। रांझी थाना अतंर्गत पुराना शोभापुर में एक युवक के घर के पीछे बैठकर शराब पी रहे चार बदमाशों ने युवक से शराब पीने के लिए रुपए की मांग कर गालीगलौज कर युवक के घर के बाहर रखे वाहनों में तोड़फोड़ कर बुलेट में आग लगा दी। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुराना शोभापुर निवासी 27 वर्षीय मोइनुद्दीन उर्फ मोनू के घर के पीछे देर रात लगभग 2 बजे मोहल्ले के प्रवीण रजक, देवू अन्ना, अरूण पटैल तथा एक अन्य बैठकर शराब पी रहे थे जो उससे शराब पीने के लिये 3 हजार रूपये की मांग करने लगे, उसने पैसे देने से मना किया तो सभी उसके साथ गाली गलौज कर उसके घर के पास खड़ी टाटा इंडिगो कार एमपी 20 सीई 8315 में लोहे की रॉड एवं लाठी से हमला कर तोड़फोड़ कर दी जिससे उसे लगभग 20 हजार रूपये का नुकसान हो गया उसके बाद चारों ने फिरोज खान की बुलेट मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन यू 8152 में आग लगा दी, जिससे बुलट मोटर सायकल जल गई जिससे लगभग 80 से 90 हजार रूपये का नुकसान हो गया।

## विजयनगर, रांझी और गोरखपुर में वारदातें

# मारपीट की वारदात में 2 युवक और 1 वृद्ध घायल

**जबलपुर**। विजयनगर, रांझी और गोरखपुर में मारपीट की तीन वारदातें सामने आई हैं। मारपीट की इस वारदात में दो युवक व एक वृद्ध घायल हो गए है। वृद्ध को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विजयनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुभम ट्रेडर्स के सामने मदर टेरेसा नगर माढ़ोताल निवासी 28 वर्षीय गुलाब शाह गत दिवस विनोद झारिया ठेकेदार के साथ लेंटर का करवाने उड़ना गया था। गुलाब शाह लेंटर डाल कर दीनदयाल चौक मजदूरी का पैसा लेने गया था और अरूण सोनी के अंडा के ठेले के पास खड़ा था तभी राकेश मरावी आया और पुरानी रंजिश पर गाली गलोज करते हुये शराब पीने के लिये 500 रूपये की मांग करने लगा, रूपये देने एवं गालियां देने से मना करने पर राकेश मरावी ने चाकू से उसकी कमर पर हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 119(1), 351(2), बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

इसी तरह रांझी में कांचीपुरम कालोनी रांझी निवासी 65 वर्षीय इतवारी लाल बिरहा गत रात लगभग 10.30 बजे अपने घर पर था तभी उसका बेटा विक्की बिरहा उससे शराब पीने के लिए 5 हजार रुपए की मांग करने लगा, रुपए देने से मना करने पर गालीगलौज कर घर के बाहर पड़े चीप के टुकड़ा उठाकर उसके पैर पर पटक दिया औश्र जान से मारने की धमकी दी। घायल वृद्ध को उपचार के लिए सिविल अस्पताल रांझी में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296 , 119(1), 351(2), बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

इसी प्रकार गोरखपुर में सेठीनगर गुप्तेश्वर निवासी 35 वर्षीय सत्यपाल जायसवाल गत रात लगभग 8.30 बजे अपनी किराना दुकान से अपने घर जा रहा था तभी पड़ोसी हीरालाल जायसवाल अपनी पत्नी रामवती के साथ लड़ाई झगड़ा कर रहा था, उसे देखकर हीरालाल की पत्नी ने उसे रोका और समझाने को कहा, तो वह हीरालाल को समझाने लगा, इसी बात पर हीरालाल जायसवाल उसके साथ गाली गलौज करते हुये शराब पीने के लिये 500 रूपये की मांग करने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो गाली गलौज करते हुये डंडा हमला कर उसके हाथ तथा पीठ में चोटें पहुंचा दी तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119, 115(2), 351(3), बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240